राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक- 128
लखनऊ, गुरुवार 08 जनवरी 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- रू 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



भारत की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं का विश्व स्तर पर प्रचार-प्रसार समय की मांग 03

मेला रामनगरिया में 10 जनवरी को विकास प्रदर्शनी का होगा शुभारंभ 10

**-: सर्राफा बाजार भाव :-**

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,38,820/ |
| 22 कैरेट | = | 1,27,250/ |
| 18 कैरेट | = | 1,04,120/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 2,57,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

### मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश ने जर्मन राजदूत से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त और इंटरनेशनल आईडिया के चेयरपर्सन ज्ञानेश कुमार ने बुधवार को निर्वाचन सदन दिल्ली में जर्मनी के भारत में राजदूत डॉ. फिलिप एकरमैन से मुलाकात की। यह मुलाकात दोनों देशों के बीच लोकतंत्र, चुनावी प्रक्रियाओं और संस्थागत सहयोग को मजबूत करने के संदर्भ में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। भारतीय चुनाव आयोग के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल से साझा की गई तस्वीरों में दोनों नेता हाथ मिलाते और चर्चा करते नजर आ रहे हैं।

### गोल्ड मेडलिस्ट जिन्सन जॉनसन ने लिया संन्यास

**नयी दिल्ली।** एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और भारतीय धावक जिन्सन जॉनसन ने बुधवार को संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि 15 वर्षों के करियर के बाद अब कुछ नया करने का समय आ गया है। केरल के इस 34 वर्षीय एथलीट ने कहा कि उनका सफ़र 'मुश्किल ट्रेनिंग, संघर्षों और दर्दनाक चोटों' से भरा रहा। जॉनसन ने अक्टूबर 2023 में हांग्झोउ एशियाई खेलों में 1500 मीटर में कांस्य पदक जीतने के बाद से किसी प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया है। उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ क्षण 2018 जकार्ता एशियाई खेलों में 1500 मीटर में तीन मिनट 44.72 सेकेंड के समय से स्वर्ण पदक जीतना रहा। खेलों में उन्होंने 800 मीटर में रजत पदक भी जीता था।

### भाजपा के वरिष्ठ नेता कबींद्र पुरकायस्थ का निधन

**सिलचर ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कबींद्र पुरकायस्थ का आज यहां निधन हो गया। वह 95 वर्ष के थे। वह पिछले कुछ समय से बीमार थे और उनका उपचार सिलचर मेडिकल कॉलेज में चल रहा था जहां बुधवार शाम करीब पांच बजे उनका निधन हो गया। लखीमपुर के सांसद प्रधान बरुवा और असम सरकार के शिक्षा मंत्री रनोज पेगुई ने 'एक्स' पर यह जानकारी साझा की। वरिष्ठ भाजपा नेता के निधन की खबर मिलते ही विभिन्न राजनीतिक नेता-कर्मियों के अलावा शुभचिंतक सिलचर मेडिकल कॉलेज में इकट्ठा हो गए हैं।

### यूपी ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक व चपरासी रिश्वत लेते गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में मखौदा धाम स्थित उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा के प्रबंधक और बैंक के चपरासी को 10 हजार रुपये की घूस लेते रंगें हाथों गिरफ्तार किया। सीबीआई के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों के नाम शाखा प्रबंधक नवीन सिंह कुलदीप और चपरासी अनिल कुमार हैं। एजेंसी ने यह मामला 5 जनवरी को दर्ज एक शिकायत के आधार पर किया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि उसने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत 5 लाख रुपये का ऋण आवेदन किया था।

## भारत होगा और ताकतवर, इसरो अंतरिक्ष में भेजेगा पीएसएलवी-सी 62 मिशन

एजेंसी

▶ मिशन 18 उपग्रहों को भी कक्षा में करेगा स्थापित

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 12 जनवरी को पूर्वाह्न 10.17 बजे श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) के शार रेंज से पीएसएलवी-सी62 मिशन अंतरिक्ष में भेजेगा।

इसरो ने एक्स पर एक पोस्ट में घोषणा की, पीएसएलवी-सी62 मिशन का प्रक्षेपण 12 जनवरी 2026 को पूर्वाह्न 10. 17 बजे सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के शार रेंज से निर्धारित है। पीएसएलवी सी-62 भारत के भरोसेमंद श्पोलर सेटेलाइट लॉन्च व्हीकल की 64वीं उड़ान होगी। यह मिशन प्राथमिक पेलोड के रूप में ईओएस-एन1 को ले जाएगा, जो रणनीतिक उद्देश्यों के लिए रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन द्वारा विकसित एक अर्थ ऑब्जर्वेशन इमेजिंग सेटेलाइट है। ईओएस-एन1 के अलावा, यह अभियान 25 किलोग्राम के फुटबॉल के आकार के एक केस्ट्रेल इनिशियल डिमॉन्स्ट्रेटर को भी ले जाएग, जिसे स्पेन स्थित स्टार्टअप ऑर्बिटल डिमॉन्स्ट्रेटर द्वारा विकसित किया गया है। यह मिशन साथ ही लगभग 18 उपग्रहों को भी कक्षा में स्थापित करेगा, जिनका कुल वजन 200 किलोग्राम है।

## 31 जनवरी तक संपत्ति घोषित न करने पर रुकेगा वेतन और प्रमोशन

▶ लोक सेवकों की संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करना भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की दिशा में बड़ा कदम



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने राज्य के करीब 14 लाख सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों को कड़ा संदेश दिया है।

शासन के नए आदेश के अनुसार, सभी श्रेणियों के कर्मियों को 31 जनवरी तक मानव संपदा पोर्टल पर अपनी चल-अचल संपत्ति का पूरा विवरण अपलोड करना होगा। जो कर्मचारी आदेश की अनदेखी करेंगे, उन्हें न केवल आर्थिक नुकसान झेलना होगा बल्कि उनके करियर की प्रगति पर भी ब्रेक लग जाएगा।

सरकार का मानना है कि लोक सेवकों द्वारा अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करना भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इससे पहले भी कई बार निर्देश जारी किए गए थे, लेकिन बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने पोर्टल पर डेटा अपडेट नहीं किया था।

यह विवरण न केवल कर्मचारी के नाम पर बल्कि उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर मौजूद संपत्ति के लिए भी लागू होगा। तकनीकी बाधा दूर करने के लिए एनआईसी और आईटी विभाग को पोर्टल अपडेट रखने के निर्देश दिए गए हैं। नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं जो यह सुनिश्चित करेंगे कि कर्मचारियों को डेटा फीड करने में कोई समस्या न आए। सर्वर की समस्याओं से बचने के लिए कर्मचारियों को जल्द से जल्द प्रक्रिया पूरी करने की सलाह दी गई है।

### मातहतों से समय सीमा के भीतर डेटा फीडिंग के निर्देश

**बिना संपत्ति के विवरण के एससीआर को माना जाएगा अधूरा**

मुख्य सचिव ने विभागाध्यक्षों को सख्त हिदायत दी है कि वे मातहतों से समय सीमा के भीतर डेटा फीडिंग सुनिश्चित कराएं, ताकि सरकारी कामकाज में जवाबदेही तय की जा सके। सरकार का रुख काफी सख्त है। 31 जनवरी की समय सीमा बीतने के बाद, पोर्टल पर विवरण न देने वाले कर्मचारियों का फरवरी माह का वेतन जारी नहीं किया जायेगा। ऐसे कर्मचारियों को विभाग में मिलने वाली किसी भी पदोन्नति या भविष्य के लाभों के लिए पात्र नहीं माना जाएगा। शासन ने साफ कर दिया है कि बिना संपत्ति के विवरण के एससीआर को अधूरा माना जाएगा। कर्मचारियों को मानव संपदा पोर्टल पर लॉगिन करके दो तरह के विवरण देने होंगे। चल संपत्ति के अंतर्गत उन्हें अपने बैंक बैलेंस, गहने, वाहन और अन्य निवेशों की जानकारी देनी होगी, जबकि अचल संपत्ति में जमीन, मकान, प्लॉट या किसी भी प्रकार की व्यावसायिक संपत्ति का ब्योरा देना अनिवार्य है।

# असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा निरस्त

**एसटीएफ को मिली थी धांधली की सूचना, गिरफ्तार तीन लोगों में एक तत्कालीन आयोग अध्यक्ष का गोपनीय सहायक**

▶ मुख्यमंत्री ने दिए पारदर्शी ढंग से जल्द परीक्षा कराने के निर्देश

समृद्धि न्यूज



**16 और 17 अप्रैल 2025 को हुई थी परीक्षा**

यूपी सरकार ने 16 और 17 अप्रैल को असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा का आयोजन कराया था, जिसे रद्द कर दिया गया है। इस भर्ती परीक्षा के लिए करीब 1.14 लाख उम्मीदवारों ने आवेदन किया था। परीक्षा के तुरंत बाद कुछ केंद्रों से अनियमितताओं की शिकायतें मिलीं। इसके बाद मामले की जांच शुरू की गई, जिसमें पेपर लीक और अवैध तरीके से उम्मीदवारों को फायदा पहुंचाने के संकेत मिले. जिसके बाद इसे अब रद्द किया गया है।

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने बुधवार को बड़ा निर्णय लेते हुए उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा निरस्त कर दी है। एसटीएफ की जांच रिपोर्ट में अनियमितताओं की जानकारी सामने आने बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा को निरस्त करते हुए आयोग को जल्द पारदर्शी तरीके से पुनः परीक्षा आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज ने विज्ञापन संख्या-51 के अंतर्गत असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए 16 व 17 अप्रैल 2025 को अप्रैल 2025 में आयोजित की थी। इस परीक्षा के संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार को अनियमितताओं व धांधली और अवैध धन वसूली से जुड़ी शिकायतें मिली थीं। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री ने पूरे मामले की गोपनीय जाँच के आदेश दिए थे। इसके बाद 20 अप्रैल 2025 को एसटीएफ उप्र ने असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा का फर्जी प्रश्नपत्र बनाकर अभ्यर्थियों से ठगी करने में महबूब अली, बैजनाथ पाल एवं विनय पाल को गिरफ्तार किया था। इसके बाद जाँच की निष्पक्षता एवं गोपनीयता सुनिश्चित रखने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज की तत्कालीन अध्यक्ष कीर्ति पांडेय से इस्तीफा ले लिया गया था। एक आरोपित महबूब अली तत्कालीन आयोग अध्यक्ष कीर्ति का गोपनीय सहायक था। पूछताछ के दौरान आरोपित महबूब अली ने स्वीकार किया कि उसने मॉडरेशन प्रक्रिया के दौरान ही विभिन्न विषयों के प्रश्न पत्र निकाल लिए थे, जिन्हें उसने कई अभ्यर्थियों को विभिन्न माध्यमों से धन लेकर उपलब्ध कराया था।

**जल्द आएगी नई परीक्षा तिथि**

नई परीक्षा डेट्स को लेकर भी जल्द जानकारी दी जाएगी। आयोग को कहा गया है कि वह सभी जरूरी तैयारियां पूरी करने के बाद नई डेट की घोषणा करे। इस फैसले से जहां एक ओर अभ्यर्थियों को झटका लगा है, वहीं दूसरी ओर कई छात्रों ने सरकार के इस कदम का समर्थन भी किया है। उनका कहना है कि अगर परीक्षा में गड़बड़ी हुई है, तो उसे रद करना ही सही फैसला है।

आरोपित महबूब की स्वीकारोक्ति की एसटीएफ ने गहन विवेचना एवं डेटा एनालिसिस से पुष्टि हुई है। जानकारी के अनुसार जांच के दौरान गिरफ्तार आरोपितों तथा उनसे संबंधित अभ्यर्थियों के मोबाइल नंबरों का डाटा विश्लेषण एवं मुखबिर तंत्र से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर कुछ अन्य व्यक्तियों के नाम एवं मोबाइल नंबर भी प्रकाश में आए। आयोग को पत्र लिखकर संदिग्ध अभ्यर्थियों का डाटा मांगा गया। डाटा के मिलान में यह तथ्य सामने आया कि उक्त परीक्षा की शुचिता भंग हुई है। इसी आधार पर मुख्यमंत्री योगी ने असिस्टेंट प्रोफेसर की परीक्षा को निरस्त करने के आदेश दिए।

### सरकारी दफ्तरों की रेकी करते खालिस्तान कमांडो फोर्स के दो गुर्गे गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने लुधियाना में सरकारी दफ्तरों की रेकी करते हुए खालिस्तान कमांडो फोर्स के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह किसी सरकारी दफ्तर में बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। पिछले साल अगस्त माह में सरकारी दफ्तरों में हमले का इनपुट मिलने के बाद से सक्रिय सुरक्षा एजेंसियों और जिला पुलिस ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध कर दिए थे। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बुधवार को बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल ने काउंटर इंटेलिजेंस लुधियाना के साथ मिलकर खालिस्तान कमांडो फोर्स के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। दोनों विदेशी हैंडलरों के निर्देशों पर टारगेट किलिंग की योजना बना रहे थे। इनके कब्जे से एक 9 एमएम पिस्टल और 5 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। डीजीपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित यूके और जर्मनी में स्थित हैंडलरों के संपर्क में थे, जो खालिस्तान कमांडो फोर्स से जुड़े हुए हैं। उनके निर्देशों पर दोनों आरोपितों ने साजिश के तहत लुधियाना में सरकारी और प्रमुख कार्यालयों की रेकी की थी।

## एरा अस्पताल के डॉक्टरों ने सर्जरी के दौरान मरीज के पेट में छोड़ा औजार

समृद्धि न्यूज

▶ न्यायालय के आदेश के बाद एरा हॉस्पिटल के 15 डॉक्टरों पर थाना ठाकुरगंज में एफआईआर दर्ज

**लखनऊ।** राजधानी के निजी क्षेत्र के एरा मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में डॉक्टरों की घोर लापरवाही का हैरान कर देने वाला सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां करीब ढाई साल पहले सर्जरी के दौरान एक महिला के पेट में सर्जिकल औजार छोड़ दिए गये। एल्डेको सिटी आईआईएम क्रॉसिंग निवासी पीड़िता रूप सिंह करीब ढाई से तीन साल तक असहनीय दर्द से जूझती रही, लेकिन इलाज के नाम पर उसे केवल पेन किलर दिए जाते रहे। कोर्ट के आदेश पर 15 डॉक्टरों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

पीड़िता रूप सिंह पत्नी होशियार सिंह का आरोप है कि फरवरी 2023 में एरा मेडिकल कॉलेज में उनकी सर्जरी की गई थी। ऑपरेशन के बाद से ही उन्हें लगातार पेट में तेज दर्द होने लगा। पीड़िता का कहना है कि वह बार-बार अस्पताल जाती रहीं, लेकिन डॉक्टरों ने दर्द की असली वजह जानने के बजाय दवाइयां देकर घर भेज दिया। इस दौरान इलाज के नाम पर करीब पांच लाख रुपये खर्च हो गए। दर्द असहनीय होने पर 2 अगस्त 2025 को एरा अस्पताल में अल्ट्रासाउंड कराया गया, जिसमें डॉक्टरों ने एपेंडिसाइटिस बताकर तत्काल ऑपरेशन कराने की सलाह दी। परंतु पीड़िता ने 8 और 9 अगस्त 2025 को चरक अस्पताल में सीटी स्कैन कराया। रिपोर्ट में पेट के अंदर सर्जिकल औजार होने की पुष्टि हुई। 20 अगस्त 2025 को चरक अस्पताल में ऑपरेशन कर पेट से सर्जिकल औजार निकाला गया। डिस्चार्ज समरी में इसका स्पष्ट उल्लेख किया गया है।

**डॉक्टरों ने जानबूझकर गलत रिपोर्ट की तैयार**

पीड़िता का आरोप है कि एरा अस्पताल में किए गए अल्ट्रासाउंड में भी औजार दिखाई दिया था, लेकिन डॉक्टरों ने जानबूझकर गलत रिपोर्ट तैयार कर सच्चाई छिपाई। पीड़िता ने 27 और 28 अगस्त 2025 को पुलिस आयुक्त सहित संबंधित थानों में शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। कोर्ट के आदेश पर एरा मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के 15 डॉक्टरों के खिलाफलापरवाही और धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। ठाकुरगंज थाना इंस्पेक्टर के अनुसार मामले की जांच की जा रही है।

### पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बनें न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू

**पटना।** पटना उच्च न्यायालय के नव नियुक्त मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू को बुधवार को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने बिहार लोक भवन में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू पटना उच्च न्यायालय के 47वें मुख्य न्यायाधीश बन गए। शपथग्रहण के बाद न्यायमूर्ति साहू ने औपचारिक रूप से मुख्य न्यायाधीश का कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने पूर्व मुख्य न्यायाधीश पी.बी. बजंथ्री के सेवानिवृत्त होने के बाद यह जिम्मेदारी ग्रहण की। इससे पहले पटना उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति सुधीर सिंह कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश के रूप में दायित्व निभा रहे थे।

## मोदी व नेतन्याहू ने रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने व गाजा शांति पर की बात

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ भारत-इजरायल रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के तरीकों और गाजा शांति योजना पर चर्चा की।

बातचीत के बाद श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, मुझे अपने मित्र, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात करके और उन्हें तथा इज़राइल के लोगों को नववर्ष की शुभकामनाएं देकर प्रसन्नता हुई। हमने आने वाले वर्ष में भारत-इज़राइल रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। हमने क्षेत्रीय स्थिति पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया और आतंकवाद के खिलाफ और अधिक दृढ़ संकल्प के साथ लड़ने के अपने साझा संकल्प की एक बार फिर पुष्टि की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि श्री नेतन्याहू ने श्री मोदी के साथ बातचीत के लिए टेलीफोन किया था। उन्होंने साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, गहरे आपसी विश्वास और दूरदर्शी दृष्टिकोण के मार्गदर्शन में आने वाले वर्ष में भारत-इज़राइल रणनीतिक साझेदारी को और सुदृढ़ करने के लिए साझा प्राथमिकताओं की पहचान की। उन्होंने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति को दोहराया।

### सीआईके ने कश्मीर में 22 जगहों पर की छापेमारी 22 लोग हिरासत में

**श्रीनगर।** संगठित साइबर अपराध और आतंकवाद वित्तपोषण से इसके भयावह संबंधों पर करारा प्रहार करते हुए काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर ने साइबर धोखाधड़ी, अवैध ऑनलाइन गेमिंग, सट्टेबाजी रैकेट और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों से प्राप्त धन को आतंकवाद के लिए संचालित होने वाले एक व्यापक आपराधिक नेटवर्क पर अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। सीआईके द्वारा जारी एक बयान के अनुसार विश्वसनीय और विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है। परिष्कृत व सुस्थापित वित्तीय अपराध गिरोह का पर्दाफाश हुआ है जो राष्ट्रीय आर्थिक सुरक्षा और डिजिटल सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है।

## उत्तर भारत में ठंड का टॉर्चर, दिल्ली से बिहार तक विजिबिलिटी जीरो, 21 शहरों में शीतलहर का अलर्ट

समृद्धि न्यूज



मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों में दक्षिण भारत के तीन क्षेत्रों केरल, तमिलनाडु और अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में हल्की से मध्यम वर्षा का पूर्वानुमान जारी किया है। मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। इन राज्यों में बारिश से तापमान में 2-3 डिग्री की और गिरावट आएगी। उधर, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊपरी हिस्सों में हाल ही में हुई बारिश के बाद फिलहाल उत्तर भारत में वर्षा की कोई बड़ी संभावना नहीं है।

**लखनऊ।** उत्तर भारत इन दिनों कड़ाके की सर्दी की चपेट में है। दिल्ली-एनसीआर से बिहार तक घने कोहरे ने पूरी पट्टी को ढक रखा है, जिससे सड़कों पर दृश्यता लगभग शून्य हो गई है। सुबह के समय ऐसा लगता है जैसे शहर बादलों में खो गया हो। हिमालय से आने वाली ठंडी हवाओं ने मैदानी क्षेत्रों में कंपकंपी छा दी है।

भारतीय मौसम विभाग ने उत्तर भारत के 21 प्रमुख शहरों में गंभीर शीतलहर की चेतावनी जारी की है। इनमें उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, अयोध्या, कानपुर, लखनऊ, रायबरेली, बिजनौर, आगरा, टुंडला और मुजफ्फरनगर जैसे शहर शामिल हैं। पहाड़ी इलाकों में भी ठंड का प्रकोप जारी रहेगा।

वहीं, कोलकाता में मंगलवार को इस जनवरी का सबसे कम न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिल्ली में 8 जनवरी को सुबह से दोपहर 11 बजे तक खतरनाक शीतलहर की आशंका है। यहां का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क सकता है।

**निरीक्षण**

**सीएम योगी ने किया दो रैन बसेरों का निरीक्षण, जरुरतमंदों में वितरित किया कंबल और भोजन**

# फुटपाथ-पटरियों पर सोने वालों के लिए बनाए गए रैन बसेरे

▶ शीतलहर से जनता को बचाने के लिए उपलब्ध कराई गई पर्याप्त धनराशि

समृद्धि न्यूज



**स्वयंसेवी संगठन और धर्मार्थ संस्थाएं भी आगे आएं**

मुख्यमंत्री ने स्वयंसेवी संगठनों और धर्मार्थ संस्थाओं से भी अपील की है कि वे शीतलहर में लोगों की सहायता के लिए आगे आएं। जरूरतमंदों में कंबल और ऊनी वस्त्रों के वितरण का आह्वान करते हुए कहा कि यह पुण्य और धर्मार्थ का कार्य है। रैन बसेरों के निरीक्षण और कंबल वितरण के दौरान महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह, भाजपा के महानगर संयोजक राजेश गुप्ता, स्थानीय पार्षद आदि उपस्थित रहे।

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को गोरखपुर महानगर में दो अस्थायी रैन बसेरों (बरगदवा व रासीनगर) का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं की पड़ताल की। इस अवसर पर उन्होंने रैन बसेरे में ठहरे लोगों और रैन बसेरों के बाहर जरूरतमंदों में कंबल व भोजन का भी वितरण किया। निरीक्षण और कंबल वितरण के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में जिला प्रशासन और नगर निगम, नगर निकाय-स्थानीय निकायों के प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी व्यक्ति खुले में, फुटपाथ या पटरियों पर न सोए। उसे रैन बसेरों में उचित व्यवस्था के साथ रहने का सम्मानजनक ठौर दिया जाए। उन्होंने बताया कि जनता को भीषण शीतलहर से बचाने के लिए सभी जिलों में जिला प्रशासन को पर्याप्त धनराशि दी गई है। गोरखपुर दौरे पर आए सीएम ने बरगदवा और रासीनगर स्थित अस्थायी रैन बसेरे का निरीक्षण किया।

### जिला प्रशासन को युद्ध स्तर पर कदम उठाने के निर्देश

रैन बसेरों का निरीक्षण करने के बाद मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि वर्तमान समय में भीषण शीतलहर का प्रकोप है। लोगों को इससे बचाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा सभी जिला प्रशासन को युद्ध स्तर पर कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। हर जिले में व्यापक पैमाने पर रन रैन बसेरों का संचालन करने, जरूरतमंदों में कंबल व ऊनी वस्त्रों का वितरण करने तथा सार्वजनिक स्थानों पर पर्याप्त संख्या में अलाव जलाने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि गोरखपुर महानगर में 19 रैन बसेरे संचालित हो रहे हैं, जिनमें एक हजार जरूरतमंद या फुटपाथ-पटरियों पर सोने को मजबूर लोगों के रहने के लिए अस्थायी तौर पर व्यवस्था की गई है। सभी रैन बसेरे सुरक्षित हैं और व्यवस्थित तरीके से संचालित हो रहे हैं।

### देशभर में 50 हजार से अधिक स्वास्थ्य संस्थानों को एनक्यूएएस का प्रमाणन

**नई दिल्ली।** देश के सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। देशभर में 50,000 से अधिक स्वास्थ्य संस्थानों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक का प्रमाणन मिल चुका है। 31 दिसंबर 2025 तक कुल 50,373 सरकारी स्वास्थ्य केंद्र और अस्पताल इस मानक पर खरे उतर चुके हैं। यह मानक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा बनाया गया है, ताकि मरीजों को बेहतर, सुरक्षित और भरोसेमंद इलाज मिल सके। बुधवार को जारी की गई जानकारी के मुताबिक यह उपलब्धि खासतौर पर गरीब, कमजोर और दूरदराज़ के लोगों के लिए अच्छी स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा कदम है।

## सरकार मनरेगा को खत्म करने की बना रही गोपनीय साजिश : अखिलेश

समृद्धि न्यूज



**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि मनरेगा का नाम बदलने की कोशिश इस प्रमुख ग्रामीण रोजगार योजना को धीरे-धीरे खत्म करने की एक गोपनीय साजिश रची गयी है।

गौरतलब है कि पिछले संसदीय सत्र में पारित नया कानून - विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन -ग्रामीण (वीबी-जीरामजी) अधिनियम, 2025, मनरेगा की जगह ले रहा है। इस नए कानून के तहत ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के मजदूरी रोजगार की गारंटी दी गई है। इसका ध्यान बुनियादी ढांचे और परिसंपत्तियों के निर्माण पर है, जिसमें तकनीक का उपयोग, मजदूरी के लिए केंद्र-राज्य के बीच 60:40 का नया वित्तीय अनुपात, पारदर्शिता और पीएम गति शक्ति जैसे राष्ट्रीय लक्ष्यों से ग्रामीण कार्यों को जोड़ने का प्रावधान है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि मनरेगा एक सरकारी योजना थी, जो ग्रामीण परिवारों को प्रति वर्ष 100 दिनों के अकुशल मजदूरी कार्य की कानूनी गारंटी देती थी।

# महिला सम्बन्धी प्रकरणों का समयबद्ध हो निस्तारण : ऋतु शाही

**महिला आयोग की सदस्य ने की जनसुनवाई, किया निरीक्षण**

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



बुधवार को उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही का जनपद में आगमन हुआ। उनके आगमन पर अधिकारियों द्वारा उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अनुसार, उन्होंने सर्वप्रथम सर्किट हाउस में महिलाओं की समस्याओं की जनसुनवाई की।

इस दौरान कुल 12 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसमें से 03 प्रकरणों का तत्काल निस्तारण करा दिया गया। प्रकरणों में घरेलू विवाद, उत्पीड़न, पारिवारिक कलह एवं अन्य सामाजिक समस्याएं शामिल रहीं। आयोग की सदस्य ने सभी प्रकरणों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध व प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए तथा पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। इसके उपरांत श्रीमती शाही द्वारा विकास खण्ड झंझरी स्थित जिला ग्राम्य विकास संस्थान में चल रहे नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के 07 दिवसीय आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया गया। उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, पाठ्यक्रम एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वे शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं मातृ-शिशु देखभाल से संबंधित कार्यों को पूरी निष्ठा व जिम्मेदारी के साथ करने के लिए प्रेरित किया तथा कार्य करने के बेहतर तरीके भी बताए। इसके पश्चात आयोग की सदस्य ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र काजीदेवर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तैनात कार्मिकों की स्थिति, लैब, सैम्पल कलेक्शन कक्ष, एक्स-रे कक्ष, इमरजेंसी कक्ष, टीकाकरण स्टाल, प्रसव कक्ष, परामर्श कक्ष एवं ऑपरेशन थियेटर का गहन अवलोकन किया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के साथ-साथ साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने जिला कारागार में महिला बैरक, जिला महिला चिकित्सालय तथा वन स्टॉप सेंटर का भी निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला महिला चिकित्सालय, जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्?याण अधिकारी गौरव स्वर्णकार, जिला कार्यक्रम अधिकारी, संरक्षण अधिकारी चन्द्रमोहन वर्मा, दीपशिखा शुक्ला सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## राधे पुरवा के नाला में मिला अज्ञात युवक का शव

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम राधे पुरवा नाला में बुधवार की सुबह एक अज्ञात 40 वर्षीय युवक का शव मिला है। शव मिलने से गांव में हड़कंप मच गया। वहीं के कुछ लोगो ने इस की सूचना नगर पुलिस को दिया। मौके पर नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी जेल रोड चौकी प्रभारी सुधांशु पाठक मौके पर पहुंच गए। शव को नाला से बाहर निकलवाया गया। मृतक युवक ब्लैक कलर का स्वेटर और पैंट शर्ट पहने हुए था। लाश मिलने की सूचना पर ग्राम राधे पुरवा और आसपास के लोगो की भीड़ इकठ्ठा हो गई। तमाम लोगो की भीड़ ने शव को देखा लेकिन उस की पहचान नहीं हो पाई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा हैं।



## मिशन शक्ति तहत चलाया जागरूकता अभियान

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली देहात के प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति हो रहे -छेड़छाड़ शोषण, दहेज उत्पीड़न, बाल अपराध, एसिड अटैक सहित अन्य अपराधों के तहत,व्यापक जागरूकता अभियान एंटीरोमियो टीम के द्वारा ग्राम मुरावन पुरवा चांदपुर में चलाया गया। जिस में महिलाओं और बालिकाओं को एकत्रित कर बहु बेटी सम्मेलन आयोजित कर बालिकाओं एवं महिलाओं को मुख्यमंत्री के द्वारा शुरू किए गए मिशन शक्ति अभियान 5.0 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। महिलाओं और बालिकाओं के लिए प्रत्येक थाने पर स्थापित किए जा रहे मिशन शक्ति केंद्र के बारे में बताया गया तथा सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई।- यूपी आपातकालीन सेवा वीमेन पॉवर लाइन ,महिला हेल्पलाइन चाइल्डलाइन मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर स्वास्थ्य सेवा ,एंबुलेंस सेवा सहित आदि नंबरों के बारे में बताया गया तथा उनकी समस्याओं के बारे में पूछा गया । साइबर हेल्प लाइन नंबर के विषय में भी विस्तृत जानकारी दी गई।

## खबरें एक नजर में

### लोगों ने ग्रहण की आम आदमी पार्टी की सदस्यता



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** बुधवार को झंझरी पंचम से जिला पंचायत पद के उम्मीदवार मो0 इमरान सहित मो0 विलाल, राजबाबू, आमिर खान एवं हारुन ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। यह सदस्यता जनपद गोण्डा के जिलाध्यक्ष अजय कुमार मिश्र उर्फ 'अज्जू पण्डित' द्वारा जिला कार्यालय, गोण्डा में दिलाई गई। (पता : लखनऊ रोड, महिन्द्रा एजेन्सी के पास, गोण्डा)। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अजय कुमार मिश्र उर्फ अज्जू पण्डित ने कहा कि आम आदमी पार्टी जनपद गोण्डा में निरन्तर मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है और जनता का विश्वास पार्टी की नीतियों एवं ईमानदार राजनीति पर लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने सभी नए सदस्यों का पार्टी में स्वागत करते हुए संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला कार्यकारिणी के पंकज श्रीवास्तव जी व मनोज कुमार गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

### महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** वजीर गंज थाना क्षेत्र के जटमल पुरवा ग्राम में एक 30 वर्षीय महिला ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है। वजीर गंज थाना क्षेत्र के जटमल पुर ग्राम के निवासी माया देवी पत्नी भीम नाथ ने मंगलवार की बीती रात्रि में पंखे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया। मृतका के ससुर राम शंकर ने बताया कि उस के तीन बेटे है। सब से बड़ा बेटा भीम नाथ दिल्ली में रहता है वहीं पर एक फैक्ट्री में नौकरी करता है। उस की पत्नी माया देवी और पुत्र 8 वर्षीय रितेश घर में रहते है। माया देवी ने अपने पति भीम नाथ से मंगलवार के दिन बात किया था। किसी बात से नाराज हो गई थी।रात्रि में सभी लोगों को खाना बना कर खिलाया और सब लोग अपने अपने कमरे में सोने चले गए। सुबह जब देर तक नहीं उठी तो उस को जगाने लगे तब उस की मरने की जानकारी घर वालो को हुई। घटना की सूचना पुलिस को दिया गया । मौके पर पुलिस पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा दिया। राम शंकर ने बताया कि उस के दो पुत्र ओम प्रकाश और। जगन्नाथ घर पर ही रहते है।

### आबादी की जमीन पर छप्पर रखने को लेकर दो पक्ष भिड़े, चार घायल

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** परसपुर थाना क्षेत्र के सुसुंडा ग्राम पंचायत के रघुवीर पुरवा में आबादी की जमीन पर छप्पर रखने को लेकर दो पक्ष आपस में लाठी डंडा लोहे की रॉड लेकर भिड़ गए और जमकर मार पीट किया । जिस में उषा देवी और उन के जेठ अश्वनी पांडेय को चोट आई। घायल जिन का इलाज सी एस सी पर कराया गया है। उषा देवी ने बताया कि उस की आबादी की जमीन पर जबरन कब्जा करने को लेकर जबरदस्ती तेज प्रकाश के लोग कर रहे थे।जिस को उस के जेठ अश्वनी पांडेय ने मना कर रहे थे। इसी को लेकर उन लोगो ने लाठी डंडा से मार पीट कर बेहोश कर दिया। हल्ला गुहार की आवाज पर घर उषा देवी और दो महिलाएं भी मौके पर पहुंच गई तो उन लोगो को भी मार पीट कर घायल कर दिया गया। घटना की तहरीर उषा देवी ने परस पुर थाने पर तेज प्रकाश, रवि प्रकाश मंजू और पिंकी के खिलाफ में दिया है।

### कोतवाली उतरौला पुलिस ने टुल्लू पंप चोरी करने वाला अभियुक्त को किया गिरफ्तार, सामान बरामद



**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना कोतवाली उतरौला पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने टुल्लू पंप चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गया टुल्लू पंप बरामद किया है। बताते चलें कि वादी मुकदमा रामबोध वर्मा पुत्र बिन्द्रा प्रसाद वर्मा, निवासी ग्राम बभनपुरवा, थाना श्रीदत्तगंज, जनपद बलरामपुर द्वारा थाने पर दी गई तहरीर में बताया गया कि ग्राम सकरा पाठक में स्थित उनके मकान में अज्ञात चोर द्वारा घर में घुसकर टुल्लू पंप चोरी कर लिया गया था। तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली उतरौला में अज्ञात के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल के आसपास साक्ष्य संकलन, संदिग्धों से पूछताछ एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर अभियुक्त की पहचान की गई और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है।

### बहराइच ग्लैडिएटर्स ने आठ विकेट से जीता रोमांचक मुकाबला



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** इंदिरा गांधी स्टेडियम में बुधवार को ग्लैमरस टाइप प्रीमियर लीग में तीसरा मुकाबला बहराइच ग्लैडिएटर्स व बहराइच डेयरडेविल्स के मध्य खेला गया। जिसमे अतिथि के रूप में भाजपा महिला मोर्चा उपाध्यक्ष अभिलाषा वर्मा मौजूद रही। मुख्य अतिथि ने दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। बहराइच ग्लैडिएटर्स के कप्तान दिव्यांश सिंह ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया।निर्धारित 22 ओवरों के इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए बहराइच डेयरडेविल की टीम 7 विकेट के नुकसान पर 122 रन ही बना सकी।डेयरडेविल्स की तरफ से परवेज ने 26 , अनिल ने 24 एंव आजम ने 22 रनों का योगदान दिया। ग्लेडिएटर्स की तरफ से दिव्यांश सिंह नितिन एवं देवेंद्र ने 2-2 विकेट अपने नाम किये। 123 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए ग्लेडिएटर्स के बल्लेबाजों ने आखिरी ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 125 रन बनाकर 8 विकेट से यह मुकाबला जीत लिया। ग्लेडिएटर्स की तरफ से अमन पांडे ने नाबाद 67, एवं आर्यन ने 30 रनों का योगदान दिया। शानदार परफॉर्मेंस की वजह से अमन पांडे को मैन ऑफ द मैच, दिव्यांश सिंह को इमर्जिंग प्लेयर ऑफ़ द मैच का पुरस्कार दिया गया। मैच में निर्णायक की भूमिका में अक़ील खान व आतिफ रहे। आंखों देखा हाल आदिल ने व लाइव प्रसारण गोविंद सिंह चौहान के द्वारा किया गया। इस अवसर पर,सुनील राय, रामानंद सिंह, भूपेंद्र पांडे,रेहान खान,आयुश चित्रांश, देवाशीष राय, प्रदीप गुप्ता,आशुतोष कैराती, कार्तिकेय सिंह, सारिक,एवं अन्य खेलप्रेमी मौजूद रहे। चौथा मुकाबला बहराइच थंडर्स एवं बहराइच डेयरडेवील्स के बीच खेला जाएगा।

## पयागपुर में अतिक्रमण पर चला प्रशासन का डंडा, जाम से मिली राहत



**भविष्य में दोबारा अतिक्रमण पाए जाने पर सख्त कदम उठाए जाएंगे : एसडीएम**

**पयागपुर, बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

उपजिलाधिकारी पयागपुर अश्वनी पांडेय के नेतृत्व में बुधवार को पुलिस टीम के साथ पयागपुर चौराहे पर सघन अभियान चलाया गया। अभियान के तहत सड़क के किनारे अवैध रूप से लगी दुकानों को हटवाया गया, वहीं फर्जी तरीके से पार्क की गई दुपहिया वाहनों का चालान किया गया। इस अभियान में नायब तहसीलदार विशेश्वरगंज शैलेश अवस्थी, पयागपुर नायब सौरभ तथा नगर पंचायत पयागपुर के कर्मचारी भी टीम के साथ शामिल रहे। एसडीएम की सतत निगरानी में सड़क किनारे फैले अतिक्रमण को हटाया गया, जिससे लंबे समय से बनी जाम की समस्या से आम लोगों को बड़ी राहत मिली। कार्रवाई के दौरान प्रशासन ने दुकानदारों को स्पष्ट चेतावनी दी कि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण पाए जाने पर सख्त कदम उठाए जाएंगे। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियान नियमित रूप से चलाए जाने चाहिए, ताकि यातायात सुचारू रहे और आमजन को परेशानी न हो।

## टूटी पाइपलाइन से दूषित जल पीने को विवश शहरवासी

**गोंडा,समृद्धि न्यूज़**



घरो में शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के लिए केन्द्र व सूबे की सरकारों की ओर से कई योज नाएं संचालित हों रही है। यहां तक शहरी क्षेत्रों में अत्याधुनिक तरीके से पेयजल पहुंचाने के ना म पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं पानी की टंकियों के निर्माण से लेकर आटोमेशन के जरिए उसके संचालन पर जोर दिया जा रहा है पाइप लाइनों में सतत सुधार व बदलाव किए जा रहे हैं।

शहर में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के दावे जितने ऊंचे हैं,हकीकत उतनी ही बद हाल हैं कांशीराम कॉलोनी से लेकर डेढ़ सौ सा ल पुराने मालवीय नगर, पटेल नगर तक जर्जर और पुरानी पाइपलाइनों से रोज़ाना हजारों ली टर साफ पानी सड़कों और नालियों में बह रहा हैं कहीं पाइप लाइन फूटी हैं,कहीं जोड़ खुले प ड़े हैं तो कहीं पेयजल की लाइनें नालों और सी वर के बिल्कुल सटे होकर गुजर रही हैं।नतीजा यह कि लोगों तक पहुंचने से पहले ही शुद्ध पा नी दूषित हो रहा है और नागरिक बीमारियों के खतरे में जीने को मजबूर हैं।नई कॉलोनी, पुरा नी समस्या कांशीराम कॉलोनी वर्ष 2007 में ब सी थी।सरकार का उसे समय उद्देश्य था कि श हरी गरीब और मध्यम वर्ग को योजनाबद्ध बसा वट पक्की सड़कें,साफ पानी,सीवर और बिज ली जैसी बुनियादी सुविधाएं मिलें। लेकिन 18 साल बाद भी कॉलोनी के कई ब्लॉकों में वही पुरानी कहानी है-फूटी पाइपलाइनें, कम दबाव में पानी, गंदे नालों से सटी पेयजल लाइनें और जगह-जगह रिसाव। सुबह-शाम पानी आने के समय सड़कों पर बहता पानी लोगों की आंखों में चुभता है,क्योंकि यह वही पानी है, जिसके लिए वे हर महीने बिल चुकाते हैं,वह नहीं मिल ता है।डेढ़ सौ साल पुराना मालवीय नगर व प टेल नगर की आबादी करीब 40 हजार बताई जाती है।यह दोनों इलाके शहर की पुरानी बसा वट का अहम हिस्सा है। समय के साथ यहां की आबादी बढ़ती गई, लेकिन बुनियादी ढांचा उस रफ्तार से नहीं बढ़ा।कई हिस्सों में आज भी द शकों पुरानी लोहे की पाइपलाइनें लगी हैं, जिन में जंग लग चुकी है।जगह-जगह से पानी टपक ता रहता है।बारिश के दिनों में हालात और बि गड़ जाते हैं। नालों का पानी पेयजल लाइन में घुसने की आशंका बढ़ जाती है। स्थानीय लोग बताते हैं कि कई बार पानी से बदबू आती है, रं ग बदल जाता है,लेकिन शिकायतों के बावजूद स्थायी समाधान नहीं होता।शुद्ध पानी की जग ह बीमारियों का खतरा पेयजल और सीवर ला इन का पास-पास होना सिर्फ तकनीकी खामी नहीं,बल्कि सीधे-सीधे जनस्वास्थ्य से जुड़ा मा मला है।बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक पेट के संक्र मण, दस्त, टायफाइड, पीलिया जैसी बीमारियों का खतरा बना रहता है। महिलाएं, जो घर के कामकाज में पानी का सबसे ज्यादा इस्तेमाल करती हैं,सबसे अधिक प्रभावित होती हैं। छोटे बच्चों के लिए यह खतरा और गंभीर है। बुजुर्गों की कमजोर प्रतिरोधक क्षमता के चलते मामू ली संक्रमण भी जानलेवा बन सकता है।बच्चों के दूषित पानी से बार-बार बीमार पड़ने पर प ढ़ाई प्रभावित होती है।स्कूल छूटते हैं, दवाइयों पर खर्च बढ़ता है लेकिन जिम्मेदारों ने कोई सुधार नहीं किया हैं।

## पूर्व प्रधान को श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे सपा नेता राजपाल

**जरवलरोड, बहराइच समृद्धि न्यूज।**



**भाजपा सरकार जनता को बेवकूफ बनाने व लूटने वाली सरकार बताया**

पूर्व विधान परिषद सदस्य व सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष राजपाल कश्यप ने पूर्व प्रधान को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिजनों से मुलाकात की है। जानकारी के मुताबिक बीते अक्टूबर माह में जरवल के धनराजपुर निवासी व लंबे समय तक ग्राम नियामतपुर के प्रधान रहे सोहन लाल निषाद का बीमारी के चलते लखनऊ के मैक्स हॉस्पिटल में 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया था।

बुधवार को समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधान परिषद सदस्य राजपाल कश्यप ने उनके आवास धनराजपुर पहुंच कर पूर्व प्रधान सोहन लाल निषाद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके बेटे पूर्व प्रधान धनराजपुर अर्जुन निषाद, सीआरपीएफ जवान अनिल कश्यप व सुपौत्र दीपक कश्यप समेत सभी परिजनों से मुलाकात की है। इस दौरान उनके साथ कैसरगंज से सपा विधायक आनंद यादव भी मौजूद रहें। बातचीत के दौरान श्री कश्यप ने बताया कि सोहन लाल निषाद निषाद समाज के सच्चे सिपाही थी। उनके तीन बेटे आज भी अर्ध सैनिक बल के रूप में देश सेवा में लगे हुए है। कार्यक्रमों की व्यस्तता के चलते उस समय फोन पर परिजनों से बात कर अपनी संवेदना व्यक्त किया था। समय निकालकर आज परिजनों से मिलने आया हू। इस दौरान मौजूद सपा कार्यकर्ताओं व लोगों को सम्बोधित करते हुए राजपाल कश्यप ने भाजपा सरकार पर हमला बोला और कहा कि भाजपा सरकार जनता को बेवकूफ बनाने वाली और लूटने वाली सरकार है। भाजपा सरकार जनता को 5 हजार देकर वोट ले लेती हैं फिर महंगाई बढ़ाकर 50 हजार रुपए वसूलती है। जिससे आज हर वर्ग के लोग परेशान है। इसलिए सभी लोगों को मिलकर 2027 में इस सरकार को यूपी से हटाना है और बहराइच की सभी सीटों पर सपा को जीत दिलाना है। इस दौरान राम गोपाल, दिलीप कश्यप, कमाल अहमद, दिलीप, महेश, दीपक, राजितराम, शकील, रामनाथ, रमेश, भगौती, आयुष समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहें।

## पीडब्ल्यूडी विभाग में लगे पेड़ों की कटान पर वन विभाग की कार्रवाई



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** सम्मनपुरवा में सड़क किनारे लगे गुटेल के पेड़ो को काटा गया। सूचना के बाद मौके पर वन विभाग ने कार्यवाही की है। जिले के चौकी बैवाही क्षेत्र के रामपुर धोबिया हार के मजरे सम्मन पुरवा के पास सड़क के किनारे पीडब्लूडी विभाग में गुटेल के करीब 3 पेड़ लगे थे। जिसे गांव निवासी बुधराम ने ठेकेदार मुस्तफा के हाथों बेच दिया। और ठेकेदार द्वारा पेड़ काट डाले गए। इसकी सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग सहित पुलिस को दिया। सूचना के बाद बुधवार को वन विभाग फॉरेस्टर शिवम पांडेय मौके पर पहुंचे और बची हुई लकड़ी के ढेर को कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी। वहीं कुछ देर बाद हल्का प्रभारी उप निरीक्षक चंद्रेश्वर मिश्रा भी पहुंचे। शिवम पांडेय ने बताया कि लकड़ी को कब्जे में लेकर सुपुर्द कर लिया गया है। आगे विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## जिले में 5.41 लाख मतदाताओं के नाम हटे

- **सबसे ज्यादा सदर विधानसभा सीट से कटे नाम**
- **21 लाख 7 हजार 16 मतदाता बचे**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले में चुनाव आयोग द्वारा जारी नई मतदाता सूची के अनुसार, कुल 5 लाख 41 हजार 328 मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं। इस प्रक्रिया के बाद, जिले की सात विधानसभा सीटों पर अब 21 लाख 7 हजार 16 मतदाता शेष बचे हैं। विधानसभा क्षेत्रवार आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि बहराइच सदर सीट पर सर्वाधिक नाम हटाए गए हैं। इस सीट पर पहले 4 लाख 13 हजार 934 मतदाता थे, जिनमें से 1 लाख 14 हजार 186 मतदाताओं के नाम सूची से बाहर किए गए हैं। हटाए गए नामों में 14,052 मतदाता मृत पाए गए हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा की अनुपमा जायसवाल ने समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी यासर शाह को मात्र 4,078 वोटों के अंतर से हराया था। बलहा विधानसभा क्षेत्र में कुल 3 लाख 78 हजार 113 मतदाताओं में से 77 हजार 542 नाम हटाए गए हैं। अब इस सीट पर 3 लाख 5 सौ 71 मतदाता दर्ज हैं। नानपारा विधानसभा में 3 लाख 59 हजार 522 मतदाताओं में से 82 हजार 522 नाम हटाए गए हैं। वर्तमान में यहां 2 लाख 77 हजार मतदाता शेष हैं। मटेरा विधानसभा में 3 लाख 53 हजार 600 मतदाताओं में से 64 हजार 765 नाम हटाए गए। अब इस सीट पर 2 लाख 88 हजार 835 मतदाता हैं। महसी विधानसभा में 3 लाख 49 हजार 573 मतदाताओं में से 57 हजार 254 नाम हटाए गए हैं, जिसके बाद कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 92 हजार 319 रह गई है। पयागपुर विधानसभा में 62 हजार 703 मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। इस प्रक्रिया के बाद, यहां अब 3 लाख 32 हजार 54 मतदाता शेष हैं। वहीं कैसरगंज विधानसभा में पूर्व में 3 लाख 98 हजार 843 मतदाता थे जिसमें से 82354 मतदाताओं के नाम काटे गए हैं , जिसके बाद अब यहां पर कुल 3 लाख 16 हजार 489 मतदाता बचे है। आपको बता दें कि सघन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान पूरे जनपद में 82 हजार 234 मृत मतदाताओं के नाम भी हटाए गए हैं । इसके साथ ही 2 लाख 22 हजार 747 मतदाता अन्य जगह पर शिफ्ट हो चुके हैं वही 1 लाख 40 हजार 33 मतदाता की लोकेशन ही नहीं मिल सकी ।

## महिला पीजी कालेज में आयोजित हुआ सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम



**छात्राओं को दिलाई सड़क सुरक्षा की शपथ**

**बहराइच समृद्धि न्यूज़** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा आम जनमानस को यातायात नियमों की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर जनपद में 01 से 31 जनवरी 2026 तक मनाये जा रहे यातायात सुरक्षा माह अन्तर्गत महिला महाविद्यालय बहराइच में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) प्रदीप कुमार द्वारा छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी गयी तथा सडक सुरक्षा नियमों की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) ओ.पी. सिंह द्वारा समस्त छात्राओं/ अध्यापिकाओं एवं अन्य उपस्थित कर्मचारी को यातायात नियमो के प्रति जागरूक किया गया तथा दुर्घटनाओं से बचाव के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। इस अवसर पर छात्राओं व आमजन को सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित पैम्फलेट का वितरण भी किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक यातायात राम प्रकाश यादव मय पुलिस दस्ता तथा परिवहन एवं महिला महाविद्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

## राजकीय कृषि प्रक्षेत्र घाघराघाट का कृषि मंत्री ने किया भ्रमण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

**प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों के साथ प्रक्षेत्र के प्रगति की समीक्षा की**



प्रदेश के मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा जनपद बहराइच में राजकीय कृषि प्रक्षेत्र एवं फसल अनुसंधान केंद्र घाघरा घाट का निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों के साथ प्रक्षेत्र के प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि राजकीय कृषि प्रक्षेत्र घाघराघाट, जरवल में कुल 43.08 हेक्टेयर क्षेत्र में खेती की जा रही है, जिसमें 5 हेक्टेयर अरहर, 2 हेक्टेयर मटर, 5 हेक्टेयर सरसों तथा 31.02 हेक्टेयर में गेहूं की बुवाई की गई है। मंत्री श्री शाही द्वारा समय से गेहूं की बुवाई एवं सिंचाई के साथ उत्पादकता बढ़ाने के निर्देश दिए गए एवं प्रक्षेत्र के सुदृढ़ीकरण हेतु जेसीबी, ट्रैक्टर, सुपर सीड ड्रिल, सोलर लाइट एवं स्ट्रीट लाइट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गये। श्री शाही ने निर्देश दिया तालाब खुदवाकर उसमें मखाना एवं सिंघाड़ा की खेती प्रारंभ की जाय तथा फरवरी माह में शेष खाली भूमि पर मक्का, उड़द एवं मूंग की खेती करने हेतु निर्देशित किया। श्री शाही ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि कृषि नवाचार, संसाधनों के बेहतर उपयोग तथा किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से निरंतर प्रयास करते रहें। इस अवसर पर विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चंद्र, उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम के निदेशक टी.एम. त्रिपाठी, संयुक्त कृषि निदेशक देवीपाटन मंडल गोंडा लोकेंद्र सिंह, उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा, जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव, कृषि विज्ञान केन्द्र घाघराघाट के प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह सहित कृषि विभाग और प्रक्षेत्र के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## तेंदुए के हमले से बाइक सवार घायल



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के मोतीपुर इलाके में मंगलवार शाम एक बाइक सवार युवक पर तेंदुए ने हमला कर दिया। युवक ने करीब पांच मिनट तक तेंदुए से संघर्ष किया, जिससे उसकी जान बच गई। घायल युवक का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। मोतीपुर थाना क्षेत्र के अंडगोडवा गांव निवासी वीरेंद्र पाल बाइक से धौरहरा जा रहे थे। तभी जंगल से निकले एक तेंदुए ने अचानक उन पर हमला कर दिया और उनका दाहिना हाथ घायल कर दिया। हमले के दौरान वीरेंद्र तेंदुए से भिड़ गए। लगभग पांच मिनट के संघर्ष के बाद तेंदुआ उसे छोड़कर जंगल में भाग गया। वीरेंद्र ने घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। परिजन उसे इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। वन विभाग ने इस घटना के बाद क्षेत्र के लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की है।

## विशेश्वरगंज में साइबर सुरक्षा का संदेश पुलिस ने किया लोगों को जागरूक

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।**



बुधवार को थाना विशेश्वरगंज क्षेत्र में साइबर अपराध के बढ़ते मामलों को देखते हुए पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाया। थाना अध्यक्ष राज कुमार पांडेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने प्रमुख चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर लोगों को साइबर ठगी से बचाव के उपाय बताए।

अभियान के दौरान आमजन को मोबाइल पर आने वाले संदिग्ध कॉल, फर्जी लिंक, ओटीपी साझा न करने, अनजान ऐप डाउनलोड से बचने और ऑनलाइन लेनदेन में सतर्कता बरतने की सलाह दी गई। पुलिसकर्मियों ने सरल भाषा में उदाहरणों के माध्यम से साइबर अपराधियों के तरीकों को समझाया, जिससे लोग आसानी से सतर्क हो सकें। थानाध्यक्ष राज कुमार पांडेय ने कहा कि सावधानी ही साइबर अपराध से बचाव का सबसे बड़ा हथियार है। जागरूक नागरिक ही सुरक्षित समाज की नींव होते हैं।

## मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत बलरामपुर पुलिस ने चलाया व्यापक जनजागरूकता अभियान

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से बलरामपुर पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के अंतर्गत जनपद भर में व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अभियान का मूल उद्देश्य नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है।

पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन में तथा मिशन शक्ति के नोडल प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के नेतृत्व में गठित महिला सुरक्षा दलों द्वारा जनपद के समस्त थानों के अंतर्गत स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों, ग्राम चौपालों एवं सार्वजनिक स्थलों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनी गईं तथा मौके पर ही समाधान का प्रयास किया गया।

महिला बीट अधिकारियों द्वारा ग्राम चौपाल लगाकर महिलाओं की व्यक्तिगत व सामूहिक समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। प्राप्त शिकायतों पर त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के साथ-साथ आवश्यक मामलों में संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित किया गया, जिससे पीड़िताओं को शीघ्र न्याय मिल सके।

जागरूकता कार्यक्रमों के दौरान महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसमें वूमेन




पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एम्बुलेंस सेवा 108, स्वास्थ्य सेवा 102, चाइल्ड लाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराधों से बचाव हेतु साइबर हेल्पलाइन 1930 शामिल रहे। साथ ही इन नंबरों के उपयोग की प्रक्रिया भी सरल शब्दों में समझाई गई। इसके अतिरिक्त गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा, लैंगिक उत्पीड़न, साइबर अपराधों विशेषकर डिजिटल अरेस्ट जैसे नए तरीकों से होने वाली ठगी, महिला अधिकारों एवं उनसे जुड़े कानूनी प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की गई। महिलाओं को यह भी बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में बिना भय के पुलिस से संपर्क करें और अपनी शिकायत दर्ज कराएं। कार्यक्रम के दौरान शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पम्पलेट का वितरण किया गया। साथ ही थाना परिसरों में स्थापित मिशन शक्ति केन्द्रों के उद्देश्य, कार्यप्रणाली एवं उपलब्ध सेवाओं की जानकारी देकर महिलाओं व बालिकाओं को इन सेवाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

बलरामपुर पुलिस द्वारा यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि महिला सुरक्षा एवं सम्मान उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनपद पुलिस द्वारा निरंतर ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि प्रत्येक महिला एवं बालिका भयमुक्त, सुरक्षित और स्वाभिमान के साथ अपना जीवन व्यतीत कर सके।

# सरकार की प्रभावी नीतियों से यूपी के रियल एस्टेट में 53 प्रतिशत की वृद्धि

## बेहतर हुई टाउनशिप नीति तो पूंजी निवेश 44 हजार करोड़ से बढ़कर 68 हजार करोड़ तक पहुंचा, बढ़ा निवेशकों का भरोसा, एक साल में 309 परियोजनाएं पंजीकृत

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उप्र सरकार द्वारा प्रदेश की टाउनशिप नीति को बेहतर करने का नतीजा यहां रियल एस्टेट के क्षेत्र में अद्वितीय वृद्धि के रूप में देखने को मिल रहा है।

उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) द्वारा जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2025 में प्रदेश के रियल एस्टेट में 68 हजार 328 करोड़ रुपये का पूंजी निवेश हुआ है जो 2024 में 44 हजार 526 करोड़ रुपये था। यानी निवेश में 53.5 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर्ज हुई है। प्रदेश में बीते एक वर्ष में रिकॉर्ड 309 परियोजनाएं पंजीकृत हुई हैं जो उप्र सरकार की नीतियों के प्रति निवेशकों के भरोसे को दर्शाती हैं। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि बीते वर्ष टाउनशिप नीति में परिवर्तन कर बिल्डरों के लिए न्यूनतम 25 एकड़ में टाउनशिप बनाने की बाध्यता समाप्त की थी और ये छूट दी गई थी कि वे न्यूनतम 12.5 एकड़ पर टाउनशिप बना सकेंगे। इसके अलावा नई टाउनशिप नीति में आवंटियों के हितों का ध्यान भी रखा गया।

### एनसीआर ही नहीं, छोटे शहर भी कर रहे आकर्षित

कुछ समय पहले तक एनसीआर यानी नेशनल कैपिटल रीजन उत्तर प्रदेश के रियल एस्टेट क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा था, लेकिन वर्ष 2025 के आंकड़े बताते हैं कि अब निवेशकों का रुझान गैर-एनसीआर जिलों और उप्र के छोटे जनपदों की ओर भी बढ़ रहा है। वर्ष 2025 में पंजीकृत हुई कुल 308 परियोजनाओं में से 122 एनसीआर में और 186 परियोजनाएं गैर-एनसीआर क्षेत्रों में स्वीकृत हुई हैं। इससे स्पष्ट होता है कि उप्र सरकार द्वारा किए गए बुनियादी ढांचे के विकास, बेहतर कनेक्टिविटी और टियर-2 शहरों के विस्तार का रियल एस्टेट के क्षेत्र में सकारात्मक असर पड़ा है। उप्र की राजधानी लखनऊ बीते वर्ष में 67 परियोजनाओं के साथ एक प्रमुख केंद्र बनकर उभरी है। वहीं अन्य शहरों की बात करें तो बरेली में 15 और आगरा में 14 परियोजनाएं रजिस्टर्ड हुई हैं। इसके अलावा बुलंदशहर, रामपुर, चंदौली, उन्नाव, गोंडा, मऊ, मिर्जापुर जैसे शहरों तक बिल्डर नए प्रोजेक्ट्स में निवेश कर रहे हैं।

### धार्मिक पर्यटन से मिल रहा विस्तार

उत्तर प्रदेश में बढ़ते धार्मिक पर्यटन के चलते भी इन शहरों में रियल एस्टेट निवेश बढ़ा है। श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा में साल 2025 में 23 परियोजनाएं पंजीकृत हुई हैं। वहीं श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में 5, बाबा काशी विश्वनाथ के धाम वाराणसी में 9, संगमनगरी प्रयागराज में 7 परियोजनाओं का पंजीकरण हुआ है। उप्र सरकार के प्रयासों से ये शहर बेहतर कनेक्टिविटी, शहरी पुनर्विकास योजनाओं और देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं व पर्यटकों की संख्या में निरंतर वृद्धि के साथ रियल एस्टेट विकास के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरकर सामने आए हैं।

# भ्रष्टाचार रोकने की तैयारी : उत्तर प्रदेश में होगा फ्यूचर रेडी तहसीलों का निर्माण

समृद्धि न्यूज

▸ जून तक सर्वे और विस्तृत फ्रेमवर्क का काम होगा पूरा

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार राजस्व प्रशासन को अत्याधुनिक, डिजिटल और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप बनाने की दिशा में कदम उठा रही है।

मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर प्रदेश भर में फ्यूचर रेडी तहसीलों का निर्माण किया जाएगा। इसका उद्देश्य तहसील स्तर पर नागरिकों को तेज, भ्रष्टाचार मुक्त पारदर्शी और तकनीक-आधारित राजस्व सेवाएं उपलब्ध कराना है। फ्यूचर रेडी तहसीलें उत्तर प्रदेश में डिजिटल इंडिया और ई-गवर्नेंस के माध्यम से प्रशासनिक क्रांति लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हैं, जो नागरिक-केंद्रित शासन को मजबूत करने के साथ राज्य के समग्र विकास को नई रफ्तार देंगी। इन तहसीलों में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म, ई-फाइलिंग सिस्टम, ऑनलाइन रिकॉर्ड मैनेजमेंट और स्मार्ट वर्कस्पेस जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके लिए सभी तहसीलों का सर्वे और विस्तृत फ्रेमवर्क तैयार करने का कार्य चल रहा है, जिसे जून 2026 तक पूरा करने की समय सीमा तय की गई है।

## खबरें एक नजर में

### सरसों के खेत में मिला महिला का कंकाल, जांच में जुटी पुलिस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ शहर के बाहरी इलाके में बुधवार को सरसों के एक खेत से एक कंकाल बरामद किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस को शक है कि यह कंकाल पिछले महीने लापता हुई एक महिला का है। पुलिस ने बताया कि नगराम थानाक्षेत्र के कुबेहरा गांव के पास मिले कंकाल को डीएनए जांच के लिए भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, पूर्वाह्न करीब 10 बजे एक स्थानीय निवासी चंद्रप्रकाश ने पुलिस को सूचना दी कि गांव में गोमती नदी के इलाके में सरसों के एक खेत में कंकाल के अवशेष पड़े हैं। पुलिस टीमों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। पुलिस ने बताया कि कंकाल की तुरंत पहचान करना मुश्किल था हालांकि, अवशेषों के पास मिली एक साड़ी के आधार पर ऐसा प्रतीत होता है कि यह एक महिला का है। पुलिस के मुताबिक, मौके से बरामद साड़ी की पहचान उसी गांव के रहने वाले पीतांबर नाम के एक व्यक्ति ने की और बताया कि यह साड़ी उसकी पत्नी पूनम (30) की है। पुलिस ने बताया कि जिस खेत में कंकाल मिला है, वह पीतांबर के घर से करीब 300 मीटर दूर है। पुलिस के मुताबिक, पीतांबर ने 13 दिसंबर, 2025 को नगराम थाने में अपनी पत्नी के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी और जांच के दौरान पता चला कि पूनम के दो बच्चे थे तथा वह एक पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति के संपर्क में थी।

### फ्री जनसेवा कैंप लगाने वाले नौजवानों का शॉल पहनाकर सम्मान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आज ऑल इंडिया जमीयतुलकुरैश के जिला प्रेसिडेंट शहजाद कुरैशी के ऑफिस में एक प्रोग्रामहुवा। इस मौके पर शहजाद कुरैशी ने बिल्लौचपुरा में फ्री जनसेवा कैंप लगा रहे नौजवान लड़कों का शॉल और माला पहनाकर हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि आज हमारे ऑफिस में ऐसे लोग हैं जो कई महीनों से ऑफिस और बिल्लौचपुरा की गलियों में दिन भर कैंप लगाकर फ्री जनसेवाकर रहे हैं, जिसमें एस आई आरफॉर्म भरने से लेकर लोगों को राशन कार्ड, पहचान पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, आयुष्मान कार्ड या दूसरे जरूरी डॉक्यूमेंट बनवाने में मदद करना शामिल है। ये लोग बधाई के हकदार हैं, इसीलिए आज हमारे ऑफिस में इन नौजवानों का हौसला बढ़ाया गया। उन्होंने कहा कि आगे भी लोगों को दवा कैंप और घर देने की स्कीमों के बारे में बताया जाएगा और हर मुमकिन मदद की जाएगी। इस प्रोग्राम में खास तौर पर राष्ट्रीय सामाजिक कार्यकर्ता संगठन के कन्वीनर मुहम्मद आफाक, समाज सेवक हाफ़िज़ अमीर अहमद, मुहम्मद रेहान, सौरभ श्रीवास्तव, मुहम्मद हंजला, मुहम्मद अनस, रेहान हाशमी, अब्दुल समद, साकिब मिर्जा, अयान खान और दूसरे लोगों ने ऑफिस में पक्के इरादों के साथ वादा किया कि हम हर गरीब और कमजोर लोगों के लिए हमेशा काम करेंगे।

### संघर्ष समिति का प्रदर्शन जारी, निजीकरण स्वीकार्य नहीं

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने आज खुलासा किया कि भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय ने बिजली वितरण निगमों के निजीकरण और इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 पर आम सहमति बनाने के लिए आगामी 22-23 जनवरी को सभी राज्यों के विद्युत मंत्रियों और अधिकारियों की मीटिंग बुलाई है। संघर्ष समिति ने बताया कि दो दिवसीय बैठक में मुख्य रूप से डिस्कॉम निजीकरण के लिए वित्तीय पैकेज, फ्रेंचाइजी मॉडल और डिस्कॉम की समयबद्ध लिस्टिंग से संबंधित मुद्दों पर चर्चा होगी और निर्णय लिया जायेगा। संघर्ष समिति ने चेतावनी दी है कि उपभोक्ताओं और किसानों के हितों को दरकिनार कर बिजली वितरण निगमों का निजीकरण करने का कोई एकतरफा निर्णय लिया गया तो इसकी तीखी प्रतिक्रिया होगी और उप्र सहित देश के तमाम 27 लाख बिजली कर्मचारी राष्ट्रव्यापी आन्दोलन प्रारम्भ करने हेतु बाध्य होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों की होगी।

### राजर्षि टण्डन मुक्त विवि में जनवरी 2026 सत्र के प्रवेश शुरू

**लखनऊ/प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय ने सत्र जनवरी 2026 की प्रवेश प्रक्रिया बुधवार को प्रारम्भ कर दिया। प्रवेश प्रक्रिया का शुभारम्भ करते हुए कुलपति प्रो. सत्यकाम ने कहा कि विश्वविद्यालय ने इस बार प्रवेश प्रक्रिया को बहुत सरल एवं सुलभ बनाया है। छात्रों को आवेदन करने के लिए यूजीसी की गाइडलाइन के अनुसार अपनी अपार आईडी, एबीसी आईडी एवं यूजीसी डेब आईडी बनाने के पश्चात ही प्रवेश प्रक्रिया सम्पादित की जाएगी।विश्वविद्यालय के दक्ष तकनीकी विशेषज्ञों ने इस प्रक्रिया को अत्यन्त सरलीकृत कर दिया है जिससे छात्रों को फॉर्म भरने में किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय जनवरी 2026 सत्र में सभी प्रवेश राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप करने को कृत संकल्पित है। डिजिटल क्रांति के इस कालखण्ड में मुक्त विश्वविद्यालय ने शिक्षार्थियों के सुविधा को ध्यान में रखकर प्रवेश की ऑनलाइन व्यवस्था सुनिश्चित की है।

## सीएम योगी ने राप्तीनगर में ग्रिड योजना के तहत बनी स्मार्ट सड़क का किया निरीक्षण

# नगर निगम की निश्चित आय का जरिया बनेगी सीएम ग्रिड की स्मार्ट सड़क

▸ नगर निगम को सालाना दो करोड़ की आय कराने में सफल होगी सीएम ग्रिड की सड़क

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को राप्तीनगर में सीएम ग्रिड (चीफ मिनिस्टर ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट) योजना के तहत राप्तीनगर में बनी स्मार्ट सड़क का निरीक्षण किया। निर्माण कार्य पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि बेहतरीन यूटिलिटी डक्ट से युक्त यह स्मार्ट सड़क नगर निगम की निश्चित आय का जरिया भी बनेगी।

सीएम ग्रिड योजना के तहत राप्तीनगर में स्मार्ट सड़क का निरीक्षण करने के दौरान मुख्यमंत्री ने नगर आयुक्त से इसके सभी पहलुओं, पार्किंग, बेंच, यूटिलिटी डक्ट, ग्रीनरी, बनाने की तकनीकी आदि की विस्तार से जानकारी ली।

नगर आयुक्त ने बताया कि पहले चरण में यह स्मार्ट सड़क पायलट प्रोजेक्ट के रूप में बनी है। सीएम ग्रिड की स्मार्ट सड़क नगर निगम को सालाना दो करोड़ रुपये का आय कराने में सफल होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा यह स्मार्ट सड़क मॉडल रोड है। इससे नगर निकायों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। सीएम योगी ने कहा कि सामूहिक प्रयास के अच्छे परिणाम सामने आते हैं। जब सबका सहयोग मिलता है तो महानगर, जनपद और प्रदेश विकास की बुलंदियों को छूता है। गोरखपुर में विकास इसी रूप में देखने को मिल रहा है।

> निरीक्षण के बाद मीडिया से बातचीत में सीएम योगी ने कहा कि स्मार्ट सड़क में स्टॉर्म वाटर मैनेजमेंट के साथ ही यूटिलिटी डक्ट भी बनाया गया है। इससे पाइपलाइन डालने के लिए बार-बार सड़क की खोदाई नहीं करनी पड़ेगी। यह स्मार्ट सड़क इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि यूटिलिटी डक्ट नगर निगम के लिए निश्चित आय का आधार भी बनेगा। यूटिलिटी डक्ट का उपयोग जिन संस्थाओं द्वारा अपने कार्य के लिए पाइपलाइन (बिजली, गैस) आदि डालने के लिए किया जाएगा, वे नगर निगम को इसके लिए किराया देंगी।

### प्रारंभिक उत्तर भारत व इसके सिक्के पुस्तक का विमोचन करेंगे मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को 'प्रारंभिक उत्तर भारत और इसके सिक्के' पुस्तक का विमोचन करेंगे। बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय से दी गयी जानकारी में बताया गया कि यह आयोजन मुख्यमंत्री के सरकारी आवास 5, कालिदास मार्ग पर शाम 6.30 बजे होगा। इस पुस्तक के लेखक देवेन्द्र हांडा व अनुवादक मनीष वर्मा हैं। इसका संग्रह हिंदुजा फाउंडेशन ने किया है। यह पुस्तक प्रारंभिक ऐतिहासिक काल के दौरान उत्तर भारत में इतिहास, संस्कृति, कला, प्रतिमा विज्ञान, धातु विज्ञान, प्रौद्योगिकी, व्यापार और व्यापारिक मार्गों, लोगों के प्रवास आदि पर मुद्राशास्त्र के प्रभाव को दर्शाती है।

# इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग के मजबूत केंद्र के रूप में उभर रहा है उत्तर प्रदेश

समृद्धि न्यूज

▸ ईसीएमएस के तीसरे चरण में उत्तर प्रदेश को मिली अहम हिस्सेदारी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश त्वरित गति से देश के अग्रणी औद्योगिक प्रदेशों में अपनी पहचान सशक्त बनाता जा रहा है। केंद्र सरकार की इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम (ईसीएमएस) के तीसरे चरण के अंतर्गत हाल ही में 22 प्रस्तावों की स्वीकृति में उत्तर प्रदेश का नाम सम्मिलित होना इसी बदले हुए औद्योगिक परिदृश्य की तस्वीर है।

ईसीएमएस योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में चार आवेदन स्वीकृत किए गए हैं। प्रदेश उन 11 राज्यों में शामिल है जहां इस योजना के अंतर्गत परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। इस योजना के अंतर्गत केंद्र की ओर से 41,863 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश और 33,791 प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है। योगी सरकार ने पिछले वर्षों में निवेश अनुकूल वातावरण को मजबूती देने का काम किया है। वर्ष 2017 में अधिसूचित उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण नीति और इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट्स मैन्युफैक्चरिंग पालिसी 2025 के माध्यम से उत्तर प्रदेश वैश्विक निवेशकों का भरोसा जीतने में सफल रहा है।

### प्रदेश के 21 जनपदों में 10 फरवरी से चलेगा सर्वजन दवा सेवन अभियान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के 21 जनपदों के 64 ब्लॉक में 10 फरवरी से 28 फरवरी के बीच सर्वजन दवा सेवन अभियान चलेगा। प्रदेश के स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. रतन पाल सिंह ने अभियान की तैयारियों के बारे में सभी संबंधित मुख्य चिकित्सा अधिकारियों (सीएमओ) को पत्र के माध्यम से दिशा-निर्देश जारी किये है। पत्र के अनुसार प्रत्येक कार्य दिवस में हर टीम को 25 घरों में जाकर दवा खिलाना होगा। डीजी हेल्थ ने अभियान शुरू होने से पहले जिला स्तरीय व ब्लाक स्तरीय रैपिड रेस्पांस टीम का गठन करने के भी निर्देश दिए हैं। यह टीमें अपने क्षेत्र में दवा सेवन के बाद किसी भी प्रकार के विपरीत प्रभाव का त्वरित गति से समाधान करेंगी।

# गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण से प्रशिक्षार्थी आत्मनिर्भर बनेंगे और राज्य के कौशल विकास को मिलेगा बढ़ावा : प्रमुख सचिव

▸ प्रधानाचार्य संवर्ग के अफसरों के प्रशासनिक अनुशासन व वित्तीय नियमों पर हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में अलीगंज स्थित प्रादेशिक स्टाफ प्रशिक्षण एवं शोध केंद्र में बुधवार को प्रधानाचार्य संवर्ग के अधिकारियों के लिए प्रशासनिक अनुशासन एवं वित्तीय नियम-विनियम से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता डॉ. हरिओम ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य संस्थानों में प्रशासनिक दक्षता, वित्तीय पारदर्शिता तथा प्रशिक्षण की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ करना है।

उपस्थित अधिकारियों एवं प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए डॉ. हरिओम ने कहा कि प्रशिक्षण प्रणाली में निरंतर सुधार, नवीन कौशल तकनीकों का समावेश तथा प्रशिक्षार्थियों को उद्यमशील बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण के माध्यम से ही आने वाले समय में प्रशिक्षार्थी आत्मनिर्भर बन सकेंगे और प्रदेश के कौशल विकास को नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डी. के. सिंह द्वारा प्रशिक्षण के दौरान पढ़ाए जाने वाले विभिन्न विषयों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा प्रशासनिक एवं वित्तीय नियमों के व्यावहारिक अनुप्रयोग पर प्रकाश डाला गया।

# प्राथमिकता से हो निराश्रितों के लिए रैन बसेरों की व्यवस्था

## प्रमुख सचिव राजस्व ने एकीकृत आपदा नियंत्रण केंद्र का किया निरीक्षण, राहत कार्यों को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** प्रमुख सचिव राजस्व अपर्णा यू ने बुधवार को राहत आयुक्त संगठन एवं एकीकृत आपदा नियंत्रण केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने एकीकृत आपदा नियंत्रण केंद्र का विस्तृत निरीक्षण करते हुए केन्द्र की गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने एकीकृत आपदा नियंत्रण केंद्र में उपयोग किए जा रहे सॉफ्टवेयर, पोर्टल, निगरानी प्रणाली एवं अर्ली वार्निंग सिस्टम की कार्य प्रणाली को परखा तथा कार्य कर रहे टेली-कॉलर्स एवं संबंधित अधिकारियों से संवाद स्थापित कर उनके दायित्वों एवं कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त प्राप्त की। प्रमुख सचिव राजस्व ने राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा संचालित पोर्टल के माध्यम से कंबल वितरण, अलाव, रैन बसेरा आदि की हो रही प्रतिदिन मॉनिटरिंग की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि निराश्रित व आश्रय विहिन व्यक्तियों को प्राथमिकता के आधार पर रैन बसेरों में रखा जाए। प्रमुख सचिव ने राहत आयुक्त कार्यालय एवं प्राधिकरण को वार्षिक कार्य योजना तैयार कर उसक अनुरूप कार्य निष्पादित करने के निर्देश दिए। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के संबंध में उन्होंने नेपाल, उत्तराखंड एवं जम्मू-कश्मीर में संचालित आपात कालीन केंद्रों का अध्ययन कर उनकी श्रेष्ठ कार्य प्रणालियों को उत्तर प्रदेश में अपनाने पर बल दिया। साथ ही, उन राज्यों के आपात कालीन केंद्रों का भी अध्ययन करने के निर्देश दिए, जहां उत्तर प्रदेश के समान प्रकार की आपदाएं आती हैं, विशेष रूप से जहां नवीनतम तकनीक का प्रभावी उपयोग किया जा रहा है।

### राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के रिक्त पदों को भरे जाने का निर्देश

उन्होंने राहत आयुक्त कार्यालय के कार्यों की समीक्षा करते आपदा न्यूनीकरण हेतु विभिन्न परियोजनाओं में पूर्व से आवंटित बजट का शत प्रतिशत उपयोग करते हुए आगामी वित्तीय वर्ष हेतु बजट का प्राविधान अभी से तैयार करने का निर्देश दिया। प्रमुख सचिव द्वारा राहत आयुक्त कार्यालय एवं राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के रिक्त पदों की समीक्षा करते हुए दोनों कार्यालयों के रिक्त पदों को अतिशीघ्र भरे जाने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रतिनियुक्ति के रिक्त पदों के संबंध में संबंधित विभाग (सिंचाई, अग्निशमन विभाग, चिकित्सा विभाग, पीएसी, पुलिस, नगर विकास विभाग आदि) के विभागाध्यक्षों से समन्वय स्थापित करते हुए यथाशीघ्र रिक्त पदों को भरने के निर्देश दिए।

# सशक्तीकरण पर सरकार का फोकस स्वैच्छिक संस्थाओं को मिलेगा अनुदान

समृद्धि न्यूज

▸ 21 प्रकार की दिव्यांगताओं के लिए पुनर्वासन परियोजनाओं को अनुदान

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने दिव्यांगजनों के सर्वांगीण पुनर्वासन को नई गति देने के लिए महत्वपूर्ण पहल की है। सरकार का लक्ष्य है कि दिव्यांगजन शिक्षा, कौशल विकास, स्वास्थ्य सेवाओं और रोजगार के अवसरों में समान भागीदारी प्राप्त कर सकें और समाज की मुख्यधारा से जुड़ते हुए आत्मनिर्भर जीवन जी सकें।

दिव्यांगजन के सर्वांगीण पुनर्वासन हेतु स्वैच्छिक संस्थाओं को सहायता योजना÷ लागू की गई है, जिसके तहत पात्र स्वैच्छिक संस्थाओं को अनुदान प्रदान किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 में परिभाषित 21 प्रकार की दिव्यांगताओं के लिए सहायता प्रदान की जाएगी, जबकि मानसिक मंदित एवं मानसिक रूप से रुग्ण दिव्यांगजन इस योजना के दायरे से बाहर रखे गए हैं। प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने दिव्यांगजनों के पुनर्वासन से जुड़ी योजनाओं को जमीनी स्तर तक प्रभावी बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि योगी सरकार की प्राथमिकता है कि दिव्यांगजन शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य और रोजगार के प्रत्येक क्षेत्र में समान अवसर प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सकें।

# यूपी में पॉलीथिन की जगह लेंगे गाय के गोबर से बने गमले

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में योगी सरकार ने एक बड़ा और दूरगामी कदम उठाया है। प्रदेश में पौधरोपण के लिए अब पॉलीथिन की जगह गोबर से बने ऑर्गेनिक गमलों का उपयोग करने की तैयारी है। इसी उद्देश्य से प्रदेश के करीब सात हजार गोशालाओं में बड़े पैमाने पर इन गमलों का उत्पादन किया जाएगा। इससे हर जिले में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होगा और गो पालकों के लिए अवसर बढ़ेंगे।

उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग ने एक विशेष योजना तैयार की है। उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बुधवार को बताया कि इसके तहत होने वाले वृहद पौधरोपण अभियान में पौधों को पॉलीथिन के स्थान पर गोबर के गमलों में रोपित करने की योजना बनाई जा रही है। आयोग का प्लान है कि इस वर्ष गोबर के लगभग पांच करोड़ गमलों का निर्माण कर इस अभियान को शुरू किया जाए। उन्होंने बताया कि योजना को लेकर वन मंत्री डॉ. अरुण सक्सेना से मिलकर विचार-विमर्श किया। तय किया गया है कि नर्सरियों में बड़े पैमाने पर ऑर्गेनिक गमले का प्रयोग शुरू किया जाएगा।

> उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि पांच करोड़ गमलों के निर्माण का यह काम प्रदेश के प्रत्येक जनपद में महिला स्वयं सहायता समूह और युवा उद्यमियों के माध्यम से कराया जाएगा। इससे स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन संभव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल गोवंश संरक्षण, पोषण सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और आत्मनिर्भर गोशालाओं की दिशा में एक ठोस कदम साबित होगा। गो सेवा आयोग के ओएसडी डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि वृहद पौधरोपण अभियान में गोबर से बने ऑर्गेनिक कम्पोस्ट वाले गमलों का उपयोग किया जाएगा, जिससे प्लास्टिक कचरे में कमी आएगी और मिट्टी की उर्वरता भी बढ़ेगी। इस पहल के माध्यम से प्लास्टिक मुक्त उत्तर प्रदेश के लक्ष्य को मजबूती मिलेगी और प्रदेश की सभी गोशालाओं को आजीविका से जोड़ा जा सकेगा।



संवाद

## राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राष्ट्रीय युवा उत्सव के लिए चयनित 79 युवाओं से किया संवाद

# भारत की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं का विश्व स्तर पर प्रचार-प्रसार समय की मांग

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को राजभवन में 10 से 12 जनवरी, 2026 तक नयी दिल्ली में आयोजित होने वाले 29वें राष्ट्रीय युवा उत्सव विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2026 में के लिए चयनित उत्तर प्रदेश के 79 युवाओं से संवाद किया। पटेल ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए उनकी पारंपरिक वेशभूषा की सराहना की।

उन्होंने कहा कि साफा, पगड़ी सम्मान, दायित्व और विश्वास का प्रतीक है। जिस उद्देश्य से आप इस राष्ट्रीय मंच पर जा रहे हैं, उसमें सफल होकर उत्तर प्रदेश का नाम रोशन करना आप सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी युवा बेहतर प्रदर्शन कर विजयी होकर लौटेंगे। राज्यपाल ने कहा कि भारत की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं का विश्व स्तर पर प्रचार-प्रसार आज समय की आवश्यकता है। योग, संस्कृति और विरासत के माध्यम से भारत ने वैश्विक पहचान बनाई है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस इसका बड़ा उदाहरण है। उन्होंने विदेश यात्राओं के अनुभव साझा करते हुए बताया कि अन्य देशों में भी भारतीय योग और संस्कृति को अपनाया जा रहा है। भाषा के महत्व पर जोर देते हुए राज्यपाल ने कहा कि नया भारत और नयी दुनिया केवल एक या दो भाषाओं से नहीं चलेगी। हमें बहुभाषी दृष्टिकोण अपनाना होगा।

आज विदेशी युवा हिंदी, संस्कृत और पाली जैसी भारतीय भाषाओं के अध्ययन और शोध के लिए भारत आ रहे हैं, यह हमारी सांस्कृतिक शक्ति का प्रमाण है। श्रीमती पटेल ने युवाओं से आपसी संवाद, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्य करें जिनसे समाज को लाभ हो और देश का नाम ऊँचा हो। उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल कर लौटने वाले युवाओं को पुनः राजभवन आमंत्रित किया जाएगा। गौरतलब है कि स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर वर्ष 1995 से राष्ट्रीय युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

### युवाओं को प्राप्त होगा प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन

इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चन्द्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में युवाओं को नेतृत्व, नवाचार और राष्ट्र निर्माण से जोड़ने के उद्देश्य से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग की शुरुआत की गयी है। उन्होंने विश्वास जताया कि उत्तर प्रदेश के युवा इस मंच पर अपनी प्रतिभा से प्रदेश को गौरवान्वित करेंगे। मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश से कुल 79 युवा इस राष्ट्रीय उत्सव में भाग ले रहे हैं। इनमें कल्चरल एवं इनोवेशन ट्रैक, विकसित भारत चौलेंज ट्रैक, डिजाइन फॉर भारत ट्रैक और हैक फॉर सोशल कॉज ट्रैक के अंतर्गत युवाओं का चयन किया गया है। उत्सव के दौरान युवाओं को प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा। कार्यक्रम में सचिव, युवा कल्याण एवं खेल सुहास एल.वाई. ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए राज्यपाल के प्रति आभार व्यक्त किया और प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## खबरें एक नजर में

### गांवों के जरूरतमंदों की मदद करना नेक कार्यः विधायक

विधायक को उद्योगपति माधव गोपाल व उनके भाई श्री गोपाल ने शाल ओढ़ाकर किया सम्मानित



**शाहजहांपुर।** महानगर की प्रतिष्ठित फैक्ट्री केआर पेपर्स द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लगभग तीन हजार जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। कंबल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय भाजपा विधायक अरविंद सिंह उपस्थित रहे। उनके साथ मिल प्रबंधन व संबंधित अधिकारियों ने पात्र लाभार्थियों को कंबल प्रदान किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अरविंद सिंह ने कहा कि कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों को कंबल देना एक नेक, मानवीय और सराहनीय कार्य है। उन्होंने इस सामाजिक पहल के लिए केआर पेपर्स के निदेशकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्य उद्योगों की सामाजिक जिम्मेदारी को दर्शाते हैं। इस दौरान रमपुरा, सहजना, बकिया, इकनौरा, अजीजपुर, जिगनेरा, बरूआ, पिपरौला, अख्त्यारपुर, बघौरा और जमौर समेत कई गांवों के पात्र लोगों को कंबल वितरित किए गए।कंपनी के निदेशक माधौ गोपाल अग्रवाल ने बताया कि जरूरतमंदों की सहायता करना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने कहा कि कंपनी पहले भी सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों में सक्रिय रही है और भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रहेंगे। कार्यक्रम में कंपनी के निदेशक राज गोपाल अग्रवाल, श्रीगोपाल अग्रवाल, जीएम अतुल गुप्ता, डीजीएम सुरेंद्र शर्मा, राघवेंद्र सिंह, अशोक लोधी, मुकेश सक्सेना सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### किसान ने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को बताया निराधार, जांच की मांग

**शाहजहांपुर।** जनपद के मढैया गुजरान निवासी सरदार साहब सिंह उर्फ़ बापू ने बताया कि उन्होंने 269 च, 269 छ 269ड 269श नाम जमीन क्रय की थी यह जमीन उन्होंने अपने पुत्र सतवीर सिंह गुरवीर सिंह व अमन वीर कौर के नाम खरीदी जिससे जमीन खरीदी थी उसमें पेड़ लगे हुए थे रेतीली जमीन के कारण पेड़ों की बढ़वार नहीं हो रही थी और दूसरी फसल भी नहीं कर पा रहे थे इसलिए उन पेड़ों को उन्होंने कटवाया है. अब वह उसे पर दूसरी फसल पैदा करेंगे उनकी जमीन बटाई पर विपेंद्र उर्फ पतरे, नरेंद्र उर्फ प्रधान सत्येंद्र उर्फ लाला कर रहे हैं उनके खिलाफ तहसील प्रशासन में श्याम बाबू राम सागर ने झूठी शिकायत कर दी कि उन्होंने उनके पेड़ काट लिए हैं जबकि उनके खेत का रखवा 269 द बटा तीन है जिस जमीन से उनका कोई लेना–देना नहीं है और वह झूठी शिकायत करके उन्हें बदनाम कर रहे हैं उन्होंने तहसील प्रशासन से जांच करवा कराकर कार्रवाई की मांग की है।

### धर्मपरिवर्तन की सूचना से हड़कंप

**गढ़िया रंगीन, शाहजहांपुर।** थाना गढ़िया रंगीन क्षेत्र के गांव रामपुर मढैया मुनिता देवी पत्नी सुरेंद्र कश्यप नामक मनीता द्वारा प्रत्येक रविवार को चंगाई सभा लगाकर चमत्कार के नाम पर भोलवाले लोगों का धर्मांतरण कराया जा रहा है लोगों का मानना है कि यह कार्य लंबे समय से चल रहा है लोगों ने पुलिस को दी सूचना। थाना प्रभारी हरकेश सिंह को सूचना मिली। रामपुर मढैया पहुंचे और लोगों से पूछताछ की तो उन्होंने बताया की मुनिता देवी यह बहुत समय से धर्म परिवर्तन समय से चंगाई सभा लगाकर चमत्कार के ईसा मसीह चंगाई धर्म परिवर्तन करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### घरों के ऊपर से गुजरी हाइवोल्टेज लाइन, बढ़ा खतरा

**मिर्ज़ापुर-शाहजहांपुर।** क्षेत्र के ग्राम कौही में 11000 वोल्टेज की लाइन लगभग एक दर्जन घरों के ऊपर से गई है। लाइन के तार इतने नीचे हो गए हैं कि वह घरों की छतो पर ग्रामीणों ने अपने मकान के ऊपर बांस बल्ली बांधकर तारों को ऊंचा कर रखा है। जो किसी भी दिन बडी से बड़ी घटना का कारण बन सकते हैं। ग्राम वासियों का कहना है कि वह लंबे अरसे से 11000 वोल्टेज की लाइन को ऊंचा करने की मांग करते चले जा रहे हैं। लेकिन आज तक विभाग ने कोई ध्यान नहीं दिया है। जिससे जिन घरों के ऊपर से बिजली लाइन गुजरी है। उन घरों के ऊपर लगातार बिजली का खतरा बना रहता है। ग्राम कौही निवासी सतपाल गुप्ता, अनिल कुमार गुप्ता, उमेश द्विवेदी, सतीश चंद्र, रामनाथ शाक्य, लालाराम शाक्य, कृष्णपाल शाक्य, ब्रह्मपाल शाक्य, अमर सिंह, बबलू गुप्ता ने घरों से ऊपर गई लाइन को ऊंचा करने की मांग की है। इस संबंध में बिजली उपकेंद्र कलान के एसडीओ से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि मामले की जांच कर विद्युत नियमावली के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी।

### पुरानी रंजिश में युवक पर जानलेवा हमला

**जैतीपुर-शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव भरई निवासी दिनेश मौर्य ने अपने पड़ोसी गांव के एक युवक पर पुराने मामूली विवाद के चलते गाली–गलौज करने और जान से मारने की नीयत से फायर करने का आरोप लगाया। थाने में प्रार्थना पत्र देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की। बताया कि मंगलवार की रात करीब 9 बजे वह अपने खेत पर फसल की रखवाली कर रहा था। तभी गांव घुयआई का एक युवक अवैध बंदूक लेकर वहां आया और गाली–गलौज करने लगा। जब उसने उसे गाली देने से मना किया, तो युवक ने जान से मारने की नीयत से उस पर फायर कर दिया।किसी तरह छिपकर अपनी जान बचाई। आरोप लगाया कि आरोपी युवक एक सप्ताह पहले भी उसके साथ गाली–गलौज कर चुका है। जान–माल का खतरा बना हुआ है। इस संबंध में जब थाना प्रभारी प्रिंस शर्मा से बात की तो उन्होंने प्रार्थना पत्र की जानकारी होने से इनकार कर दिया। कहा थाने में इस तरह के कई प्रार्थना पत्र आते रहते हैं और उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है।

### मारपीट व छेड़छाड़ की धाराओं में चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**मिर्ज़ापुर -शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव चपरा निवासी एक महिला ने थाने पर दर्ज करवाई रिपोर्ट में कहा है कि बीते 30 दिसम्बर को शाम लगभग 5.30 बजे मैं बाज़ार से अपने घर को जा रही थी। तभी रास्ते में मुझे सचिन पुत्र सुरेन्द्र, रुचित पुत्र दलसिंह, सुनील पुत्र शीशराम व लल्लू पुत्र मानसिंह सर्व निवासी कालिकागंज थाना मिर्जापुर ने घेर कर गाली गलौज किया और मेरे वाल पकड़कर मारने पीटने लगे व मेरे साथ छेड़छाड़ करने लगे।जब मैंने शोर मचाया। तभी मुझे जानसे मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सचिन,रुचित, सुनील व लल्लू के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### मारपीट, गाली-गलौज की धाराओं में चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा

**मिर्ज़ापुर -शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव मौजमपुर निवासी अजय वर्मा पुत्र नन्हू ने थाने पर दर्ज करवाई रिपोर्ट में कहा है कि बीती एक जनवरी 26 को शाय को मैं अपने घर पर था। तभी पड़ोस के रोशन पुत्र तिल्ला, शिवकुमार पुत्र रोशन, शिवम् , अर्जुन पुत्रगण शिवकुमार हमारे दरवाजे पर आकर मुझे गन्दी गन्दी गालियां देने लगे और मुझसे कहने लगे कि तुम्हारे लड़के की बहू को हमने लिया है। तुम मेरा कुछ नहीं कर पाये। आगे भी कुछ नहीं कर पाओगे।जब मैंने मना किया। तभी उपरोक्त सभी लोग हमलाबर हो गये और लाठी डंडों से मारने पीटने लगे।जब मैंने शोर मचाया तो मुझे बचाने आए हमारे लड़के पंकज व बब्लू। तभी उपरोक्त सभी लोग मुझे छोड़कर मेरे लड़कों को मारने पीटने लगे। जिससे हम सभी लोग घायल हो गए। गांव बालों के आ जाने से जानसे मारने की धमकी देते हुए भाग गए। उपरोक्त सभी लोग बहुत ही सातिर किस्म के व्यक्ति हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रोशन, शिवकुमार, शिवम् व अर्जुन के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### ग्राम हैदलपुर में श्रीमद्भागवत कथा का हुआ आयोजन, आज सृष्टि की रचना का भागवत में सुनाया प्रसंग

**मिर्ज़ापुर, शाहजहांपुर।** वुधवार को ग्राम हैदलपुर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हो रहा है। श्रीमद् भागवत कथा 12 जनवरी तक चलेगी। भागवत कथा के व्यास चंगेश शास्त्री ने सृष्टि की रचना के बारे में बताया। भगवान विष्णु का जन्म कैसे हुआ। इसके बाद विष्णु की नाभि से ब्रह्मा जी का जन्म हुआ। ब्रह्मा जी ने सृष्टि निर्माण में चार ऋषियों को उत्पन्न किया। लेकिन उन्होंने श्रेष्ठ रचना से मना कर दिया तथा वैराग्य की इच्छा जाहिर की। उन्हें क्रोध आया। उनके क्रोध से उनकी भौह के बीच से रुद्र अवतार हुआ। इसके बाद उन्होंने मनु शतरूपा की कथा सुनाई। इसके बाद कथा को विश्राम दिया गया। श्रीमद् भागवत कथा में विपिन कुमार यादव, सुनील कुमार यादव, राकेश कुमार कुशवाहा, आरेंद्र सिंह , पप्पू सिंह, अरविंद सिंह अवनीश कुमार यादव समेत गांव के भारी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालू मौजूद रहे।

### सरकारी हैंडपंप में समरसेबल डालने का आरोप

**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव कुंवरपुर जसी निवासी संजय मिश्रा पुत्र गंगा सहाय ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के ही प्रदीप मिश्रा पुत्र स्वर्गीय बालिस्टर के मकान के सामने सरकारी हैंड पंप लगा है । जिसमें उन्होंने समरसेबल डाल लिया है। जिसका प्रयोग उक्त लोग निजी कार्य में करते हैं तथा हेडपंप से पानी लेने या नहाने से एतराज करते हैं। जब भी हैंडपंप से पानी लेने जाओ तो गाली गलौज और मारपीट पर आमादा हो जाते हैं पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की।

# गुरगवां गांव पहुंचकर कमिश्नर ने पर्यावरण प्रेमी द्वारा लगाए गए बाग का किया निरीक्षण

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जलालाबाद में पहुंचे कमिश्नर भूपेंद्र एस चौधरी ने सोमवार की शाम 4:00 बजे गुरगवां गांव का रुख किया जहां उन्होंने कवि चंद्रपाल सिंह के बाग में लगे विभिन्न प्रजातियों के पौधों को देखा और वृक्षारोपण करने के लिए जगह को उपयुक्त बताया। तहसील दिवस में शिकायत सुनने के दौरान गुरगवां गांव के कवि चंद्रपाल सिंह ने तहसील सभागार में पहुंचकर शिकायत सुन रहे कमिश्नर भूपेंद्र एस चौधरी से अनुरोध करते हुए गुरगवां गांव में उनके द्वारा लगाए गए वृक्षों को देखने का अनुरोध किया जिसे कमिश्नर ने स्वीकार कर लिया उन्होंने कहा कि तहसील दिवस उपरांत गुरगवां गांव चलेंगे। अपर जिलाधिकारी एवं उप जिलाधिकारी व तहसीलदार सहित तहसील का पूरा स्टाफ गुरगवां गांव पहुंचा जहां कवि चंद्रपाल सिंह जो वृक्ष प्रेमी के नाम से भी जाने जाते हैं और कृषि क्षेत्र में उन्हें जिलाधिकारी द्वारा कई बार सम्मानित भी किया जा चुका है उनके द्वारा 5 एकड़ भूमि पर लगाए गए बगीचे में विभिन्न प्रजातियों के पौधों के बारे में कमिश्नर को अवगत कराया। कमिश्नर श्री चौधरी ने बाग का निरीक्षण किया व पौधे देखकर प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण के लिए यह स्थान उपयुक्त है उन्होंने एडीएम डा. अरविंद कुमार को निर्देशित कर बाग में वृक्षारोपण कराए जाने के निर्देश दिए हैं। इस बात की जानकारी बाग प्रेमी कवि चंद्रपाल सिंह ने मंगलवार दिन के 2:00 बजे दी।

# पति सहित तीन लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र सिंधौली के गांव भांडेरी निवासी शिवानी पत्नी संतराम मूल निवासी है उसके पिता गुड्डू पुत्र निर्मल ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसने अपनी पुत्री की शादी 2 वर्ष पूर्व हिंदू रीति रिवाज के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव बरेली निवासी ओमप्रकाश पुत्र संतराम के साथ की थी उसने बताया कि उसका पति लगातार उसकी पुत्री को मारता-पीटता चला आ रहा है ।उसकी पुत्री मारपीट के कारण कई बार बेहोश हो गई ।उसकी पुत्री की मारपीट में उसके सास ससुर का भी सहयोग रहता है। उसने बताया कि अपनी बेटी की शादी में अपनी समर्थय के अनुसार दान दहेज व नकद उपहार दिया था ।जिसमें मोटरसाइकिल गहने, कपड़े आदि दिए थे। जो ससुराल पक्ष ने अपने पास रख लिए पति का कहना है कि तेरी मां ग्राम प्रधान है और हमें अतिरिक्त दहेज के रूप में बुलेट गाड़ी व 5 लख रुपए नगद चाहिए। चार-पांच दिन पहले ससुरालीजनों ने बेटी को इतना मारा कि वह बेहोश हो गई। उसने किसी तरह मायके पक्ष को फोन कर सारी जानकारी दी जिस पर उसको हम लोग अपने घर पर ले आए उसने आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति ओमप्रकाश पुत्र संतराम ससुर संत राम पुत्र ना मालूम सास न मालूम पत्नी संतराम निवासी गांव भंडारी थाना सिधौली जनपद शाहजहांपुर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू की।

# बार एसोसिएशन चुनावः अध्यक्ष पद के लिए चार प्रत्याशियों ने ठोका दावा

**शाहजहांपुर।** जनपद की तहसील जलालाबाद के बार संघ की नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद चुनाव की सरगरियां तेज हो गई हैं। अध्यक्ष पद के लिए चार महासचिव पद के लिए दो कोषाध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशियों ने नामांकन कराया। तहसील जलालाबाद में बार एसोसिएशन के नामांकन की प्रक्रिया 6 दिसंबर को शुरू हुई जो 7 दिसंबर को दिन के 3:00 बजे तक चली अध्यक्ष पद के लिए अनिल कुमार पाठक सुभाष चंद्र मिश्रा ओमप्रकाश सक्सेना बार ऋषिपाल सिंह यादव ने अपना नामांकन कराया जबकि महासचिव पद के लिए आनंदपाल सिंह एवं अमित परमार ने अपना नामांकन कराया जबकि कोषाध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवार सुशील कुमार सिंह एवं राजकुमार कश्यप ने अपना नामांकन कराया वहीं संयुक्त सचिव द्वितीय के लिए एक मात्र प्रत्याशी मिथुन गुप्ता ने जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए प्रशांत कुमार श्रीवास्तव ने अपना नामांकन कर दिया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए प्रशांत कुमार श्रीवास्तव कनिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए सत्येंद्र वर्मा संयुक्त सचिव प्रथम के लिए हर्षित गुप्ता एवं संयुक्त सचिव द्वितीय के लिए मिथुन गुप्ता कोई प्रत्याशी सामने न होने के कारण निर्विरोध निर्वाचित किए गए हैं। प्रत्याशी अपने-अपने अधिवक्ताओं के समर्थन के साथ नामांकन करने पहुंचे। नामांकन के बाद चुनाव की प्रक्रिया तेज हो गई है और प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत के लिए साम दाम दंड भेद की नीति अपनाना शुरू कर दिया है इस बात की जानकारी चुनाव अधिकारी अवधेश कुमार श्रीवास्तव एवं सहायक चुनाव अधिकारी भुवनेश्वर सिंह ने दी।

# नगर आयुक्त ने किया कालोनी का निरीक्षण, देखी सफाई व्यवस्था

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र द्वारा आज महानगर क्षेत्र के एमनजई जलालनगर स्थित आवास विकास कॉलोनी का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था देखी गयी। निरीक्षण के समय ही डोर टू डोर जाकर लोगो से साफ-सफाई का फीडबैक लिया तथा क्षेत्र में साफ-सफाई रखने व घरों से निकलने वाले सूखे व गीले कचरे को अलग अलग कर नगर निगम द्वारा संचालित कूड़ा वाहन गाड़ी को देने को अपील की गई। इसके साथ ही महाप्रबंधक जल को निर्देशित किया गया कि आमजन को शुद्ध जलापूर्ति हेतु महानगर क्षेत्र में स्थित ओवरहेड टैंक की विशेष सफाई कार्य कराया जाए व पानी की शुद्धता हेतु नलकूप में लगी तकनीकी मशीन डोजर को चालू स्थिति में रखने हेतु निर्देश दिए गए। साथ ही महानगर के किसी भी स्थान पर पाइप लाइन लीकेज हो, तो उसको तत्काल ठीक कराकर जलापूर्ति की जाए। निरीक्षण के समय महाप्रबंधक जल, सहायक अभियंता जल, अवर अभियंता जल आदि लोग उपस्थित रहे।

### गायों के लिए नहीं मिली भरण पोषण की राशि

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के गांव मनोरथपुर चौक निवासी रामसेवक एवं देवेश कुमार ने जिला अधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र के बारे में बुधवार दोपहर के 12:00 बताया 15 मई 2025 को खण्डविकास अधिकारी जलालाबाद के नेतृत्व में अस्थाई गौवंश आश्रम स्थल रूपापुर से चार चार गायें प्राप्त की थी। गायें प्राप्त कराते समय गायों के भरण पोषण हेतु 1500 रूपए प्रति माह गाय के हिसाब से धनराशि देने की बात कही गई थी। परन्तु आज तक केवल 1 माह की ही भुगतान अनुदान राशि प्राप्त करायी गई है। जिससे गायों का भरण पोषण करने में काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है। 9 माह की धनराशि नहीं मिली है। और समय से गायों का सर्वे नही किया जाता है। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थीगणों द्वारा लिखित, मौखिक रूप से सम्बन्धित अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है परन्तु कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पीड़ितों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

# अपना दल एस की मासिक बैठक संपन्न



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

अपना दल एस की जनपद स्तरीय मासिक बैठक जिला महासचिव सूर्य कुमार एडवोकेट के आवास स्थित मोहल्ला निजाम गंज निकट घोड़ी बाबा मंदिर तिलहर में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुनील पटेल ने की। बैठक में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष बरेली परिक्षेत्र दानिश जिशान खान रहे। बैठक का संचालन जिला महासचिव सूर्य कुमार एडवोकेट ने किया। बैठक में सदस्यता अभियान, कार्यकारिणी का गठन व आगामी पंचायत चुनाव में मजबूती से प्रत्याशी लड़ाने पर विचार किया गया। बैठक में निवर्तमान प्रदेश सचिव राजीव पटेल, जिला उपाध्यक्ष ऋषभ गंगवार, विधानसभा अध्यक्ष तिलहर अजय कुमार कठेरिया, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सर्वेश कुमार गंगवार, कंचन गंगवार, अंशू गंगवार, अंजू गंगवार, पूर्व नगर अध्यक्ष तिलहर शुभम सक्सेना, अनिल कुमार, बहोरन राठौर, देवेंद्र गंगवार सहित अपना दल एस के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

### सोशल मीडिया पर भैंस चोरी की घटना का विडियो वायरल

**अल्हागंज-शाहजहांपुर।** नगर पंचायत अल्हागंज क्षेत्र में भैंस चोरी की घटना नगर पंचायत द्वारा स्थापित सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। घटना का वीडियो वर्तमान में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे इस घटना को लेकर नगर में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। नगर के इस्लामगंज मार्ग का वीडियो फुटेज बताया जा रहा है जिसमें चोरी की वारदात को अंजाम देने वाली पिकअप वाहन स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है जिसमें वाहन का पंजीकरण नंबर भी साफ नजर आ रहा है। सीसीटीवी में तीन युवकों द्वारा भैंस और उसके बच्चे को ले जाते हुए देखा जा सकता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चोरी की घटना को लेकर पीड़ित रामसेवक के द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल के माध्यम से घटना को लेकर शिकायत की गई है। थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया कि आईजीआरएस के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई थी जांच की जा रही है।

# पुलिस में भर्ती कराने के नाम पर सिपाही पर एक लाख रुपये ठगने का आरोप

**पुवायां, शाहजहांपुर।** गांव बनिगवां निवासी सुदेव कुमार ने एक सिपाही पर पुलिस में भर्ती कराने के नाम पर एक लाख रुपये लेने और नौकरी न मिलने पर रुपये वापस मांगने पर धमकी देने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। एसपी को भेजे प्रार्थनापत्र में सुदेव कुमार ने बताया कि वह वर्तमान प्रधान के पति हैं। इस कारण उनके घर एक दरोगा और सिपाही का आना-जाना था। पुवायां थाने के एक सिपाही ने उनको बताया कि उसकी विभाग में अच्छी पकड़ है और वह सुदेव को पुलिस में भर्ती करा देगा, इसके लिए 10 लाख रुपये देने होंगे। एक लाख रुपये अभी दे दो, शेष राशि भर्ती होने के बाद दे देना। सुदेश ने 29 जनवरी 2024 को अपने बैंक एकाउंट से सिपाही के बैंक एकाउंट में एक लाख रुपये डलवा दिए, जिसकी रसीद भी उनके पास है और बैंक स्टेटमेंट के माध्यम से भी रुपये देने का साक्ष्य है। पुलिस में भर्ती न होने और एक साल गुजर जाने पर उन्होंने सिपाही से रुपये मांगे तो सिपाही ने धमकी देते हुए कहा कि रुपये मांगे तो झूठे मुकदमों में जेल भेजे देंगे। सुदेव ने सिपाही पर छल कर एक लाख रुपये लेने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराने और रुपये वापस दिलाने की मांग की है।

> शिकायत मिली थी। वादी को अपना बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया है। जांच करने के बाद आरोपों की पुष्टि होने पर कार्रवाई कराई जाएगी।
>
> – प्रवीण मलिक, सीओ पुवायां

# मुख्यमंत्री पोर्टल तक पहुंची शिकायत, अफसरों की चुप्पी बरकरार, गाटा संख्या 307 पर अवैध कब्जा

**खुटार, शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज़।** खुटार थाना क्षेत्र के ग्राम लालापुर की ग्राम प्रधान प्रिया वर्मा ने ग्राम पंचायत की सार्वजनिक भूमि से अतिक्रमण हटवाने के लिए मुख्यमंत्री पोर्टल जनसुनवाई पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन कई दिन बीत जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। प्रधान द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में बताया गया है कि ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाली गाटा संख्या 307 पर कुछ व्यक्तियों द्वारा अनधिकृत रूप से कब्जा कर लिया गया है। इसके चलते सार्वजनिक संपत्ति का दुरुपयोग हो रहा है और ग्राम पंचायत के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उक्त भूमि पंचायत उपयोग के लिए आरक्षित बताई गई है, लेकिन अतिक्रमण के कारण उसका उपयोग संभव नहीं हो पा रहा है। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि ग्राम प्रधान द्वारा कई बार मौखिक रूप से अवैध कब्जा हटाने के लिए कहा गया, लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। इसके बाद मुख्यमंत्री पोर्टल जनसुनवाई के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई गई, जिसमें गाटा संख्या 307 के कुल रकबा 0.0450 हेक्टेयर भूमि की पैमाइश कराकर उसे पंचायत के सुपुर्द किए जाने की मांग की गई है। इस संबंध में नायब तहसीलदार से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हुआ। फिलहाल शिकायत दर्ज होने के बावजूद अब तक किसी प्रकार की प्रशासनिक कार्रवाई नहीं हो सकी है।

# स्मैक पाउडर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम को एक सफलता प्राप्त हुई है। 6 जनवरी को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो अभियुक्तो को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण एवं वांछित अपराधियों की तलाश में भ्रमणशील थी। तभी मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर 6 जनवरी को समय करीब 22 बजकर 7 मिनट पर ग्राम हुलासनगला पुल पर बायीं तरफ सर्विस रोड पर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तो में साधू उर्फ पूरनलाल पुत्र जेवलाल, निवासी ग्राम समधाना, राजकुमार पुत्र जगदीश निवासी ग्राम समधाना के कब्जे से 45 ग्राम व 53 ग्राम, कुल 98 ग्राम स्मैक (पाउडर) तथा एक मोटरसाइकिल ग्लैमर यूपी 27 एच 3288 बरामद की गई। बरामद स्मैक की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 10 लाख रुपये आंकी गई है। गिरफ्तार किए गए दोनों अभियुक्तों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में विधिक कार्यवाही की गई।

### विधायक ने चौकीदारों को कंबल और टॉर्च वितरित किए

**जैतीपुर, शाहजहांपुर।** क्षेत्र विधायक डा वीर विक्रम सिंह प्रिंस ने चौकीदारों को कंबल टॉर्च और डंडे वितरित किये इस दौरान उन्होंने चौकीदारों की हौसला अफजाई की चौकीदारों के कंबल टार्च और डंडे पाकर चेहरे खिल उठे। बुधवार सुबह कड़ाके की ठंड में थाना गढ़िया रंगीन थाने में विधायक डॉ वीर वीर विक्रम सिंह प्रिंस ने चौकीदारों को राहत सामग्री कंबल टॉर्च और डंडे वितरित किये इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्या भी सुनी तथा तत्काल समाधान के निर्देश भी दिए। सुबह–सुबह भीषण कड़ाके की ठंड में कंबल पाकर चौकीदारों को चेहरे खिल उठे। चौकीदारों ने बताया कि जब से विधानसभा में प्रिंस विधायक बने हैं तब से गरीबों और मजलूमों पर उत्पीड़न होना बंद हो गया है उन्होंने बताया कि वह इस सरकार में बिलकुल सेफ हैं।

# सीएम को पत्र भेजकर अवैध चबूतरे को हटवाए जाने की मांग की

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

**आवारा पशुओं को गौशाला पहुंचवाने के नाम पर एकत्र किए गए चंदे से मस्जिद के निर्माण का आरोप**

तहसील क्षेत्र के गांव के व्यक्ति ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर अवैध चबूतरे और ब्रेकर को हटवाए जाने की मांग की। साथ ही गांव में धार्मिक माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की। तहसील क्षेत्र के गांव मरेना निवासी छत्रपाल पुत्र नत्थूलाल एवं रितिक पुत्र छत्रपाल ने मुख्यमंत्री को भेजे गए शिकायती पत्र में बताया कि 2024 में गांव में 200 से अधिक आवारा पशु थे। जिससे पूरा गांव परेशान था। आवारा पशुओं को पकड़वाकर गौशाला भेजवाने के नाम पर ग्राम प्रधान पूरनलाल पुत्र प्रभु दयाल तथा रामू वर्मा, आजीव कुमार पुत्रगण अंगने लाल, गगन पुत्र आजीब कुमार ने ग्राम वासियों से लाखों रुपए का चंदा एकत्र किया। आवारा पशुओं को पकड़वाने के लिए कहीं से कोई परमिशन नहीं ली गई तथा पकड़वाय गए पशुओं को कहां छोड़ा गया यह जानकारी भी नहीं दी गई। जिसके बाद एकत्र किए गए चंदे से उक्त लोगों ने हिंदू चबूतरे को मुस्लिम वोटो के लिए मस्जिद का रूप दे दिया। इससे पूर्व दिनेश वर्मा ने अपनी प्रधानी में इस चबूतरे का निर्माण कार्य कराया। इसके बाद रामू वर्मा एवं पूरनलाल ने अवैध निर्माण करा कर विवाद को जन्म दे दिया। जिनके साथ ताजुद्दीन, कमरुद्दीन, इरशाद आदि लोग भी निर्माण कार्य में लग रहे । पीड़ितों ने इसका विरोध किया लेकिन उनकी बात किसी ने नहीं सुनी। रामू वर्मा ने आवारा पशुओं को पकड़वाने के लिए किए गए चंदे की लिस्ट यह कह कर दिखा दी की मस्जिद के लिए चंदा किया गया है। जबकि इन लोगों के अलावा किसी भी व्यक्ति ने मस्जिद के नाम पर कोई चंदा नहीं दिया। इसके बाद समझौते में अवैध निर्माण हटाकर सामान्य चबूतरा बने रहने की बात तय हुई थी लेकिन उस पर बना हुआ ब्रेकर एवं बड़ा चबूतरा अभी भी नहीं हटाया गया है। वहीं रामू वर्मा एवं उक्त लोग रागिनी वर्मा के नाम से फेसबुक आईडी बनाकर उस पर फर्जी खबरें डालकर गांव का माहौल खराब करने पर तुले हुए हैं । पीड़ितों ने भेजे गए शिकायती पत्र में पकड़े गए आवारा पशुओं के मामले में पशु क्रूरता एवं गांव में धार्मिक माहौल बिगड़ने के लिए अवैध मस्जिद का निर्माण करने वालों के खिलाफ जांच कर कार्रवाई किए जाने तथा अवैध ब्रेकर एवं बढ़े हुए चबूतरा को हटाए जाने की मांग की।

# पुवायां में जन कल्याणकारी योजनाओं के लिए लगा शिविर

**ब्लॉक प्रमुख ने किया उद्घाटन, ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान**

**पुवायां, शाहजहांपुर।** बुधवार को ब्लॉक पुवायां परिसर में जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने और उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से एक शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभब्लॉक प्रमुख सुरजन लाल ने फीता काटकर किया। शिविर में समाज कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तीकरण और स्वास्थ्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी वकर्मचारी उपस्थित रहे। यहां दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने, आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड, विधवा पेंशन और वृद्धावस्था पेंशन (60 वर्ष से अधिक आयु) जैसी कई योजनाओं पर चौपाल लगाई गई। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया। ब्लॉक प्रमुख सुरजन लाल ने इस अवसर पर कहा कि सरकार की मंशा है कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने बताया कि ऐसे शिविरों से लोगों को न केवल योजनाओं की जानकारी मिलती है, बल्कि उनकी समस्याओं का समाधान भी एक ही स्थान पर हो जाता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी पात्र व्यक्ति को योजनाओं के लाभ से वंचित न किया जाए। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया पूरी की। अधिकारियों ने बताया कि जिन मामलों में दस्तावेज अधूरे पाए गए, उन्हें शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि लाभार्थियों को समय पर लाभ मिल सके। कार्यक्रम के सफल आयोजनसे ग्रामीणों में संतोष दिखा। उन्होंने ऐसे शिविरों को नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की।

# योजनाओं को जन-जन तक पहुंचायें: नरेन्द्र कश्यप

- प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग एवं जनपद के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप की अध्यक्षता में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने योजनाओं की प्रगति के संबंध में मंत्री को अवगत कराया। मंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाइट की डिमांड बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा दिए जा रही छात्रवृत्ति की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि छात्रवृत्ति एवं शादी अनुदान धनराशि के प्रमाण पत्रों का वितरण जनप्रतिनिधियों द्वारा कराया जाए तथा उन्हें विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की सूची भी उपलब्ध कराई जाए। मंत्री ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि विदेश में पढ़ने वाले छात्रों को भी छात्रवृत्ति का लाभ दिलाया जाए। मंत्री ने विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए कड़े निर्देश दिए कि अभी से ट्रांसफार्मर बदलना, क्षमता वृद्धि करना, विद्युत लाइनों को सही करना एवं विद्युत सब स्टेशनों के मरम्मत का कार्य समय से पूर्ण कर लिया जाए जिससे गर्मियों में लोगों को प्रॉपर विद्युत आपूर्ति मिलती रहे। उन्होंने अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देश दिए कि व्यावसायिक अपग्रेड बिजनेस प्लान के प्रस्तावों की सूची उपलब्ध कराई जाए। मंत्री ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी विज्ञापन या पॉलिसी की कॉपी जनप्रतिनिधियों को अवश्य उपलब्ध कराई जाए। मंत्री ने कृषि विभाग को निर्देश दिए कि ई-लॉटरी के माध्यम से कृषि यंत्रों के लिए चयनित किसानों को चाबी जनप्रतिनिधियों से




वितरित कराई जाए। निराश्रित को गोवंशों को संरक्षित के संबंध में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने अवगत कराया की जनपद में 145 गौशालाएं हैं। जिसमें से 14 वृहद गौशालाएं है, और 18 हजार गोवंश संरक्षित हैं तथा 10 गौशालाएं और स्वीकृत हो गई है। मंत्री ने कहा कि निराश्रित गोवंश की समस्या को गंभीरता से लिया जाए। मंत्री ने कहा कि 10 स्वीकृत गौशालाओं की टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर जनप्रतिनिधियों से शिलान्यास कराकर निर्माण कार्य तेज गति से कराया जाए। गौशाला में पशुओं के लिए पर्याप्त ठंड के प्रबंधन होने चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि चारागाह की जमीनों को कब्जा मुक्त करा कर गोवंश के लिए हरा चारे की बुवाई कराई जाए। मंत्री ने जीएसटी, आबकारी, स्टांप, मंडी एवं बिजली सहित अन्य विभागों के राजस्व कार्यो की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि लक्ष्य के सापेक्ष समय से राजस्व वसूली पूर्ण की जाए। लक्ष्य के सापेक्ष समय से राजस्व वसूली प्राप्त कर प्रदेश को आगे बढ़ाना है। मंत्री ने कानून व्यवस्था की समीक्षा में एसपी राजेश द्विवेदी द्वारा एनडीपीएस, ईनामी बदमाश, जिला बदर, धारा 302 के पेंडिंग मामलें, पास्को एक्ट, आदि कार्रवाई की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि अपराधियों पर तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाए। मंत्री ने कहा की विवेचना समय से की जाए। कानून व्यवस्था में मुख्यमंत्री की मंशानुरूप कार्य किया जाए। प्रभारी मंत्री ने एसपी से कहा कि कानून व्यवस्था के संबंध में जो सरकार के दिशा निर्देश हैं उसी के अनुसार अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए जो भी समस्याएं हैं उनका निस्तारण समयबद्ध एवं निष्पक्ष पूर्ण होना चाहिए। मंत्री ने ठंड के बचाव के संबंध में जानकारी ली। नगर आयुक्त ने बताया कि पर्याप्त रैन बसेरे बनाए गए हैं, जिनमें हीटर गैस सिलेंडर आदि व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि आवश्यक सभी प्रमुख स्थलों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। भ्रमणकर गरीब एवं असहाय लोगों को कम्बल वितरित किए जा रहे हैं। मंत्री ने डीएम से कहा कि जनपद में उर्वरक आपूर्ति एवं वितरण जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर कराया जाए। सभी समितियां पर पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। मंत्री ने निर्देश दिए कि जनपद में प्राइवेट खाद्य की दुकानों पर ओवररेटिंग एवं कालाबाजारी नहीं होनी चाहिए ऐसा करने वाले होल सेलेरो के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिए कि दुकानों पर छापेमारी कर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। मंत्री ने कहा कि किसान अन्नदाता है, किसानों को किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। मंत्री ने विकसित भारत जी राम जी योजना के बारे में बताया कि सरकार 125 दिन का वर्ष में काम देगी तथा प्रत्येक माह में भुगतान मिलेगा। मंत्री ने कहा कि बैठक में जो भी केंद्रीय एवं राज्य सरकार की योजनाओं के संबंध में सुझाव दिए गए हैं उन पर अच्छे से काम कर योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है। निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण कराए जाए। इस अवसर पर महापौर अर्चना वर्मा, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर, कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह, पुवायां विधायक चेतराम, ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, नगर आयुक्त विपिन कुमार मिश्र, सीडीओ अपराजिता सिंह सहित अन्य जन प्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

## मंत्री ने निर्माणाधीन पेयजल परियोजना में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के दिए निर्देश



**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग एवं जनपद के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने नगर पंचायत, कटरा में पुनर्गठन पेयजल योजना के अन्तर्गत हो रहे कार्यों का निरीक्षण किया। भारत सरकार की महत्वकाक्षी अमृत 2.0 योजना के अन्तर्गत नगर पंचायत कटरा को शुद्ध पेयजल से पूर्ण रूप से आच्छादित किया जाना लक्षित है। अमृत 2.0 अन्तर्गत 3009.82 लाख की धनराशि प्रदान की गयी। मंत्री ने निर्माण कार्य की प्रगति एवं पानी नेक्शन के संबंध में जानकारी ली। परियोजना का 42 प्रतिशत भौतिक कार्य पूर्ण हो चुका है। मंत्री ने अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ सासमय पूर्ण कराया जाए। गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि जो पाइप लाइन डाली जा रही है उसका रेस्टोरेशन कार्य अच्छे से किया जाए जिससे लोगों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह ड्रीम प्रोजेक्ट है मानव भाव समझकर अच्छे से कार्य किया जाए तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखाजाए। इसमें किसी प्रकार की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### आज से बंटेगा जनपद में नि:शुल्क खाद्यान्न: डीएसओ



**शाहजहांपुर।** शासन द्वारा माह जनवरी 2026 के सापेक्ष खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही केन्द्र सरकार द्वारा योजनान्तर्गत गरीब लाभार्थियों के आर्थिक बोझ को कम करने तथा राष्ट्रीय एकरूपता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एनएफएसए में आच्छादित अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को जनवरी 2024 से 5 वर्ष हेतु नि:शुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। जानकारी देते हुए डीएसओ चमन शर्मा ने बताया कि उक्त के दृष्टिगत माह जनवरी 2026 के सापेक्ष वितरित होने वाले खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण आज गुरुवार से 28 जनवरी के मध्य किया जाएगा। इसके अंतर्गत अन्त्योदय लाभार्थियों को प्रति कार्ड 14 किलोग्राम गेहूं व 10 किलोग्राम बाजरा एवं 11 किलोग्राम चावल कुल 35 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति कार्डधारक नि:शुल्क एवं इसी प्रकार पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को प्रति यूनिट 2.0 किलोग्राम गेहूं, 2.0 किलोग्राम बाजरा व 1.0 किलोग्राम चावल कुल 05 किलोग्राम खाद्यान्न नि:शुल्क वितरित किया जाएगा। खाद्यान्न के नि:शुल्क वितरण की सुविधा पोर्टेबिलिटी के माध्यम से भी अनुमन्य रहेगी। ऐसे लाभार्थी जिनका कतिपय कारणों से अंगूठा ई-पॉस मशीन पर नहीं लग रहा है उन्हें मोबाइल ओटीपी वेरीफिकेशन के माध्यम से भी 28 जनवरी को खाद्यान्न वितरित किया जाएगा।

### चार्ज संभालते ही एक्शन में नजर आए प्राधिकरण सचिव, कई निर्माण कार्य पर ब्रेक



**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त सचिव एवं अपर नगर आयुक्त अजय कुमार त्रिपाठी द्वारा बुधवार को अवर अभियन्ता व अन्य प्राधिकरण स्टाफ के साथ प्राधिकरण क्षेत्र में चल रहे अवैध निर्माणों का निरीक्षण किया गया, जिसके क्रम में ग्राम ककरा काकर कुण्ड, अजीज़गंज, रहमाननगर उर्फ राईखेड़ा व जलालनगर बाहर चुंगी आदि में चल रहे अनेकों अवैध निर्माण कार्यों को निरीक्षण कर स्थल पर जाकर रुकवाया गया। जिसमें ग्राम ककरा में मीना देवी, अवनीश व अविनाश द्वारा दुकानों का निर्माण करवाया जा रहा था। स्थल पर चल रहे निर्माण को तत्काल रूकवाया गया तथा लेबर व मिस्त्री को मौके से हटा दिया गया। निर्माणकर्ताओं को सख्त चेतावनी दी गई कि किसी भी स्थिति में बिना मानचित्र स्वीकृत कराये आगे निर्माण न हो। ग्राम अजीजगंज में संतराम सिंह फौजी द्वारा दुकानों का निमार्ण कार्य जारी था, जोकि मानक के विपरीत था, जिसे मौके पर तत्काल रूकवा दिया गया। सचिव द्वारा मौके पर ही निर्माणाधीन कॉलम की शटरिंग को स्वयं खड़े होकर सख्त रवैया अपनाते हुये खुलवा दिया गया, तथा लेबर-मिस्त्री को जाने के लिये बोला गया। निर्माणकर्ता संतराम सिंह को प्राधिकरण में विधिवत मानचित्र प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया तथा प्राधिकरण में पंजीकृत मानचित्रकारों के मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराये गये। ग्राम जलालनगर में शाहरूख निशा द्वारा कराया जा रहा निर्माण स्थल पर तत्काल रूकवाया गया। सख्त निर्देश दिये गये कि बिना मानचित्र स्वीकृत कराये कोई भी निर्माण नहीं होना चाहिए। प्राधिकरण सचिव ने बताया कि सभी निर्माणकर्ताओं को प्राधिकरण से विधिवत् मानचित्र स्वीकृत कराकर ही निर्माण करने के सख़्त निर्देश दिये गये। अवैध निर्माणों के विरूद्ध सुसंगत धाराओं के अंतर्गत नोटिस जारी करने, निर्माण सील करने एवं ध्वस्तीकरण करने की कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

### मतदाता सूचियों का आलेख्य प्रकाशन 6 जनवरी को किया गया: एडीएम प्रशासन



**शाहजहांपुर।** अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के प्रगाढ़ पुनरीक्षण के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूचियों का आलेख्य प्रकाशन 6 जनवरी 2026 को सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा समस्त मतदेय स्थलों पर कराया गया तथा आलेख्य प्रकाशित मतदाता सूचियां सम्बन्धित बूथ लेविल अधिकारियों के पास एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के कार्यालयों में जनसामान्य के निरीक्षण के लिए उपलब्ध है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा ने बताया कि आलेख्य प्रकाशित मतदाता सूचियां जनपद की बेवसाइट पर भी अपलोड है। कोई भी व्यक्ति अपना नाम मतदाता सूची में खोज सकता है। electoralsearch.eci.gov.in बेवसाइट पर जाएं और फिर दिए गए बॉक्स में अपना EPIC नंबर टाइप करके अपना नाम खोजें। कैप्चा भरने के बाद खोजें पर क्लिक करें। यदि आपका नाम मतदाता सूची में मौजूद है, तो परिणाम में आपकी प्रविष्टि का विवरण दिया जाएगा, अन्यथा कोई परिणाम नहीं मिला प्रदर्शित होगा।

## मौलाना तौकीर रजा के बेटे की कार बस के पीछे टकराई

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

- एसपी ग्रामीण रात में ही पहुंचीं कोतवाली, फरमान के कब्जे से कम मात्रा में मिली क्रिस्टल स्मैक बरामद
- मुकदमा दर्ज कर रात में ही कोतवाल ने छोड़ा दिया फरमान को

हाइवे पर रोडवेज बस के ब्रेक लगने के दौरान पीछे से बस में कार टकराने से चालक मामूली रूप से चोटिल हो गया।घायल युवक बरेली दंगा के आरोपी मौलाना तौकीर रजा का बेटा होने की खबर मिलते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया । जिसके कब्जे से क्रस्टल स्मैक बरामद होने के बाद मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने कम मात्रा में ड्रग्स बरामद होने के चलते उसे जमानत पर रिहा कर दिया। जानकारी के मुताबिक मंगलवार की देर शाम करीब साढ़े सात बजे हाइवे पर सीतापुर डिपो की बस संख्या के यूपी 78 केटी 7432 के चालक द्वारा कच्छियानी मंदिर के सामने बस का अचानक ब्रेक लगाए जाने पर पीछे से आ रही कार संख्या यूपी 25 डी डब्ल्यू 5993 बस में पीछे से जा टकराई । दुर्घटना होते ही मंदिर से तमाम लोग दौड़ पड़े और कार चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। दौरान डायल 112 भी मौके पर जा पहुंची। मामूली रूप से घायल हुए कार चालक ने नाम पता बताने में आना कानी की और कार की डिग्गी खोलने से साफ इंकार कर दिया तो शक गहराने पर डायल 112 ने तत्काल सूचना कोतवाल जुगल किशोर पाल को दी। कोतवाल घटना स्थल




पहुंचे, कार चालक युवक ने अपना नाम फरमान राजा खान पुत्र तौकीर रजा खान बरेली बताया। इस दौरान डिग्गी खुलवाने पर उसमें एक ट्रॉली बैग बरामद हुआ। फिर क्या था कोतवाल ने सीओ ज्योति यादव तथा एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे को जानकारी दी । वहीं फरमान को ट्रॉली बैग समेत पुलिस ने अपनी गिरफ्त में ले लिया और लेकर कोतवाली पहुंची। इस दौरान एसपी ग्रामीण भी कोतवाली पहुंच गई। फरमान ने बमुश्किल ट्राली वैग का लॉक नंबर बताया। जिसे खोलने पर उसमें एक सफेद पाउडर की पन्नी तथा एक सिरिंज बरामद हुई। पूछताछ में फरमान ने क्रिस्टल स्मैक को अपना स्वीकार करते हुए बताया कि वह स्वयं ड्रग्स लेता है। इस दौरान कोतवाल फरमान को रात में ही कटरा थाने ले जाया गया।जहां सीओ ज्योति यादव के सानिध्य में फर्द तैयार कर मुकदमा दर्ज कराने के बाद क्रिस्टल स्मैक व सिरिंज को सील कर जांच के लिए सुरक्षित कर लिया। वहीं फरमान रजा खान का मेडिकल कराया गया। तदोपरांत कोतवाल जुगल किशोर पाल ने जमानत देकर बरेली से पहुंचे नजदीकियों को फरमान सुपुर्द कर दिया। पूछने पर कोतवाल ने सुप्रीम कोर्ट व मानवाधिकार का हवाला देते हुए बताया कि कम मात्रा में ड्रग्स मिलने के कारण फरमान की जमानत दी गई है।


## कार्यालय ग्रा0पं0 ख्वाजा अहमदपुर कटिया वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांक:मीमो/मनरेगा योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 — दिनांक 07/01/2026

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत ख्वाजा अहमदपुर कटिया विकास खण्ड शमशाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों में सामग्री विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 08/01/2026 से दिनांक 14/01/2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 14/01/2026 को अपरान्ह 5 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 08/01/2026 से दिनांक 14/01/2026 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | राजीव के घर से श्रीकृष्ण के खेत तक इंटरलाकिंग कार्य | 548540 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | डामर रोड से शंकर मंदिर तक इंटरलाकिंग कार्य | 708516 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (सियाराम) — ग्रा0पं0 ख्वाजा अहमदपुर कटिया, वि0ख0 शमशाबाद — सचिव ( अभय प्रताप सिंह )

## कार्यालय ग्रा0पं0 फरीदपुर सैदवाड़ा वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांक:मीमो/मनरेगा योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 — दिनांक 07/01/2026

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत फरीदपुर सैदवाड़ा विकास खण्ड शमशाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों में सामग्री विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 08/01/2026 से दिनांक 14/01/2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 14/01/2026 को अपरान्ह 5 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 08/01/2026 से दिनांक 14/01/2026 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | गोलू भुर्जी के मकान से नरेश मास्टर के घर तक इंटरलाकिंग व नाली कार्य | 252348 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (सुनीता गंगवार) — ग्रा0पं0 फरीदपुर सैदवाड़ा वि0ख0 शमशाबाद — सचिव (राजेश कुमार )


### आग से झुलसी महिला, लेकिन डायल 108 की नहीं पहुंची एम्बुलेंस



**पूरनपुर, पीलीभीत।** एक महिला आग से झुलस गई गंभीर रूप से आग से झुलसी महिला को लोग अस्पताल ले जाने के लिए डायल 112 और 108 पर संपर्क करते रहे लेकिन समय से कोई भी सहायता नहीं पहुंची ग्रामीणों को मजबूरी में प्राइवेट वाहन से महिला को अस्पताल ले जाना पड़ा। जानकारी के मुताबिक पूर्ण तहसील क्षेत्र के गांव धक्का चार्ट के ग्रांट नंबर 21 की रहने वाली मंजीत कौर पत्नी बलविंदर सिंह उस समय आग से झुलस गई जब महिला खाना बना रही थी खाना बनाते समय अचानक मंजीत कौर के कपडो में आग लग गई जिस पर महिला की चिखी चिलाई तो आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए किसी तरह से लोगों ने आग लगे कपड़ों को शरीर से हटाया। लेकिन आग लगने से महिला गंभीर रूप से झुलस गई महिला को अस्पताल ले जाने के लिए लोग 108 पर एम्बुलेंस बुलाने के लिए फोन करते रहे लोगों का आरोप है कि फोन करने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग की ओर से एम्बुलेंस की सेवा मौके पर नहीं पहुंची। आग से झुलसी महिला काफी देर तक दर्द से करहाती रही। जब एम्बुलेंस मौके पर नहीं पहुंची तो ग्रामीणो ने प्राइवेट बहन बुलाकर आग से झुलसी महिला को अस्पताल भेजवा दिया।


# कार्यालय जिलाधिकारी/लाइसेंस प्राधिकारी, जनपद जालौन।

पत्रांक- 1480/जि.आ.अधि./मध्य सत्र व्यवस्थापन/2025-26/ई-टेण्डर/जालौन/ — दिनांक- 06.01.2026

## ई-टेण्डर सम्बन्धित विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि जिलाधिकारी/लाइसेंस प्राधिकारी जनपद जालौन के आदेश सं. 1476/ जि.आ.अधि./ दे.श.खर्रा/ निरस्ती./जालौन/25-26/दिनांक 05,जनवरी 2026 द्वारा देशी शराब दुकान खर्रा जनपद जालौन निरस्त की गयी है, तत्पश्चात उक्त मदिरा दुकान का वर्ष 2025-26 की अवशेष अवधि हेतु स्थायी व्यवस्थापन ई-टेण्डर/ऑफर के माध्यम से किया जाना है। उपरोक्त मदिरा दुकान के सम्बन्ध में विवरण ई-निविदा की वेबसाइट www.etender.up.nic.in से ऑनलाइन डाउनलोड किया जा सकता है। मदिरा दुकान का विवरण निम्नवत है-

**वर्ष 2025-26 हेतु जनपद जालौन में मदिरा दुकान हेतु ई-टेण्डर का विवरण।**

| क्र. सं. | मद का प्रकार | शॉप आई.डी. | दुकान का नाम | वर्ष 2025-26 हेतु निर्धारित वार्षिक एम.जी.क्यू. | वर्ष 2025-26 हेतु निर्धारित बे.ला.फी. | हैसियत प्रमाण पत्र की धनराशि | वर्ष 2025-26 हेतु प्रतिभूति धनराशि | आवेदन फीस |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | देशी शराब | 252610321 | खर्रा | 10956 | 351000 | 533260 | 284856 | 40000 |

उपरोक्त मदिरा दुकान हेतु प्रोसेसिंग फीस (देशी मदिरा दुकान हेतु प्रति आवेदन फीस रू. 40000/-) ई-टेण्डर हेतु आवेदन करते समय प्रोसेसिंग फीस के भुगतान हेतु "फ्री-डिटेल" वाले पेज पर "फ्री-पेमेन्ट-मोड" के अंतर्गत "आनलाइन" सेलेक्ट किया जायेगा। उसके उपरान्त प्रोसेसिंग फीस ई-टेण्डर पोर्टल पर केवल आनलाइन माध्यम से ली जायेगी।

**ऑनलाइन ई-टेण्डरिंग हेतु निम्नानुसार समय सारणी निर्धारित की गयी है:-**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Tender publishing date | 07-01-2026 at 11:00 |
| 2. | Bid submission start date | 07-01-2026 at 11:30 |
| 3. | Bid submission closing date | 16-01-2026 at 11:00 |
| 4. | T echnical bid openning date | 16-01-2026 at 01:00 |
| 5. | Financial bid openning date | 16-01-2026 at 02:00 |
| 6. | The Place of Bid openning | Collectorate meeting Hall Orai |

ई-टेण्डर प्रक्रिया में समान ऑफर प्राप्त होने की दशा में चयन लाटरी के माध्यम से किया जायेगा। 1- आवेदन/व्यवस्थापन से सम्बन्धित प्रक्रिया वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर सम्पादित की जायेगी तथा मदिरा दुकान हेतु उक्त वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइल आफर/ आवेदन किया जा सकेगा। प्रत्येक आवेदक/ आफर दाता को DIGITAL SIGNATURE CIRTIFICATE (DSC) भारत सरकार द्वारा अधिसूचित किसी भी एजेन्सी से अनिवार्य रूप से तैयार करानी होगी तथा www.etender.up.nic.in पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। तभी वह मदिरा की दुकान हेतु आवेदन कर सकेगा।

3. ऐसे सभी आवेदक/ आफरदाता, जिन्हें जनपद जालौन में आबकारी नीति वर्ष 2025-26 के अनुसार 02 दुकानों पूर्व में आवंटित हो चुकी है, वह इस प्रक्रिया में अर्ह नहीं होगें। उल्लेखनीय है कि आवेदक को टेक्निकल बिड के प्रारूप-1 में पूर्व में आवंटित दुकान का विवरण देना अनिवार्य होगा। शेष नियम व शर्तें यथावत रहेंगी। इसके अतिरिक्त विस्तृत जानकारी जनपद की वेबसाइट jalaun.nic.in से एवं कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी,जालौन व क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है। उक्त विज्ञप्ति/ व्यवस्थापन के सम्बन्ध में यदि मा. न्यायालय में कोई वाद योजित होता है तो सम्बन्धित व्वस्थापन मा. न्यायालय के अंतिम निर्णय के अधीन होगा।

**भूपेन्द्र सिंह**
**जिला आबकारी अधिकारी**
**जनपद जालौन।**

**राजेश कुमार पाण्डेय**
**जिलाधिकारी/ लाइसेंस प्राधिकारी**
**जनपद जालौन।**


## भारतीय किसान यूनियन (भानु) का धरना कल

- पूरनपुर ब्लॉक परिसर में होगा आयोजित

**पूरनपुर, पीलीभीत, समृद्धि न्यूज़।**



भारतीय किसान यूनियन (भानु) द्वारा पूर्व में 10 जनवरी को प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन अब अवकाश होने के कारण एक दिन पूर्व 9 जनवरी, शुक्रवार को आयोजित किया जाएगा। यह धरना पूरनपुर ब्लॉक परिसर में किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में किसानों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। यह आंदोलन पूरनपुर क्षेत्र में लंबे समय से विवादों में घिरे ग्राम पंचायत सचिव अखिलेश गुप्ता के खिलाफ किया जा रहा है। संगठन का आरोप है कि सचिव द्वारा ग्राम पंचायत शेरपुर में कार्यों के संचालन में अनियमितताएं बरती गई हैं, जिससे किसानों और ग्रामीणों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय किसान यूनियन (भानु) ने सचिव को तत्काल शेरपुर ग्राम पंचायत से हटाने की मांग की है। भाकियू (भानु) के पदाधिकारियों का कहना है कि कई बार संबंधित अधिकारियों को शिकायतें देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। संगठन का आरोप है कि ग्राम पंचायत से जुड़े विकास कार्यों, अभिलेखों और योजनाओं में पारदर्शिता का अभाव है, जिसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। यूनियन ने सभी किसान साथियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में समय पर पूरनपुर ब्लॉक परिसर पहुंचकर धरना-प्रदर्शन को सफल बनाएं। संगठन का कहना है कि जब तक किसानों की मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया जाएगा, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा।धरना-प्रदर्शन को लेकर प्रशासन की ओर से भी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की संभावना है। किसानों का कहना है कि उनका आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहेगा, लेकिन मांगें पूरी होने तक वे पीछे हटने वाले नहीं हैं।

## पंजाब में बढ़ते अपराध

यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि पंजाब में सरेआम की जा रही लक्षित हत्याओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। दुस्साहसी हत्यारे अपने मंसूबों को अंजाम देकर साफ निकल जाते हैं। यह विडंबना ही है कि पंजाब में नये साल की शुरुआत दिनदहाड़े हुई हत्याओं की एक श्रृंखला के साथ हुई है। अब चाहे लुधियाना जिले में एक पूर्व कबड्डी खिलाड़ी की निर्मम हत्या हो या अमृतसर के मैरिज रिसॉर्ट में एक विधायक के करीबी सरपंच की गोली मारकर बेरहमी से हत्या, इनसे पता चलता है कि पंजाब के अपराधियों में कानून का भय नहीं रह गया। निश्चित रूप से ये घटनाएं पंजाब में गंभीर चुनौती बनती एक जटिल समस्या की ओर इशारा करती हैं। इस चिंताजनक होती स्थिति की वजह लगातार अपराधी गिरोहों के नेटवर्क का मजबूत होना, घातक हथियारों की सहज उपलब्धता और पुलिस बल पर लगातार बढ़ता दबाव भी है। दूसरी ओर विपक्षी दल आरोप-प्रत्यारोपों का सिलसिला चलाए रहते हैं और राजनीतिक लक्ष्यों के लिये मुख्यमंत्री भगवंत मान के इस्तीफे की मांग करते रहते हैं। वहीं सरकार इस संकट को अपने पूर्ववर्तियों द्वारा विरासत में छोड़ा गया बताते हैं। लेकिन एक हकीकत है कि इन बयानबाजियों से नागरिकों की असुरक्षा कम नहीं होती है। वहीं पंजाब के शीर्ष पुलिस अधिकारियों की दलील होती है कि पंजाब में अपराध दर राष्ट्रीय औसत से काफी कम है। लेकिन रा'य में बढ़ते अपराधों के संकट को किसी भी सूरत में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। निश्चित रूप से जब हत्याएं रा'य के भीड़भाड़ वाले इलाकों में होती हैं तो लोगों का कानून व्यवस्था से भरोसा उठ जाता है। वहीं दूसरी ओर रा'य के पुलिस महानिदेशक की दलील है कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ड्रोन के जरिये हथियार, गोला-बारूद और नशीले पदार्थ भेजकर सीमांत रा'य पंजाब के खिलाफ परोक्ष युद्ध छेड़े हुए है। निश्चय ही यह बात इस सीमावर्ती रा'य के लिये गंभीर चिंता का विषय है। इसमें दो राय नहीं कि पंजाब के डीजीपी का पाक से अपराधियों को प्रश्रय देने वाला बयान चिंता बढ़ाने वाला है। खासकर उस रा'य के लिये, जिसने एक दशक तक उग्रवाद का सामना किया हो। लेकिन पंजाब के अपराध संकट के लिये केवल बाहरी कारकों को ही जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। यह पुलिस विभाग की शिथिलता व खुफिया तंत्र की नाकामी के साथ सामाजिक विद्रूपताओं से भी उपजा संकट है। निस्संदेह, रा'य में अधिक बेरोजगारी है। बंदूक संस्कृति का महिमामंडन भी गंभीर चुनौती है। वहीं दूसरी ओर युवाओं में रातों-रात धनवान बनने का लालच भी स्थानीय व क्षेत्रीय गिरोहों के पनपने की गंभीर वजह है। इसके अलावा पुलिस विभाग की संरचना की भी कुछ विसंगतियां सामने आती हैं। मसलन पुलिस व्यवस्था में उच्च अधिकारियों की तो अधिकता है मगर फील्ड स्टाफपर काम का बोझ जरूरत से 'यादा है। इसके अलावा पुलिस के कामकाज में राजनीतिक हस्तक्षेप के भी आरोप लगते रहे हैं। यही वजह है कि पुलिस, हासिल कुछ सफलताओं के बावजूद जनता का विश्वास जीतने के लिये संघर्ष कर रही है। लेकिन राजनीतिक बयानबाजियों से इतर राज्य सरकार को अपनी रणनीति में बदलाव लाकर धरातल पर गंभीर प्रयास करने होंगे। मौजूदा हालात में बहुआयामी रणनीति बनाने की सख्त जरूरत महसूस की जा रही है। इसके अंतर्गत पुलिस सुधार भी प्राथमिकता के आधार पर किए जाने की जरूरत है, ताकि हाइटैक अपराधियों पर शिकंजा कसा जा सके।

# मतदाता सूचियों के शुद्धिकरण का राजनैतिक प्रभाव



**मतदाता सूचियों के प्रगाढ़ पुनरीक्षण के प्रथम चरण पूरा होने के बाद उत्तर प्रदेश में दो करोड़ 89 लाख मतदाताओं के नाम अन्तिम मतदाता सूची से हटाए जा सकते हैं। इस आंकड़े के सामने आने के बाद विपक्षी दल समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ही नहीं बल्कि सत्ताधारी भाजपा के नेताओं के चेहरे पर भी चिंता की लकीरें साफ नजर आ रही हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव दावा कर रहे हैं कि आगामी चुनाव में भाजपा की सीटें इकाई के अंकों में सिमट कर रह जाएंगी तो भाजपा के नेता सपा नेताओं पर आरोप लगा रहे हैं कि अवैध मतदाताओं के वोट कटने से वे बौखलाए हुए हैं। बंगाल में भी 58.20 लाख मतदाताओं के नाम कटने के अलावा एक करोड़ 67 लाख मतदाताओं का नाम अन्तिम सूची में शामिल करने से पहले गहन परीक्षण किया जा रहा है जिसने ममता दीदी के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं।**

**विकास सक्सेना**

मतदाता सूचियों के शुद्धिकरण के लिए देश के 12 राज्यों में चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का प्रथम चरण पूर्ण हो गया है। मसौदा सूची जारी होने के बाद 20 प्रतिशत तक मतदाताओं के वोट कटने की संभावना से राजनैतिक दलों के नेताओं और उनके समर्थकों की नींद उड़ी हुई है। सभी राज्यों में पार्टी के बड़े नेता लगातार अपने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को इसके लिए चेता रहे हैं और पार्टी समर्थकों के वोट न कटने देने के लिए प्रयास करने को कह रहे हैं।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तो बीते दिनों जनप्रतिनिधियों और संगठन के पदाधिकारियों की बैठक बुलाकर चेतावनी दी थी कि जिन मतदाताओं के नाम कट रहे हैं उनमें 90 प्रतिशत भाजपा के समर्थक हैं। इतना ही नहीं एसआईआर को लेकर पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और गुजराज आदि राज्यों में भी भारी हलचल है। मतदाता सूचियों के शुद्धिकरण का राजनैतिक दलों पर क्या प्रभाव पड़ने वाला है इसका आकलन करने से पहले इस अभियान के तहत हटाए जाने वाले मतदाताओं का विश्लेषण आवश्यक है। गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान बड़ी संख्या में अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत और दोहरे (डुप्लीकेट) मतदाताओं के वोट काटे जा रहे हैं। अनुपस्थित की श्रेणी में उन मतदाताओं को रखा गया है जो गहन पुनरीक्षण के दौरान बूथ लेबल अधिकारी (बीएलओ) को मिले ही नहीं। इनमें स्थानांतरित और दोहरे मतदाता भी शामिल हो सकते हैं। स्थानांतरित मतदाताओं में उनको शामिल किया गया है जो अपना निवास स्थान छोड़ कर कहीं और चले गए हैं। जिन मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है उनका नाम भी मसौदा सूची से हटा दिया गया है इसके अलावा जिन मतदाताओं के एक से अधिक स्थान पर वोट थे उनके नाम भी इस सूची से हटाए जा चुके हैं।

इसके बाद एक बड़ी संख्या उन मतदाताओं की है जिनके नाम साल 2025 की मतदाता सूची में तो दर्ज है लेकिन गहन मतदाता सूची में उनका नाम नहीं है और न ही उनके माता, पिता, दादी या दादा का नाम उसमें मिला है। ऐसे मतदाताओं के लिए नोटिस जारी किए जा रहे हैं। उन्हें अन्तिम मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए चुनाव आयोग द्वारा तय किए गए 12 दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। लेकिन सबसे बड़ी चिंता की बात पश्चिम बंगाल में मिले लगभग एक करोड़ 36 लाख तार्किक विसंगतियों वाले संदिग्ध मतदाताओं को लेकर है। इन मतदाताओं द्वारा भरे गए गणना प्रपत्रों में जिस प्रकार की विसंगतियां मिली हैं उन पर सहज रूप से विश्वास करना मुश्किल है। अनेक मतदाताओं की आयु और उनके माता-पिता की आयु में दस वर्ष या दादा-दादी की आयु से 40 वर्ष से कम का अन्तर है। चुनाव आयोग की तरफ से इस प्रकार के मतदाताओं की विशेष जांच की तैयारी की जा रही है।

मतदाता सूचियों के प्रगाढ़ पुनरीक्षण के प्रथम चरण पूरा होने के बाद उत्तर प्रदेश में दो करोड़ 89 लाख मतदाताओं के नाम अन्तिम मतदाता सूची से हटाए जा सकते हैं। इस आंकड़े के सामने आने के बाद विपक्षी दल समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ही नहीं बल्कि सत्ताधारी भाजपा के नेताओं के चेहरे पर भी चिंता की लकीरें साफ नजर आ रही हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव दावा कर रहे हैं कि आगामी चुनाव में भाजपा की सीटें इकाई के अंकों में सिमट कर रह जाएंगी तो भाजपा के नेता सपा नेताओं पर आरोप लगा रहे हैं कि अवैध मतदाताओं के वोट कटने से वे बौखलाए हुए हैं। इसी तरह पश्चिम बंगाल में भी 58.20 लाख मतदाताओं के नाम कटने के अलावा एक करोड़ 67 लाख मतदाताओं का नाम अन्तिम सूची में शामिल करने से पहले गहन परीक्षण किया जा रहा है जिसने ममता दीदी के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता दीदी तो इस प्रक्रिया को रुकवाने के लिए उच्चतम न्यायालय तक पहुंच गई हैं लेकिन उन्हें किसी भी प्रकार की राहत मिलने की उम्मीद कम ही है। बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम कटने के बाद सबसे ज्यादा हलचल पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में ही दिखाई दे रही है। राजनैतिक दलों के नेताओं के अलावा बुद्धिजीवियों का एक बड़ा वर्ग भी इस पर दिमागी कसरत करता दिख रहा है कि हर विधानसभा क्षेत्र से औसतन 50 हजार वोट कटने का चुनावी नतीजों पर क्या असर होगा? जबकि अधिकांश सीटों पर जीत हार का अंतर 20 हजार से कम रहता है। पिछले विधानसभा चुनावों में तो 49सीटों पर जीत हार का अंतर पांच हजार से भी कम था।

उत्तर प्रदेश के आंकड़ों पर नजर डालें तो साफ है कि सबसे ज्यादा मतदाता शहरी क्षेत्रों से कटे हैं। चूंकि शहरी क्षेत्र में भाजपा को अधिक प्रभावशाली माना जाता है इसलिए अनुमान लगाया जा रहा है कि इसका नुकसान भाजपा को हो सकता है लेकिन इसका दूसरा पहलू भी है, शहरी क्षेत्र से जिन मतदाताओं के वोट कटे हैं उनमें से अधिकांश के गांव में वोट थे जो पंचायत चुनाव में तो गांव जाकर वोट देते थे लेकिन लोकसभा और विधानसभा चुनावों में शहरों में ही मतदान करते थे। ऐसे में अगर ये मतदाता अब लोकसभा और विधानसभा चुनावों में भी गांव जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं तो वे ग्रामीण सीटों पर इसका लाभ भाजपा को मिल सकता है। जिन अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत और दोहरे मतदाताओं के नामों को हटाया गया है उनका लाभ सिर्फ उन राजनैतिक दलों को मिलता था जो फर्जी मतदान करा पाते थे। इन नामों के कटने का नुकसान चुनावी हिंसा के लिए कुख्यात राज्यों में तो सत्ताधारी दल को हो सकता है लेकिन उप्र में इसका कोई खास प्रभाव पड़ने की उम्मीद नहीं है। हालांकि इससे मतदान प्रतिशत के आंकड़े बेहतर दिखेंगे जिसका लाभ देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को होगा।

## विचार

# न्याय की कसौटी, राजनीति, हिंसा और नैरेटिव

**कैलाश चन्द्र**



**अंकित शर्मा, जो देश की आंतरिक सुरक्षा से जुड़ी संस्था के लिए कार्यरत थे, उनके शरीर पर 74 चाकू के घाव मिले। यह सिर्फ हत्या नहीं थी, एक संदेश था। वहीं दिलबर नेगी, एक गरीब मां का बेटा, जिसकी कोई राजनीतिक पहचान नहीं थी, उसके हाथ-पैर काट कर उसे जिंदा जला दिया गया। सवाल यह है कि क्या यह केवल दंगा था या फिर भीड़ की हिंसा को वैचारिक समर्थन देने वाली मानसिकता का परिणाम? इस पूरे प्रकरण में सबसे अधिक विचलित करने वाला पक्ष यह है कि जिन लोगों पर इस हिंसा की साजिश रचने और उसे भड़काने के गंभीर आरोप हैं, उनके बचाव में खड़े होने वाले वकील कोई साधारण नाम नहीं हैं।**

दिल्ली में साल 2020 के दंगे योजनाबद्ध अराजकता, राजनीतिक संरक्षण और वैचारिक उद्दीपन का भयावह उदाहरण थे। यह हिंसा अचानक भड़की कोई घटना नहीं थी बल्कि इसके पीछे महीनों से तैयार किया गया ऐसा तंत्र था, जिसमें शब्दों को हथियार और भीड़ को औजार बनाया गया। इन दंगों में 53 निर्दोष लोगों की जान गई। इनमें एक होनहार खुफिया अधिकारी अंकित शर्मा, पौड़ी गढ़वाल से दिल्ली रोजगार की तलाश में आया दिलबर नेगी और दो पुलिसकर्मी भी शामिल थे। इन हत्याओं की क्रूरता ने पूरे देश की आत्मा को झकझोर दिया, किंतु उससे भी अधिक चौंकाने वाली बात यह रही कि पीड़ितों का दर्द धीरे-धीरे हाशिये पर चला गया और आरोपितों के लिए सहानुभूति का एक संगठित नैरेटिव खड़ा किया गया।

अंकित शर्मा, जो देश की आंतरिक सुरक्षा से जुड़ी संस्था के लिए कार्यरत थे, उनके शरीर पर 74 चाकू के घाव मिले। यह सिर्फ हत्या नहीं थी, एक संदेश था। वहीं दिलबर नेगी, एक गरीब मां का बेटा, जिसकी कोई राजनीतिक पहचान नहीं थी, उसके हाथ-पैर काट कर उसे जिंदा जला दिया गया। सवाल यह है कि क्या यह केवल दंगा था या फिर भीड़ की हिंसा को वैचारिक समर्थन देने वाली मानसिकता का परिणाम? इस पूरे प्रकरण में सबसे अधिक विचलित करने वाला पक्ष यह है कि जिन लोगों पर इस हिंसा की साजिश रचने और उसे भड़काने के गंभीर आरोप हैं, उनके बचाव में खड़े होने वाले वकील कोई साधारण नाम नहीं हैं।

ये सभी देश के पूर्व केंद्रीय मंत्री, वरिष्ठ कांग्रेस नेता और राजनीतिक रूप से बेहद प्रभावशाली व्यक्ति हैं। उमर खालिद और शरजील इमाम जैसे आरोपितों की पैरवी करने वालों में कपिल सिब्बल, अभिषेक मनु सिंघवी, अश्विनी कुमार जैसे नाम शामिल हैं, जो देश में कांग्रेस सरकारों के समय बड़े मंत्रालय संभाल चुके हैं। इनके साथ सिद्धार्थ दवे, सिद्धार्थ लूथरा और त्रिदीप पैइस जैसे वरिष्ठ वकील भी जुड़े रहे। ऐसे में ये सिर्फ कानूनी सहायता का मामला नहीं लगता, साफ तौर पर एक विशेष वैचारिक झुकाव का संकेत देता है। यहां प्रश्न उठता है कि क्या कांग्रेस और उससे जुड़े वैचारिक तंत्र को पीड़ितों की चीखें सुनाई नहीं देतीं।

क्या अंकित शर्मा की मां का विलाप उन्हें विचलित नहीं करता। लेकिन वही तंत्र उमर खालिद और शरजील इमाम में लोकतंत्र का रक्षक और अभिव्यक्ति की आजादी का प्रतीक खोज लेता है। यह कोई संयोग नहीं है, बल्कि सोची-समझी विचारधारा का परिचय है, जहां राष्ट्र की सुरक्षा एजेंसियों को संदेह के घेरे में रखा जाता है और दंगों के आरोपित नैरेटिव के नायक बना दिए जाते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो कांग्रेस को पीड़ितों की चीखें नहीं दिखतीं, पर आरोपितों में वह पीड़ित ढूँढ लेती है। वह अंकित शर्मा जैसे शहीद अधिकारी की निर्मम हत्या को राजनीतिक चर्चा का विषय नहीं बनाती, पर टुकड़े-टुकड़े गैंग के पोस्टरबॉय को लोकतांत्रिक अधिकारों की कथा बनाकर प्रस्तुत करती है। यह कोई संयोग नहीं बल्कि एक विचारधारा का परिचय है, जहाँ राष्ट्र की सुरक्षा एजेंसियाँ गलत और दंगों के आरोपी नैरेटिव हीरो बन जाते हैं। यही वह नैरेटिव-निर्माण है जिसने देश को भ्रमित किया, जहाँ अपराधी को एक्टिविस्ट और पीड़ित को अदृश्य कर दिया जाता है। जमानत दंगे के हत्यारों का अधिकार कैसे..? सवाल यह उठता है कि क्या यह केवल ÷कानूनी सहायता है या किसी विशेष मानसिकता का स्पष्ट संकेत? सुप्रीम कोर्ट का हालिया निर्णय इस पूरे विमर्श में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। न्यायालय ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उमर खालिद और शरजील इमाम की भूमिका प्रथम दृष्ट्या अत्यंत गंभीर है और दिल्ली पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य विश्वसनीय हैं। अदालत ने यह भी कहा कि इस प्रकार की संगठित और हिंसक साजिश में शामिल लोगों को इस आधार पर जमानत नहीं दी जा सकती कि वे लंबे समय से जेल में हैं। इसे समझें तो यह टिप्पणी नैतिक संदेश भी है कि कानून भावनाओं या राजनीतिक दबाव से संचालित नहीं होगा। हालांकि अदालत ने कुछ अन्य आरोपितों को सख्त शर्तों के साथ जमानत दी, पर साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि शर्तों के उल्लंघन पर उन्हें दोबारा जेल भेजा जा सकता है। इससे यह संदेश गया कि न्यायपालिका ने साजिश और हिंसा की गंभीरता को केंद्र में रखकर निर्णय दिया है, न कि किसी नैरेटिव या जनमत के दबाव में।

## पैर फैला रही पूंजीवादी व फासीवादी ताकतें

**मंगत राम पासला**

बंगलादेश में सांप्रदायिक तत्वों द्वारा वहां के धार्मिक अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर किए जा रहे हिंसक हमले और भीड़ द्वारा धार्मिक स्थलों की बेअदबी करना हर पहलू से निंदनीय और बेहद चिंताजनक घटनाक्रम है। धार्मिक अल्पसंख्यक आबादी पर कातिलाना हमलों का यह घिनौना सिलसिला अफगानिस्तान, पाकिस्तान और कई अन्य देशों में भी देखा गया है। अमरीका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा आदि देशों के भीतर कुछ सिरफिरे अंधाधुंध गोलियां चलाकर बेगुनाहों की लाशों के ढेर लगा देते हैं।

दक्षिणपंथी-पिछड़ी सोच वाले ये कातिल गिरोह अक्सर धर्म-जाति, रंग-नस्ल, प्रवास या क्षेत्रीय मुद्दों को आधार बनाकर अपने उक्त कुकर्मों को सही सिद्ध करने का प्रयास करते हैं। भारत के भीतर भी प्रतिक्रियावादी दुत्विवादी संगठनों (बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद आदि) के अराजकतावादी कार्यकर्त्ता और इनके द्वारा पाले गए पेशेवर अपराधी तत्व मुस्लिम और ईसाई धार्मिक अल्पसंख्यकों, दलितों, महिलाओं और प्रगतिशील लोगों को हिंसक हमलों का निशाना बनाते हैं। अपने इन अमानवीय कार्यों को उचित ठहराने के लिए अशांति के इन दूतों ने देश की बहुसंख्यक हिंदू आबादी को धार्मिक अल्पसंख्यकों (मुसलमानों, ईसाइयों आदि) से 'फर्जी खतरे' का एक काल्पनिक विमर्श (नैरेटिव) गढ़ा हुआ है। पिछले लगभग 11 साल से आर.एस.एस. की सोच और दिशा के अनुसार राज-काज चला रही भाजपा के नेतृत्व वाली मोदी सरकार ने इन्हें पूरी सरपरस्ती 'बख्शी' हुई है। पिछले दिनों ईसाइयों के पवित्र त्यौहार क्रिसमस के अवसर पर बजरंग दल और कई अन्य अराजकतावादी संगठनों के हुड़दंगियों ने बेखौफ होकर वहशियाना ढंग से धार्मिक आयोजनों के लिए तैयार किए गए पंडाल तोड़े और ईसा मसीह की मूर्तियां खंडित कीं।

गंगा स्नान करने गए विदेशियों के सिरों से क्रिसमस की झलक देने वाली टोपियों का उतारा जाना और सरड़्क्षहद में श्री गुरु गोदिं सिंह जी के दो छोटे साहिबजादों की याद में मनाए जाने वाले शहीदी जोड़ मेले में निहंग बाणा पहने कम उम्र के 2 ब'चों द्वारा लोगों के सिरों पर पहनी गई टोपियों को जबरन उतारना और नेजों पर टांग कर भद्दी किस्म की संकीर्णता का प्रदर्शन किया जाना, विभिन्न धर्मों के अनुयायियों के भीतर जोर पकड़ रही सांप्रदायिक सोच और कट्टरता को दर्शाता है। 2008 से अमरीका से शुरू हुई 'पूंजीवादी आथ्र्थक मंदी', जिसने दुनिया के सभी देशों की अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया, ने पूरी दुनिया की राजनीति में घमासान मचा रखा है। इस महामंदी की अभिव्यक्ति बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, तालाबंदी, छंटनी, वित्तीय लेनदेन में बार-बार पैदा हो रही अस्थिरता आदि के रूप में देखी जा सकती है। विभिन्न देशों की पूंजीवादी सरकारें, वहां के कॉर्पोरेट घरानों और बहुराष्ट्रीय निगमों के असीमित मुनाफे में और वृद्धि करने में लगी हुई हैं। दूसरी ओर, संकट की सबसे अधिक मार झेल रहे श्रमिक वर्गों को कोई राहत देने की बजाय उन पर टैक्स आदि का बोझ और अधिक लादा जा रहा है, सुविधाओं और सबसिडी में निरंतर कटौती की जा रही है। पूंजीवादी व्यवस्था में पनपे इस आथ्र्थक संकट ने दुनिया के अनेक देशों में तानाशाह प्रवृत्तियों वाली दक्षिणपंथी और फासीवादी ताकतों को अपने पैर पसारने और लोकतांत्रिक व्यवस्था को बलि का बकरा बनाने के लिए बहुत अच्छा अवसर प्रदान किया है। अमरीका, भारत, फ्रांस, इटली, जर्मनी, अर्जेंटीना आदि देशों में दक्षिणपंथी सरकारों का अस्तित्व में आना इस तथ्य की पुष्टि करता है। इन सरकारों द्वारा मेहनतकश वर्गों को मिलने वाली मामूली आथ्र्थक सुविधाएं, कानूनी अधिकार और सामाजिक सुरक्षा वापस लेकर इन वर्गों को गरीबी के जंजाल में फंसाकर गुलामी की जंजीरों में जकड़ा जा रहा है। इन कदमों के विरोध में दुनिया के विकसित पूंजीवादी देशों फ्रांस, इटली, जर्मनी, अमरीका, स्पेन, इंगलैंड, पुर्तगाल, ऑस्ट्रेलिया आदि के लाखों लोग सड़कों पर उतरे हैं और लंबी हड़तालें हुई हैं। भारत की केंद्र सरकार द्वारा भी यही आर्थिक नीतियां लागू की जा रही हैं, जो मजदूर वर्ग के लंबे संघर्षों और भारी कुर्बानियों के फलस्वरूप हासिल किए गए अधिकारों और रियायतों पर प्रहार



## राशिफल

**मेष:-** प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

**बृषभ:-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**मिथुन:-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**कर्क:-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा।

**सिंह:-** अच्छे कायरें से परिजनो के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरें में लापरवाही न करें।

**कन्या:-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी।

**तुला:-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी।

**वृश्चिक:-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें।

**धनु:-** संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**मकर:-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

**कुंभ:-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कायरे के प्रति लापरवाह होगा।

**मीन:-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अ'छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी। महत्वपूर्ण दायित्वों की पूर्ति हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

# अमेरिका से भारतीय मीडिया के लिए सबक

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

**अमेरिकी सेना, डेल्टा फोर्स, सीआईए, नेवी और एफबीआई के संयुक्त अभियान में वेनेजुएला में व्यापक सैन्य कार्रवाई हुई और अंततः मादुरो तथा उनकी पत्नी की गिरफ्तारी कर उन्हें न्यूयॉर्क लाया गया। किंतु इस पूरे घटनाक्रम से भी अधिक महत्वपूर्ण वह तथ्य है, जो बाद में सामने आया कि अमेरिकी मीडिया को इस ऑपरेशन की जानकारी पहले से थी, फिर भी उसने जानबूझकर इसे सार्वजनिक नहीं किया। यही वह बिंदु है, जिसने आज भारतीय मीडिया के लिए आत्ममंथन का अवसर दिया है। यह अब स्पष्ट हो चुका है कि 'न्यूयॉर्क टाइम्स' और 'द वॉशिंगटन पोस्ट' जैसे प्रतिष्ठित अमेरिकी अखबारों के वरिष्ठ संपादकों को इस गुप्त सैन्य कार्रवाई की संवेदनशील जानकारी उनके सूत्रों द्वारा पहले ही दे दी गई थी।**

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी के बाद अमेरिका की सैन्य कार्रवाई एक बार फिर वैश्विक चर्चा में है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अंजाम दिए गए इस गुप्त अभियान 'ऑपरेशन एब्सोल्यूट-रिजॉल्व (ओएआर)' ने न सिर्फ अंतरराष्ट्रीय राजनीति को झकझोरा, बल्कि मीडिया की भूमिका पर भी एक नई बहस छेड़ दी है।

अमेरिकी सेना, डेल्टा फोर्स, सीआईए, नेवी और एफबीआई के संयुक्त अभियान में वेनेजुएला में व्यापक सैन्य कार्रवाई हुई और अंततः मादुरो तथा उनकी पत्नी की गिरफ्तारी कर उन्हें न्यूयॉर्क लाया गया। किंतु इस पूरे घटनाक्रम से भी अधिक महत्वपूर्ण वह तथ्य है, जो बाद में सामने आया कि अमेरिकी मीडिया को इस ऑपरेशन की जानकारी पहले से थी, फिर भी उसने जानबूझकर इसे सार्वजनिक नहीं किया। यही वह बिंदु है, जिसने आज भारतीय मीडिया के लिए आत्ममंथन का अवसर दिया है। यह अब स्पष्ट हो चुका है कि 'न्यूयॉर्क टाइम्स' और 'द वॉशिंगटन पोस्ट' जैसे प्रतिष्ठित अमेरिकी अखबारों के वरिष्ठ संपादकों को इस गुप्त सैन्य कार्रवाई की संवेदनशील जानकारी उनके सूत्रों द्वारा पहले ही दे दी गई थी। इसके बावजूद उन्होंने इसे प्रकाशित नहीं किया। कारण सीधा और स्पष्ट था- अमेरिकी सैनिकों की सुरक्षा और राष्ट्रीय हित। यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया, जब राष्ट्रपति ट्रंप और अमेरिकी मीडिया के बीच टकराव जगजाहिर रहा है। वैचारिक विरोध, राजनीतिक असहमति और तीखी आलोचना के बावजूद जब बात देश और सैनिकों की जान की आई तो अमेरिकी मीडिया ने एकजुटता दिखाई। यह अमेरिकी पत्रकारिता की उस पुरानी परंपरा को दर्शाता है जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मामलों में संयम और जिम्मेदारी को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से ऊपर रखा जाता है। यहां यह समझना जरूरी है कि अमेरिका में भी प्रेस स्वतंत्र है, आलोचनात्मक है और सत्ता से सवाल पूछता है लेकिन वह यह भी जानता है कि हर सत्य को हर समय उजागर करना पत्रकारिता नहीं है। कभी-कभी मौन भी देशभक्ति का एक रूप होता है।

इसके उलट यदि भारतीय मीडिया के व्यवहार पर नजर डालें तो तस्वीर कुछ अलग दिखाई देती है। यहां कई बार ऐसी होड़ देखी गई है कि जो नहीं दिखाना चाहिए, वही सबसे पहले दिखाने की कोशिश होती है। राष्ट्रीय सुरक्षा, सैन्य अभियान और आतंकवाद से जुड़े मामलों में भी ÷एक्सक्लूसिव÷ और ÷ब्रेकिंग न्यूज÷ की प्रतिस्पर्धा अक्सर विवेक पर भारी पड़ जाती है या कहा जाए कि आज भी पड़ रही है। इस संदर्भ में उल्लेखित है कि हाल ही में आई फिल्म 'धुरंधर' ने 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के दौरान मीडिया की भूमिका को एक बार फिर चर्चा में ला दिया है। 26 नवंबर 2008 की रात से 29 नवंबर तक कई टीवी चैनलों ने होटल ताज, ओबेरॉय और अन्य ठिकानों के लाइव दृश्य लगातार दिखाए। इन प्रसारणों के कारण आतंकवादी अलर्ट हो गए और सुरक्षा बलों की रणनीति को नुकसान पहुंचा। इसका परिणाम यह हुआ कि कई जवानों को अपना सर्वोच्च बलिदान देना पड़ा। बाद में इस पर गंभीर सवाल उठे, किंतु तब तक बहुत देर हो चुकी थी। हमने एक देश भारत के रूप में जो नहीं खोना चाहिए था, वह हम अपने सैनिकों एवं जनमानस के रूप में खो चुके थे। यह कोई अकेला उदाहरण नहीं है।

कारगिल युद्ध हो, कश्मीर में चल रहे ऑपरेशन हों या अन्य संवेदनशील सुरक्षा मुद्दे ही क्यों न रहे हों, भारतीय मीडिया पर बार-बार आरोप लगते रहे हैं कि उसने तत्काल अभिव्यक्ति के नाम पर दीर्घकालिक राष्ट्रीय हितों की अनदेखी की। यहां मूल प्रश्न यह नहीं है कि मीडिया स्वतंत्र हो या नहीं, निःस्संदेह उसे स्वतंत्र होना चाहिए और वो है भी। प्रश्न यह है कि स्वतंत्रता की सीमा क्या होनी चाहिए? क्या अभिव्यक्ति का अधिकार देशहित से ऊपर हो सकता है? अमेरिकी उदाहरण स्पष्ट करता है कि उत्तर 'नहीं' है। वहां मीडिया ने यह नहीं कहा कि जनता को जानने का अधिकार है बल्कि यह माना कि यदि इस जानकारी से अमेरिकी सैनिकों की जान को खतरा है तो उसे रोका जाना चाहिए।

भारतीय संदर्भ में अक्सर यह तर्क दिया जाता है कि मीडिया का काम केवल सूचना देना है, परिणामों की जिम्मेदारी उसकी नहीं। लेकिन यह सोच आज के संदर्भ में गैर-जिम्मेदाराना है और बहुत खतरनाक भी है। किसी को नहीं भूलना चाहिए कि मीडिया समाज का आईना ही नहीं, दिशा-निर्देशक भी होता है। उसके पास शब्दों और चित्रों की ताकत होती है जोकि किसी भी युद्ध को जितवा सकती है और हार भी दिला सकती है। अमेरिका की इस घटना से भारतीय मीडिया के लिए सबसे बड़ा सबक यह है कि आपसी वैचारिक मतभेद, राजनीतिक झुकाव और टीआरपी की प्रतिस्पर्धा से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को प्राथमिकता दी जाए। यदि अमेरिकी मीडिया जो ट्रंप का कटु आलोचक रहा है और है, वह देश के हित में एक स्वर में खड़ा हो सकता है तब क्या भारतीय मीडिया ऐसा नहीं कर सकता?

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# वर्षों से बन्द पहाड़ पर पड़ा मिला युवक का शव

- नाबालिग दलित किशोरी को भगा ले जाने के मामले में फरार चल रहा था मृतक अशोक
- शव पोस्टमार्टम को भेज मामले की गहनता से जांच पड़ताल में जुटी पुलिस



**कबरई/महोबा, समृद्धि न्यूज।**

संदिग्ध परिस्थितियों के चलते वर्षों से बंद पड़े पहाड़ में नाबालिग दलित किशोरी को भगा ले जाने के मामले में फरार चल रहे आरोपी युवक का शव पड़ा मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस सहित फील्ड यूनिट ने मौके पर पहुंचकर मामले की गहनता से जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कबरई कस्बा के सिद्ध बाबा मंदिर के पास स्थित वर्षों से बन्द पड़े रमकुंडा पहाड़ पर संदिग्ध परिस्थितियों के चलते युवक का शव पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने फील्ड यूनिट को मौके पर बुलाया और मामले की गहनता से जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक की शिनाख्त खन्ना क्षेत्र के ग्राम सिरसी कला निवासी जगदीश कुशवाहा के 18 वर्षीय पुत्र अशोक के रूप में हुई है। बताया जाता है कि मृतक अशोक खन्ना थाने में विगत 26 दिसंबर को दर्ज कराए गए नाबालिग दलित किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वांछित चल रहा था। खन्ना थाना पुलिस ने विगत 29 दिसम्बर को आरोपी के साथ गई किशोरी को बरामद कर न्यायालय में पेश कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया था। लेकिन आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर बना हुआ था और आज उसका शव कबरई थाना क्षेत्र के रमकुंडा पहाड़ में पड़ा मिला है। पहाड़ पर फरार आरोपी का शव पड़ा होने की सूचना मिलते ही थाना पुलिस सहित फील्ड यूनिट ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की है। सूचना पर एसपी प्रबल प्रताप सिंह ने सीओ सदर अरुण कुमार सिंह के साथ मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी लेते हुए थाना पुलिस को मामले का जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए हैं। फिलहाल पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है और मामले की हर पहलू से जांच पड़ताल में जुट गई है। मृतक अशोक के पिता जगदीश ने बताया कि अशोक आठ,दस दिनों से फरार चल रहा था। अशोक एक लड़की को लेकर गया था हमने उस लड़की को भी वापस उसके घर भेज दिया है। आज अशोक का शव पहाड़ में पड़ा मिला है। मामले को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह का कहना है कि थाना कबरई क्षेत्र अन्तर्गत सिद्ध बाबा मंदिर के पास स्थित रमकुण्डा पहाड़ पर एक शव पड़े होने की सूचना मिली थी। थाना पुलिस टीम द्वारा फील्ड यूनिट के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। मृतक की पहचान अशोक कुमार निवासी ग्राम सिरसीकला के रूप में की गई। मृतक के परिजनों द्वारा फौती सूचना दी गई है।

## लोधी समाज जनकल्याण समिति की बैठक आयोजित

**महोबा।** मुख्यालय स्थित लवकुश नगर तिगैला के पास पूर्व प्रधान बालकिशन राजपूत के कार्यस्थल पर लोधी समाज जन कल्याण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। महेश चंद्र राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आगामी 30 अप्रैल गुरुवार को लोधी समाज जनकल्याण समिति के तत्वाधान में लोधी समाज सामूहिक विवाह महायज्ञ एवं युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन मुख्यालय स्थित कम्यूनिटी गार्डन में किया जाएगा। इस महायज्ञ सम्मेलन में इच्छुक वर एवं वधू पक्ष के महानुभावों से अपील की गई है कि अपने बच्चों की शादियों हेतु रजिस्ट्रेशन शहर के राजपूत होम्योपैथिक अस्पताल एवं हरित क्रांति बीज भंडार रोडवेज प्राइवेट चूड़ी वाली गली में संपर्क कर रजिस्ट्रेशन अवश्य करा लें। बैठक के दौरान लोधी समाज जन कल्याण समिति के पदाधिकारी एवं समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### चोरी की घटना का खुलासा कर पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



**चरखारी/महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देश में जनपद महोबा में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक व जनपदवासियों में सुरक्षित परिवेश की भावना जागृत किये जाने के उद्देश्य से जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चरखारी प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित उपनिरीक्षक भगवानदीन मय हमराह हेड कांस्टेबल दिनेश सिंह व कांस्टेबल श्यामू कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना चरखारी पर पंजीकृत मुकदमा धारा 303(2) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण अमित पुत्र कमलेश कुचवदिया उम्र लगभग 23 वर्ष निवासी मोहल्ला सिकन्दरपुरा चरखारी रोड कस्बा व थाना राठ जनपद हमीरपुर एवं धीरू पुत्र सन्तराम कुचवदिया उम्र लगभग 27 वर्ष निवासी मोहल्ला सिकन्दरपुरा नई बस्ती चरखारी रोड राठ कस्बा व थाना राठ जनपद हमीरपुर को कस्बा चरखारी के पास से गिरफ्तार किया गया। साथ ही कब्जे से मुकदमा से सम्बन्धित चोरी गई समरसेविल सीरियल नं. बी.जी.-390 माडल नं. को बरामद किया गया। अभियुक्तगण की मोटरसाइकिल संख्या UP91-वाई-3107 के वैध कागजात न पाए जाने पर मोटरसाइकिल को धारा 207 मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत सीज किया गया। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई। आवश्यक कार्यवाही उपरान्त अभियुक्त गण को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### एसडीएम ने सरीला नगर के अस्थाई रैन बसेरा का किया निरीक्षण



**सरीला(हमीरपुर)।** शीतलहर और कड़ाके की ठंड को लेकर एसडीएम बलराम गुप्ता ने मंगलवार देर शाम को सरीला नगर पंचायत के अस्थाई रैन बसेरा का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने रैन बसेरा में ठहरे निराश्रित एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्वच्छता, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, बिस्तर, कंबल, गर्म वस्त्र और अलाव की व्यवस्था का जायजा लिया।एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि रैन बसेरा में ठहरने वाले किसी भी व्यक्ति को कोई असुविधा न हो। उन्होंने सभी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित रखने, पर्याप्त संख्या में कंबल उपलब्ध कराने और रात्रि में अलाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। रैन बसेरा में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का अनिवार्य रूप से पंजीकरण करने के निर्देश दिए।

### 'किशोरियां अपने अधिकार जाने और बहकावे में न आयें'



**हमीरपुर।** समर्थ इंडिया द्वारा तरंग मेरे सपने मेरी उड़ान कार्यक्रम के तहत किशोरियों की एक दिवसीय विजिट बाल कल्याण समिति कार्यालय हमीरपुर में आयोजित की गई । जिसमें बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष विभा भारती, सदस्य सनत कुमार श्रीवास्तव, विजय शंकर श्रीवास्तव, शिव विजय सिंह, ज्ञानवेन्द्र सिंह द्वारा बाल कल्याण समिति के कार्य, बाल विवाह रोकथाम हेतु बने कानून, पास्को कानून, हेल्पलाइन नंबरों की कानून जानकारी दी। तरंग किशोरियों ने इन मुद्दों से संबंधित सवाल भी पूछे जिसका उन्होंने जवाब दिया। वही उन्होंने लड़कियों से कहा कि और अधिक सक्षम है तथा अपने पैरों पर खड़े होना है। बाल विवाह जैसी कुरीतियों को जड़ से समाप्त करने के लिए आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी प्रकार की दिक्कत हो तो चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर शिकायत करें तत्काल तत्काल कार्रवाई होगी । उन्होंने कहा कि सूचना देने वालों का नाम गुप्त रखा जाता है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कहा कि यह सामाजिक और कानूनी अपराध है। इस दौरान कुतुबपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या मालती झा, शिक्षा, साक्षी, एकता, सहित एक दर्जन से अधिक किशोरियां उपस्थित रही।

### पीड़िता के अदालत में बयान के बाद दुष्कर्म का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** गत 31 दिसंबर को कस्बे के रविंद्र कुमार भारतवंशी के खिलाफ 4 वर्ष तक दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज कराने वाली महिला ने अदालत में बयान के दौरान कस्बे के एक और युवक पर भारतवंशी के इशारे पर दुष्कर्म करने का बयान दर्ज कराया है। अदालत में हुये बयान के बाद पुलिस ने दूसरे युवक को भी गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। कस्बे की एक महिला ने 31 दिसंबर को मुकदमा दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि उसको बहाना बनाने के लिए घर पर रखने वाले रविंद्र कुमार भारतवंशी ने डरा धमकाकर चार वर्ष तक दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो आदि बना लिए थे। साथ ही गुजारा भत्ता देने का लालच देकर लगातार संबंध बनाता रहा। बाद में अपने वायदे से मुकर गया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर रविन्द्र कुमार भारतवंशी के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज करके गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। पीड़िता ने अदालत में बयान के दौरान आरोप लगाया था कि उसके साथ रविन्द्र कुमार भारतवंशी के इशारे पर कस्बे के प्रत्यूश साहू ने भी दुष्कर्म किया था। अदालत में दर्ज कराए गए बयान के बाद पुलिस ने प्रत्यूष साहू को मुकदमे में आरोपी बनाकर गिरफ्तार करके जेल भेजा है। यह प्रकरण कस्बे में चर्चा का विषय बना हुआ है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि अदालत में पीड़िता ने प्रत्यूश साहू पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था इसलिए उसे आरोपी बनाकर गिरफ्तार किया गया है।

### मतदाता सूची का प्रकाशन हो जाने के बाद उपजिलाधिकारी ने फीता काट कर मतदाता पंजीकरण कक्ष का उद्घाटन किया



**सरीला(हमीरपुर)।** निर्वाचन आयोग के निर्देशन पर बीते मंगलवार को प्रथम मतदाता सूची का प्रकाशन हो जाने के बाद बुधवार को शल्लेश्वर विद्यालय में एसडीएम बलराम गुप्ता ने फीता काटकर मतदाता पंजीकरण कक्ष का उद्घाटन किया। छात्र छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी है एसडीएम बलराम गुप्ता व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार राममोहन कुशवाहा की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में बताया गया कि कच्ची मतदाता सूची का प्रकाशन दिनाँक 6 जनवरी को हो चुका है। अब नये मतदाता व छूटे हुए मतदाता को मतदाता सूची मे शामिल करने की कवायद शुरू की जा रही है। ऐसे व्यक्ति अपना फार्म भर कर 6 फरवरी तक प्रस्तुत कर सकते है। उन्होंने कहा कि सभी लोग सूची में अपना नाम देख लें और छुटे हुए मतदाता नियमानुसार अपना नाम जुड़वा सकते हैं। इसके लिए उन्होंने विद्यालय में फीता काटकर मतदाता पंजीकरण कक्ष का उद्घाटन भी किया है। एसडीएम बलराम गुप्ता ने छात्र छात्राओं को नियमित समाचार पत्र पढ़ने को भी कहा है। तहसीलदार राम मोहन कुशवाहा ने बताया कि एक जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी युवक एवं युवतियां फार्म 6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची मे शामिल करा सकते हैं। इस मौके पर छात्र छात्राओं सहित विद्यालय के अध्यापक मौजूद रहे।

# चोरी की घटना का खुलासा, पुलिस ने आरोपी मामा-भांजे को किया गिरफ्तार

- आरोपियों के कब्जे से 21 लाख से ज्यादा की नकदी बरामद, एसपी ने चोरी की वारदात का किया खुलासा



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

विगत दिवस बंसल ग्रुप के कैम्प कार्यालय से लाखों रुपए की चोरी की वारदात को अंजाम देने के आरोप में पुलिस ने कैम्प कार्यालय में प्लम्बर का काम करने वाले आरोपी सहित दो चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी मामा-भांजे को गिरफ्तार कर कब्जे से 21 लाख रुपए से ज्यादा की नगदी बरामद कर दोनों को जेल भेज दिया है। हाइवे किनारे स्थित कैम्प कार्यालय से हुई चोरी की इस सनसनीखेज वारदात का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को एसपी ने रु.25000 रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। शहर कोतवाली क्षेत्र के कानपुर सागर राजमार्ग स्थित बंसल कंस्ट्रक्शन वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड के कैम्प कार्यालय में विगत 4 जनवरी की रात में अज्ञात चोर गैस कटर से लॉकर को काटकर उसमें रखे 21 लाख रुपये से ज्यादा की नगदी चोरी कर फरार हो गए थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर मामले की गहनता से जाँच पड़ताल शुरू कर आरोपियों की तलाश तेज कर दी थी। एसपी के निर्देश पर गठित स्वाट और शहर कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने शहर के बजरिया पुलिस चौकी के पीछे से घटना को अंजाम देने के आरोप में शहर कोतवाली क्षेत्र के चांदो गांव के रहने वाले आरोपी राममिलन रैकवार और मध्य प्रदेश के सीमावर्ती छतरपुर जिले के लवकुश नगर थानाक्षेत्र के इटवा गाँव के रहने वाले आरोपी दयाशंकर को गिरफ्तार कर कब्जे से 21 लाख 18 हजार रुपए से ज्यादा की नगदी बरामद करने में सफलता हासिल की है। चोरी के आरोप में पकड़े गए दोनों आरोपी मामा-भांजे हैं जिसमें दयाशंकर मामा और राममिलन भांजा है। घटना का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को एसपी ने रु. 25000 का इनाम देने की घोषणा की है। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने बताया कि बंसल कॉन्ट्रक्शन के ऑफिस से चोरी की बारदात की गई थी। इस वारदात को बंसल कम्पनी के कैम्प कार्यालय में प्लम्बर का काम करने वाले दयाशंकर रैकवार द्वारा लॉकर को कटर से काट कर दिया गया था और दयाशंकर के पास से 10 लाख रुपये से ज्यादा की बरामदगी की गई जबकि दूसरा साथी जो रिश्ते में उसका मामा लगता है बाकी की रकम उसके पास से बरामद की गई है। इसमें काफ़ी रुपये जले और अधजले प्राप्त किये गए हैं गिरफ्तार आरोपियों के आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है।

# एसडीएम, सीओ के संयुक्त नेतृत्व में चलाया गया अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध अभियान



- पुलिस व प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, 85 लीटर कच्ची शराब बरामद, करीब 12 हजार लीटर अवैध लहन व उपकरण नष्ट

**कुलपहाड़/महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा पुलिस-प्रशासन द्वारा अवैध कच्ची शराब के निर्माण, भंडारण एवं तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु निरंतर विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी अभियान के क्रम में आज थाना कुलपहाड़ क्षेत्रान्तर्गत क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गोंड एवं उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ प्रदीप कुमार के संयुक्त नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा बड़ी और निर्णायक कार्यवाही की गई।उक्त कार्यवाही के दौरान औने पूरा डेरा एवं गौरा तालाब डेरा,बेलाताल (कुलपहाड़) क्षेत्र में अवैध रूप से कच्ची शराब के निर्माण की सूचना पर सघन छापेमारी की गई। मौके पर अवैध शराब निर्माण में प्रयुक्त लगभग 12,000 लीटर अवैध लहन 9 सीमेंट व ईंट से निर्मित हौजों में संग्रहित पाया गया, जिसे हौज सहित पूर्णतः नष्ट कराया गया। इसके अतिरिक्त अवैध शराब निर्माण में प्रयुक्त 4 बड़े लोहे के बॉयलर तोड़े गए तथा अन्य समस्त उपकरण एवं कच्ची सामग्री को भी विधिवत रूप से नष्ट कराया गया।छापेमारी के दौरान टीम द्वारा मौके से 85 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। इस कार्यवाही से अवैध शराब माफियाओं को बड़ा आर्थिक झटका लगा है तथा क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश स्थापित हुआ है। इस संयुक्त अभियान के दौरान प्रभारी निरीक्षक कुलपहाड़ विनोद कुमार सिंह, प्रभारी चौकी बेलाताल सुजीत जायसवाल सहित पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। पूरी कार्यवाही को विधिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए सम्पन्न कराया गया। महोबा पुलिस-प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जनपद में अवैध कच्ची शराब के निर्माण एवं बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार कठोर एवं निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी तथा कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# बाजार से घर जा रहे बाइक सवार युवकों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, एक की मृत्यु, एक गंभीर



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** मंगलवार को देर शाम कस्बे से बाजार करके बाइक से गांव लौट रहे युवकों की बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दोनों युवक बाइक से गिरकर बेहोश हो गए और रात भर सड़क पर ही पड़े रहे। जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरे युवक को मरणासन्न हालत में कानपुर रेफर किया गया है। अचानक हुई घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। मृतक अपने पीछे विधवा मां, भाई, पत्नी एवं दुधमुंही बच्ची को छोड़ गया है भभौरा गांव निवासी निखिल सिंह 30 वर्ष अपने साथी हर्षित सिंह 24 वर्ष के साथ मंगलवार को देर शाम कस्बे में बाइक से बाजार करने आया था। देर शाम दोनों बाइक से गांव जा रहे थे। भभौरा मार्ग में उनकी बाइक में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे घायल होकर दोनों बेहोशी की हालत में रात भर सड़क में ही पड़े रहे। सुबह राहगीरों ने दोनों को सड़क पर पड़ा देखकर परिजनों को सूचित किया। सूचना पाकर पहुंचे परिजन दोनों को उठाकर सदर अस्पताल ले गए। सदर अस्पताल में निखिल सिंह को डॉक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। हालत गंभीर होने पर हर्षित सिंह को कानपुर रेफर किया गया है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रधान प्रतिनिधि गौरव सिंह ने बताया कि मृतक मनरेगा मजदूर था और पत्नी सोनिका सिंह के साथ मनरेगा योजना में कार्य करके परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक अपने पीछे विधवा मां रेखा सिंह, भाई नितेश सिंह, पत्नी सोनिका सिंह तथा एक वर्ष की दुधमुंही बच्ची नाइशा सिंह को रोता बिलखता छोड़ गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। प्रधान प्रतिनिधि के अनुसार हर्षित सिंह की हालत बेहद गंभीर है। कानपुर में उपचार चल रहा है।

## युवक का अवैध असलेह के साथ वीडियो वायरल

**मौदहा (हमीरपुर)।** बिवांर थाना क्षेत्र में एक युवक की अवैध असलहे के साथ फोटो सोशल मीडिया में वायरल हो रही है। इसकी पुष्टि नहीं करती है। सोशल मीडिया पर युवक की एक फोटो के साथ नीचे लिखा है कि सायर का डॉन वायरल हैं।विकास खण्ड मौदहा क्षेत्र के ग्राम सायर में मातृ भूमि सेवा नामक ग्रुप में राजीव दीक्षित नाम से व्यक्ति फोटो डाल रहा है द्य जिसमे युवक हाथ में तमंचा लेकर कमरे के अन्दर सेल्फी लेते दिखाई दे रहा है। वहीं नीचे लिखा भी है कि सायर का नया डॉन द्य गांव में पड़ताल करने पर तमंचा लिए युवक की पहचान रोहित पाठक पुत्र राजकुमार पाठक उम्र लगभग 22वर्ष के रूप में हुई है। थाना प्रभारी नन्दराम प्रजापति ने बताया कि वायरल फोटो की जांच की जा रही जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## क्रिकेट टूर्नामेंट कप के आयोजन में मारकौ टीम ने पहले बल्लेबाजी की



**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे के रावण दहन मैदान में के पी एल सीजन नाइट क्रिकेट टूनामेन्ट मैच में हैप्पी न्यू ईयर टीम व मार्को टीम के बीच खेला गया जिसमें टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी। मार्को टीम ने बिना बिकिट खोय 10 ओवर में 209 रन बनाए, जिसमे ओपनर बल्लेबाज संजय और अमर ने 100-100रन बनाय, वही एस्ट्रा रनों के रूप में 9 रन मिले। उसके बाद हैप्पी न्यू ईयर टीम 209 रनों के लक्ष्य का पीछा कर बैटिंग को उतरे ओपनर बल्लेबाज वारिस चीता ने अच्छी परी खेलते हुऐ 106 रन बना कर कैच आउट हो गए वहीं संजू ने पारी को आगे बढ़ाते हुऐ 49 रन बना कर पवेलियन लौट गए हैप्पी न्यू ईयर टीम इस मैच में 209 का पीछा करते हुए चार विकिट खो कर 200 रन ही बना पाई और 9 रन से पराजित हो गई वहीं विजेता टीम मार्को के सभी खिलाड़ियों ने बधाई दी आयोजक - रजनीश कुमार सुमित कुमार,रंजन हजारा डीजे वाले और उनके साथी भोलू भाई अंपायर का रोल निभाते हुए लाडले भाई और जुम्मू भाई ने बखूबी निभाई।

# कड़ाके की ठंड में नगरपालिका गौशाला का एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण





**हमीरपुर।** राठ में शीतलहर और कड़ाके की ठंड के बीच राठ नगरपालिका स्थित गौशाला का उपजिलाधिकारी अभिमन्यु कुमार ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान एसडीएम के साथ क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार भी मौजूद रहे।अधिकारियों ने गौशाला में गौवंशों को गुड़ व अजवाइन

- गौवंशों को गुड़-अजवाइन, जरूरतमंदों को दिए कंबल

खिलाकर ठंड से बचाव के इंतजामों का जायजा लिया। साथ ही गौशाला में तैनात कर्मचारियों, सड़क किनारे बसे निराश्रित परिवारों व जरूरतमंदों को ठंड से बचाव हेतु कंबल वितरित किए गए। उपजिलाधिकारी ने गौशाला में अलाव, पर्याप्त भूसा, स्वच्छ पेयजल एवं पशु चिकित्सा सुविधाओं को नियमित बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि ठंड से बचाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी प्रशासन की इस सक्रियता से गौवंशों के संरक्षण के साथ-साथ जरूरतमंदों को भी राहत मिली है।

**अदालती सूचना**

हेतु संदर्शित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय, बाराबंकी।
एम.सी.सी. नं0-192/2025
तारीख पेशी-13.01.2026

राधेश्याम पुत्र स्व. गंगा निवासी ग्राम मांझा रायपुर पोस्ट गिदरापुर, परगना दरियाबाद, तहसील रामसनेहीघाट, थाना टिकैतनगर, जनपद बाराबंकी

बनाम

1. श्रीमती रिंकी पत्नी राधेश्याम पुत्री रामनाथ 2. शिवम 3. कृष्णा नाबालिगान पुत्रगण राधेश्याम संरक्षिका माता स्वयं रिंकी निवासीगण कसेहरी, पोस्ट, थाना व तहसील कैसरगंज जिला बहराइच केअर आफ सोनू पुत्र शंभू निषाद निवासी ग्राम मांझा रायपुर पोस्ट गिदरापुर, परगना दरियाबाद, तहसील रामसनेहीघाट, थाना टिकैतनगर, जनपद बाराबंकी

चूंकि उपरिनामांकित प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अन्तर्गत धारा 10/25 संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधि0 1890 अतएव आपको एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2026 ई0 के 01 के 13 दिवस को 10 बजे पूर्वाहन में स्वयं या सम्यक्रूपेण अनविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हों और ऐसा न करने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 2026 के दिवस को निकाली गयी।

न्यायाधीश

# मौदहा के परसदवा डेरा पहुंचे राजस्व व पीडब्ल्यूडी अधिकारी

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



मौदहा विकास खण्ड के गांव गऊघाट छानी के मजरा परसदवा डेरा में संपर्क मार्ग निर्माण के लिए शुरू हुआ अनशन दूसरे दिन बुधवार को जारी रहा है। तीसरे दिन अनशन स्थल पर पहुंचे राजस्व एवं लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों ने अपने तर्क दिए लेकिन डेरा के लोगों ने निर्माण कार्य शुरू होने तक अनशन जारी रखने की बात कही है ज्ञात हो कि मौदहा विकास खण्ड के गांव छानी गउघाट के मजरा परसदवा डेरा के लोग सड़क निर्माण की मांग को लेकर सोमवार से अनशन पर बैठे हुए हैं। इनका कहना है कि आजादी से लेकर आज तक उनके डेरा में आने जाने के लिए सड़क निर्माण नहीं कराया गया है। जिससे कि यहां के लोगों को गंभीर मुसीबतों का सामना करना पड़ता है।बारिश के दिनों में बस्ती के चारों ओर दल-दल नज़र आता है। सड़क न होने से इस डेरा का संपर्क आसपास के गांवों तथा तहसील एवं जिला मुख्यालय से पूरी तरह टूट जाता है। डेरा में आने जाने के लिए बैलगाड़ी ही एक मात्र सहारा रहता है। इस गंभीर समस्या के चलते इन्होंने दर्जनों बार उच्च अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से सड़क की मांग की है लेकिन आज तक किसी ने भी ध्यान नहीं दिया है। सड़क न होने से सबसे गंभीर समस्या बीमार लोगों और प्रशव पीड़िताओं को उठानी पड़ती है। समय से अस्पताल न पहुंचने के कारण इन्हें दुखद हादसों का शिकार होना पड़ता है । जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के सभी दावे हवा हवाई साबित हो रहे हैं। डेरा वासियों का कहना है कि उन्होंने सड़क निर्माण की मांग को लेकर एक सप्ताह पूर्व जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा था लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है। ऐसे में अनशन व धरना प्रदर्शन करना ही एक मात्र रास्ता बचा है। सड़क का निर्माण कार्य शुरू होने तक यह आंदोलन जारी रहेगा। हालांकि बुधवार को आंदोलन स्थल पर पहुंचे नायब तहसीलदार सत्यप्रकाश वर्मा और लोकनिर्माण विभाग के असिस्टेंट इंजीनियर ए के सिंह ने सड़क निर्माण से संबंधित अपने तमाम तर्क देकर अनशन कारियों को समझाते बुझाने का प्रयास किया है लेकिन अनशन कारियों का कहना है कि सड़क की मांग को लेकर उनका आंदोलन तबतक चलेगा जबतक कि निर्माण कार्य शुरू नहीं हो जाता है बुधवार को अनशन में राजेंद्र निषाद, केशना निषाद, रामकुमार पाल, रामदास, दनकू, शिवगुलाम, छोटेलाल, अरविंद, भैयालाल पाल, उदित, नारायण, रामदुलारी, मुन्नी, मनकी, रेखा, संपत, किशोरी, गयादीन, नरेश, सुनील, श्यामू, धीरज, बसंत, रामोतार, चुन्नू यादव, जगरानी, समलिया सहित लगभग दो दर्जन लोग मौजूद रहे हैं।

## शीतलहर के आगे सूर्य देव की तपिश बौनी

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** बुधवार को दोपहर बाद सूर्य देव के दर्शन जरूर रहे लेकिन शीत लहर के आगे सूर्य की तपिश नदारत रही और लोग ठिठुरते नजर आए। मंगलवार को पूरे दिन धूप के दर्शन नहीं हुए थे बुधवार को दोपहर बाद सुर्यदेव के दर्शन जरूर हुऐ लेकिन शीत लहर के आगे सूर्य देव की तपिश बौनी साबित हुई और लोग ठंड से सिकुडते नजर आए। धूप से पशुपक्षियों को बड़ी राहत मिली। शाम होते ही सर्दी का सितम लगातार बढ़ता जा रहा था।

**कार्यालय नगर पंचायत कुलपहाड़ जनपद, महोबा**

पत्रांक-367/एन.पी.के./निविदा सूचना/2025-26 दिनांक-06.01.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगर पंचायत कुलपहाड़ द्वारा राज्य वित्त आयोग निधि के अन्तर्गत निर्माण कार्य की निविदा दिनांक 08.01.2026 से 14.01.2026 को अपरान्ह 04:00 बजे तक डाउनलोड व ऑनलाइन अपलोड की जायेगी, जिनकी तकनीकी बिड दिनांक 15.01.2026 को प्रातः 11:00 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी जिन्हें विभाग की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर भी देखा जा सकता है। बिडर को सलाह दी जाती है कि बिड की नियम व शर्तों को ध्यान से पढ़ लें।

प्रवेन्द्र कुमार
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत कुलपहाड़
जनपद- महोबा

वैभव अरजरिया
अध्यक्ष
नगर पंचायत कुलपहाड़
जनपद- महोबा

## खबरें एक नजर में

### गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर एक शाम राष्ट्र के नाम, शहीदों को दी जाएगी श्रद्धांजलि



**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** गणतंत्र महोत्सव के अवसर पर 25 जनवरी की सायंकालीन बेला में आयोजित होने वाला एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम राष्ट्रभक्ति, त्याग और बलिदान को समर्पित एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि होगा। पतित पावनी माँ कल्याणी के पावन तट पर दीपदान के साथ जब शहीदों का स्मरण किया जाएगा, तो संपूर्ण वातावरण देशप्रेम की अलौकिक भावना से ओतप्रोत हो उठेगा। इस प्रेरक आयोजन का नेतृत्व राष्ट्र सेवा संकल्प के अध्यक्ष इंद्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक दुर्गा प्रसाद पांडे एवं सहसंयोजक निर्मल कुमार वैश्य के समन्वय से इसकी रूपरेखा साकार हो रही है। प्रभात अवस्थी कोषाध्यक्ष के रूप में व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बना रहे हैं, वहीं राकेश सिंह 'मुन्ना' व्यवस्था प्रमुख, कमलेश वर्मा मंच प्रमुख और राजेश सिंह स्वागत प्रमुख की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। प्रचार की कमान ज्ञानेंद्र तिवारी तथा मीडिया संयोजन रामनारायण मिश्र के साथ दिनेश तिवारी व मुकेश कुमार संभाल रहे हैं। आयोजकों के अनुसार यह संध्या उन अमर बलिदानियों को नमन है, जिनके त्याग से राष्ट्र सुरक्षित और सशक्त है। दीपों की लौ के साथ शहीदों के आदर्शों को आत्मसात करने का यह आयोजन नई पीढ़ी में देशभक्ति का संकल्प जगाने का सशक्त माध्यम बनेगा।

### हिंदी साहित्य परिषद के अध्यक्ष अवधेश शुक्ल पंचतत्व में विलीन



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** वृद्धावस्था के चलते हिंदी साहित्य परिषद सीतापुर के यशस्वी अध्यक्ष एवं सीतापुर की साहित्यिक गतिविधियों के लौह स्तंभ वरिष्ठ साहित्यकार अवधेश शुक्ल का निधन हो गया जिसकी सूचना पाते ही ब्रह्मपुरी स्थित उनके आवास पर साहित्यकारों का जमावड़ा लग गया। स्थानीय गोपालघाट पर आर्य समाज की पद्धति से वैदिक मंत्रोच्चारण से उनका अंतिम संस्कार किया गया तथा उपस्थित जनसमूह ने 2 मिनट का मौन रखकर हिंदी के सजग प्रहरी और साहित्यिक चेतना के वाहक वरिष्ठ साहित्यकार को विनम्र श्रद्धांजलि दी तथा हिंदी साहित्य परिषद, हिंदी सभा, संस्कार भारती एवं आलोक लोक सेवा संस्थान ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को श्रीहरि के श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने के साथ-साथ शोकाकुल परिवार, सहयोगियों और असंख्य साहित्यप्रेमियों को इस असहनीय दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। उपरोक्त अवसर पर श्री आशीष मिश्रा, डॉ. मनोज दीक्षित, लक्ष्मी वर्मा, इंजी. अम्बरीष श्रीवास्तव, निशु रस्तोगी, डॉ. प्रवीण रस्तोगी, अशोक मिश्रा, चंदन वैश्य, रामदास वैश्य रामू, रजनीश मिश्रा, के. सी. पाण्डेय, अरुणेश मिश्रा, कार्तिकेय शुक्ल, जी. डी. मिश्रा, संदीप सिंह, मनोज दुबे, रामकिशोर श्रीवास्तव, आदि उपस्थित थे।

### पति के गुमशुदगी की पत्नी ने दी तहरीर, पुलिस जांच में जुटी



**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** पति के लापता होने की पत्नी ने पुलिस को तहरीर है। 24 दिसंबर 2025 से गायब सचिन कुमार की तलाश मे पुलिस जुट गई है।जानकारी के अनुसार हरख ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम डेहवा निवासी जयश्री ने अपने पति सचिन कुमार की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई है।उन्होंने बताया कि सचिन कुमार 24 दिसंबर 2025 को घर से शौच के लिए निकला था,जिसके बाद से वह वापस नहीं लौटा है। जयश्री के अनुसार उनके पति का फोन भी तभी से बंद आ रहा है।इस संबंध में उन्होंने उसी दिन जैदपुर थाने में एक तहरीर दी थी।पीड़िता ने बुधवार करीब साढ़े तीन बजे बताया कि पुलिस उनके पति की तलाश में जुटी हुई है।उन्होंने पुलिस से जल्द से जल्द सचिन कुमार का पता लगाने की गुहार लगाई है।

### 52 ली. अवैध कच्ची शराब बरामद, 400 कि.ग्रा. लहन मौके पर नष्ट, तीन अभियोग पंजीकृत

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के आदेशानुसार अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र - 2 रोबिन आर्य मय हमराह द्वारा विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गयी। टीम द्वारा महाराजगंज तहसील के थाना बछरावां अंतर्गत संदिग्ध ग्राम कंजहा एवं टेरावरौला में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों/संदिग्ध घरों में दबिश के दौरान जनपद में कुल 52 लीटर अवैध कच्ची शराब एवं 400 किलो लहन बरामद कर लहन को मौके पर नष्ट किया गया एवं 03 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किये गए। जिले में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे ट्रैक पर कटा मिला अज्ञात युवक का शव, मचा हड़कंप

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुंदनगंज रेलवे स्टेशन पर बुधवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक अज्ञात युवक का शव रेलवे ट्रैक पर कटा हुआ मिलने से हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह जब लोग रेलवे स्टेशन की तरफ टहलने के लिए निकले, तो उन्होंने रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में सिर धड़ से अलग कटा हुआ देखा। घटनास्थल का नजारा एवं शव को देखते ही लोगों में हड़कंप मच गया। जिसके पश्चात उन्होंने उक्त घटना की सूचना बछरावां थाने एवं जीआरपी को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची बछरावां थाने की पुलिस और जीआरपी के घटनास्थल पर जांच पड़ताल शुरू कर दी। वहीं जीआरपी के द्वारा उक्त अज्ञात युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। खबर लिखे जाने तक उक्त अज्ञात युवक की पहचान नहीं हो पाई थी। आसपास मौजूद लोगों का दबी जुबान से यह भी कहना है कि जिस हालत में युवक का शव कटा हुआ रेलवे ट्रैक पर पड़ा था, उससे प्रतीत हो रहा है कि उक्त युवक के द्वारा आत्महत्या की गई है। फिलहाल युवक के हाथ पर प्लास्टर भी चढ़ा हुआ है जो किसी पुरानी चोट की भी गवाही दे रहा है।

# माता शीतला देवी मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए एक करोड़ 62 लाख स्वीकृत

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

नगर पंचायत हैदरगढ़ के ठाकुरद्वारा वार्ड में स्थित माता शीतला देवी मंदिर के जीर्णोद्धार एवं विस्तार हेतु विधायक दिनेश रावत के प्रयास से भाजपा सरकार द्वारा एक करोड़ 62 लाख रुपए की राशि आवंटित किए जाने पर माता शीतला मंदिर समिति द्वारा क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत और पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने कहा कि हैदरगढ़ का यह प्रसिद्ध और प्राचीन मंदिर सिर्फ मंदिर ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और सभ्यता के प्रतीक हैं भाजपा सरकार द्वारा आवंटित धनराशि से इस प्राचीन मंदिर को दिव्य रूप प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुनील सिंह

**विधायक दिनेश रावत का हुआ सम्मान**



वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किया। शीतला माता मंदिर के कर्ताधर्ता सभासद महेश अग्रवाल द्वारा आए हुए अतिथियों कलमकारों का अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शीतला माता मंदिर समिति की अध्यक्ष रमा अग्रवाल जय नारायण अग्रवाल प्रधान जितेंद्र प्रताप सिंह प्रधान आसाराम वर्मा पूर्व प्रधान प्रेम नारायण दीक्षित मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा समाजसेवी पंकज मिश्रा युवा नेता राहुल सिंह चौहान व्यापार मंडल अध्यक्ष योगेश द्विवेदी राजकुमार सोनी युवा सपा नेता पप्पू सिद्दीकी विकास पांडे राहुल दीक्षित अनुराग दिक्षित विश्व हिंदू परिषद नगर अध्यक्ष हरि भाई विजय हिंदुस्तानी शेखर मिश्रा कृष्ण कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# जरूरतमंदों को वितरित की रजाई

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत रामनगर मे गरीबो और जरूरतमंद लोगो को ठंड से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कम्बलो के वितरण के बाद रजाइयों का वितरण किया जा रहा है।भीषण सर्दी के दौर मे चेयरमैन रामशरण पाठक ने यह सिलसिला आगे बढ़ाते हुए व्यक्तिगत रूप से कई दर्जन गरीब व्यक्तियो को गर्म रजाइयां प्रदान कीं। रजाई पाकर असहाय लोगों के चेहरों पर खुशी की लहर दिखाई दी।नगर पंचायत रामनगर के सभी वार्डों में लगातार कंबल वितरण का कार्य किया जा रहा है। श्री पाठक ने बताया कि जरूरतमंदों मे अभी तक जिन्हे कंबल नही मिल पाया



था वे उनके आवास पर आकर कंबल प्राप्त कर रहे है। गरीबो और जरूरतमंदों की मदद करना उनका परम कर्तव्य है।इस अवसर पर नगर पंचायत के लिपिक रामकरण शर्मा,अमित कुमार, बल्लू बाबा, पूर्व सभासद दयाशंकर तिवारी, अजय मिश्रा, अमरेश तिवारी, अमित मिश्रा,पंकज पाठक सहित कई गणमान्य मौजूद रहे।

# एसडीएम अभिनव कनौजिया के विरुद्ध अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

तहसील मुसाफिरखाना के उप जिलाधिकारी अभिनव कनौजिया के विरुद्ध अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया और एसडीएम को निलंबित कर उनके भ्रष्टाचार की जांच कराने की कार्रवाई को लेकर अधिवक्ताओं ने सड़क पर उतरकर जोरदार नारेबाजी के साथ जुलूस निकाला।

मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम राजेश विश्वकर्मा को सौंपकर कार्यवाही की मांग की गई। अधिवक्ताओं ने कहा कि अभिनव कनौजिया के उकसाने पर तहसील में कार्यरत लेखपालों राजस्व निरीक्षक व अमीनो द्वारा अधिवक्ताओं को गाली देने जान से मारने की धमकी दी जा रही हैं। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज



कराई जाए। ज्ञापन देने वालों में तहसील बार एशोसिएशन के अध्यक्ष अचल कुमार मिश्रा, महामंत्री सुनील त्रिवेदी, वरिष्ठ अधिवक्ता जगदीश प्रसाद शर्मा, जय नारायण, रज्जन लाल, हर किशोर, गिरजा शंकर, कमलेश बक्श, पूर्व अध्यक्ष राम, महेंद्र प्रताप, सुरेश, पूर्व महामंत्री कुंवर बहादुर, हरिश्चंद्र, संतोष कुमार, संजय, जीत बहादुर, राजेश, कमल, धारानाथ, बनवारी लाल, मुंशीलाल, राम किशोर, आशुतोष, आशु, विभोर, सोमिल, आशीष, राधेलाल, केके, सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

# घटिया निर्माण सामग्री की भेंट चढ़ी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत बनीकोडर विकास खंड में निर्मित एक सड़क सरकारी लापरवाही और घटिया निर्माण की भेंट चढ़ गई है। भिटरिया-हैदरगढ़ मार्ग से वजीउद्दीनपुर तक बनाई गई एक किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण के कुछ ही वर्षों में पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। हैरानी की बात यह है कि यह सड़क अभी भी अनुरक्षण अवधि में है, इसके बावजूद कार्यदायी संस्था और ठेकेदार द्वारा मरम्मत कार्य नहीं कराया जा रहा है।

प्राप्त विवरण के अनुसार उक्त सड़क का निर्माण वर्ष 2021 में शुरू हुआ जो पूर्ण तिथि 18 जनवरी 2022 में बनकर तैयार हुई थी इसके बाद सड़क के अनुरक्षण की अवधि 10 जनवरी 2022 से 18 जनवरी 2027 तक तय की गई है। नियमों के अनुसार इस अवधि में सड़क को दुरुस्त बनाए रखना ठेकेदार और संबंधित विभाग की जिम्मेदारी होती है, लेकिन वर्तमान हालात में सड़क जगह-जगह से उखड़ चुकी है। सड़क निर्माण पर एक किलोमीटर की लागत लगभग 9.05 लाख रुपये की आई थी, जबकि पांच वर्षों के सामान्य अनुरक्षण के लिए 6.99 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई थी। इसके बावजूद सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे, उखड़ी गिट्टियाँ और टूटी डामर परत साफ दिखाई दे रही है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस सड़क से प्रतिदिन सैकड़ों लोग आवागमन करते हैं। स्कूली बच्चे, किसान, मजदूर, महिलाएँ और बुजुर्ग इसी मार्ग पर निर्भर हैं। सड़क खराब



होने के कारण बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी होती है, वहीं किसानों को अपनी उपज बाजार तक ले जाने में अतिरिक्त खर्च और समय लग रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियंत्रण विभाग (पीयू) तथा अधिशासी अभियंता की देखरेख में बना यह मार्ग गुणवत्ता मानकों पर खरा नहीं उतरा। संबंधित ठेकेदार द्वारा अनुरक्षण कार्य में घोर लापरवाही बरती गई जिसके चलते सड़क खराब हालत में पहुच गई लेकिन अब तक न तो सड़क की मरम्मत कराई गई और न ही कोई ठोस कार्रवाई हुई। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई तो सड़क पूरी तरह अनुपयोगी हो जाएगी, जिससे पूरे क्षेत्र का विकास प्रभावित होगा। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और ग्रामीण विकास विभाग से मांग की है कि मामले की जांच कराई जाए, अनुरक्षण मद में जारी धनराशि के उपयोग की समीक्षा हो तथा दोषी अधिकारियों और ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। साथ ही शीघ्र सड़क की मरम्मत कराकर आवागमन को सुचारु बनाया जाए। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों को मजबूत संपर्क देना है, लेकिन बनीकोडर क्षेत्र की यह सड़क योजना के उद्देश्यों पर सवाल खड़े कर रही है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर लापरवाही पर कब तक संज्ञान लेता है और ग्रामीणों को राहत कब मिलती है ।

# राहुल गांधी द्वारा भेजे गए कंबलों को कांग्रेसियों ने बांटा

**महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रायबरेली के सांसद राहुल गांधी द्वारा क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों के लिए भेजे गए कंबलों का वितरण बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय महराजगंज में किया गया।कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक अध्यक्ष सच्चिदानंद त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं की उपस्थिति में कंबल वितरण सम्पन्न हुआ।

इस दौरान कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सुशील पासी, कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मो. इलियास और पीसीसी सदस्य प्रदीप चौधरी ने क्षेत्र



के आए निराश्रितों को कम्बल वितरित किए। कांग्रेसियों ने राहुल गांधी के इस सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि जननायक सदैव गरीबों और वंचितों के हितों के लिए तत्पर रहते हैं। कड़ाके की इस ठंड में कंबलों का वितरण एक सराहनीय मानवीय प्रयास है। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कृपाशंकर शर्मा, पीसीसी सदस्यअंकुर जायसवाल, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रामशरण शुक्ल एवं भगवान दीन फौजीरविचंद्र सिंह, हौसला तिवारी (मंडल अध्यक्ष)गयाप्रसाद चौरसिया (मंडल अध्यक्ष)समेत समस्त न्याय पंचायत अध्यक्ष व ग्राम सभा अध्यक्ष और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी व कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### राकेश सिंह की असमय मौत से परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** चन्दापुर थाना क्षेत्र के अशर्फाबाद गांव निवासी रमेश सिंह के पुत्र राकेश सिंह का निधन हो गया राकेश सिंह रायबरेली स्थित पॉलिटेक्निक में बाबू के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे थे चार-पांच दिन पहले अचानक उनकी तबियत खराब हो गई उन्हें लेकर परिजन एम्स पहुंचे जहां उनका इलाज चल रहा था इलाज के दौरान बुधवार सुबह 10:00 बजे राकेश सिंह की मौत हो गई उनकी मौत से क्षेत्र सहित गांव में शोक की लहर दौड़ पड़ी उनका अंतिम संस्कार असरफाबाद गांव में ही किया गया जहां पर सैकड़ो लोगों ने उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। राकेश सिंह सीधे सरल और मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे।



### पुण्यतिथि पर मरीजों को वितरित किया पूड़ी-सब्जी व फल

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** पत्रकार बृजेंद्र कुमार ने बुधवार 7 जनवरी को अपनी माता संपत्ति देवी पत्नी हरिशंकर की 19वीं पुण्यतिथि के अवसर पर परिवारिक जनों के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ पहुंचकर वहां पर भर्ती मरीजों एवं तीमारदाररों को पूड़ी सब्जी बिस्किट फल आदि वितरित किया पत्रकार बृजेंद्र कुमार एवं उनके बड़े भाई सुशील कुमार ने बताया कि जरूरतमंदों गरीबों एवं मरीजों की सेवा करना ही सबसे बड़ी सेवा है अवसर बनाकर मजलूमों जरूरतमंदों की सेवा करना ही अपने पूर्वजों की सच्ची श्रद्धांजलि होती है माताजी की प्रेरणा से ही वह पिछले 18 वर्षों से पुण्यतिथि को अवसर बनाकर गरीबों मरीजों एवं जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान लाने का एक छोटा सा प्रयास करते हैं इससे हम सभी को परम सुख की प्राप्ति होती है इस अवसर पर सुशील कुमार सुधीर कुमार अरविंद कुमार गुड्डू जायसवाल दीपक कुमार मनोज कुमार आज पारिवारिक जन मौजूद रहे।

### नवनियुक्त मनरेगा बचाओ संग्राम कोऑर्डिनेटर का हुआ भव्य स्वागत



**अमेठी , समृद्धि न्यूज़।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नवनियुक्त मनरेगा बचाओ संग्राम कोऑर्डिनेटर राम लखन शुक्ला का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने शुक्ला को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मनरेगा देश की ग्रामीण जनता और श्रमिकों की जीवनरेखा है, लेकिन वर्तमान जनविरोधी सरकार द्वारा इसे कमजोर करने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी इन नीतियों के खिलाफ पूरी मजबूती के साथ संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि शुक्ला जी के नेतृत्व में अमेठी जनपद में मनरेगा बचाओ संग्राम को नई ऊर्जा, दिशा और मजबूती प्राप्त होगी। अपने संबोधन में रामलखन शुक्ला ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे मनरेगा योजना और मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। बैठक में एसआईआर विषय पर भी विशेष चर्चा हुई, जिसमें एसआईआर के जिला समन्वयक, विधानसभा एवं ब्लॉक प्रभारी मौजूद रहे।

# मुंशीगंज शहीद स्मारक पर सीडीओ व गणमान्य जनों ने शहीदों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**हमें अपने पूर्वजों द्वारा दिये गये बलिदान का सम्मान करना चाहिए : सीडीओ**

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता ने मुंशीगंज स्थल शहीद स्मारक में आयोजित शहीद श्रद्धांजलि समारोह के अवसर शहीदों के प्रति शहीद स्तम्भ पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम 07 जनवरी 1921 को हुए किसान आन्दोलन के शहीदों की याद में आयोजित किया जाता है।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सई नदी के पुनीत तट पर अंग्रेजों की नीतियों के खिलाफ किसानों ने एक बड़ा आन्दोलन किया जिसमें कई किसान शहीद हुए। उन्होंने कहा कि यह आजादी हमारे पूर्वजों के अथक संघर्षो के बाद मिली है। हम सभी को इसका महत्व समझना चाहिए। उन्होंने



शहीदों को नमन करते हुए कहा कि हमें राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को पूर्ण निष्ठा के साथ पूरा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आजादी की कीमत हम सबको समझनी चाहिए। हमें अपने पूर्वजों द्वारा दिये गये बलिदान का सम्मान करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि किसानों ने अंग्रेजी हुकुमत के खिलाफ लड़ाई लड़ी और अपने प्राणों का बलिदान किया, पीढ़ियों तक हमें उनका बलिदान प्रेरणा देता रहेगा, यह बलिदान साधारण बलिदान नहीं इसको हमे भुलना नही चाहिए। हमे आपनी आने वाली पीढ़ियों को भी बताना होगा जिससे वह भी प्रेरणा ले और शहीदों को नमन कर अपनी अपनी आने वाली पीढ़ियों को भी अवगत करायें। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व शहीदों के परिवारिकजनों को माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि आज हम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिवारिकजनो से मिलकर अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों द्वारा शहीद स्मारक स्थल पर वृक्षारोपण भी किया गया तथा कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टॉल भी लगाए गए, जिसका प्रतिभागियों द्वारा अवलोकन कर योजनाओं की जानकारी ली गई। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

### मोटरसाइकिल की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौत, मचा कोहराम

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां- मौरावां मार्ग पर मंगलवार की शाम लगभग 6:30 बजे के करीब तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिशुनपुर गांव का रहने वाला अतुल उम्र 14 वर्ष पुत्र अंजनी साइकिल से बछरावां कस्बे किसी काम के लिए आया था। मंगलवार की शाम 6:30 बजे के करीब जैसे ही वह बछरावां- मौरावां मार्ग पर वन विभाग कार्यालय के निकट पहुंचा, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार ने उसे टक्कर मार दी। इस हादसे में वह सड़क पर गिर गया और उसके सिर पर गंभीर चोटें आ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां पर मौजूद चिकित्सक प्रभात मिश्रा ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस बारे में थानाध्यक्ष राजीव सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लिया गया है। चालक व उसके वाहन की तलाश की जा रही है।रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।


### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र दिलीप कुमार को गलत चाल-चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उसके द्वारा किये गये किसी भी कार्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचनाकर्ता**
**राजाराम पुत्र चतुरी**
**ग्राम कितरौली सफीपुर, थाना देवा, परगना व तहसील फतेहपुर, जिला बाराबंकी।**

### नोटिश

मैं अपने ग्राहक आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड शाखा रायबरेली ऑफिस नंबर 563 जमीर कंपलेक्स फर्स्ट फ्लोर खसरा नंबर 21 अहमदपुर नजूल रोड नियर स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया जनपद रायबरेली 229001 उत्तर प्रदेश की तरफ से सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे ग्राहक मोहम्मद शाहरुख पुत्र मोहम्मद वसीम अपनी संपत्ति आराजी नंबर 2482 ग्राम ऊंचाहार (बड़ी क्रॉसिंग टाउन एरिया) परगना सलोन व तहसील ऊंचाहार जनपद रायबरेली का जुज़ भाग रकब 1375 वर्ग फीट को बंधक रखकर आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड रायबरेली शाखा से उक्त संपत्ति को सय्यद ताजदार नकवी पुत्र सय्यद अलमदार नकवी निवासी 535/12 कजियाना किला बाजार रायबरेली से क्रय कर रहे हैं यह कि उक्त संपत्ति की खतौनी में सय्यद ताजदार नकवी पुत्र सय्यद अलमदार नकवी के साथ साथ अन्य सह खातेदार के नाम भी खतौनी में खातेदार के रूप में दर्ज हैं यदि संबंधित व्यक्ति व युवतियों, बैंक या वित्तीय संस्था को इस संपत्ति के हस्तांतरण एवं आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड में बंधक रखने में यदि कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 7 दिन के अंदर नीचे दिए गए पते पर संपर्क कर अपनी आपत्ति दर्ज कराये अन्यथा यह मान लिया जाएगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है एवं किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा चौहाद्दी पूरब प्लॉट विक्रेता, पश्चिम प्लॉट विक्रेता, उत्तर 20फिट रोड दक्षिण शेष भूमि सह खातेदार।

**आपत्ति हेतु संपर्क करें**
**एडवोकेट संजीव कुमार शुक्ला 2nd फ्लोर एन एन कॉम्प्लेक्स केनरा बैंक के ऊपर सुपर मार्केट रायबरेली**
**मो. नंबर 9415190904**


# शीतलहर के दृष्टिगत डीएम ने रात्रि में रैन बसेरा व अलाव का किया निरीक्षण



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

शीतलहर के मद्देनजर आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा सभी नगर निकाय क्षेत्रों में रैन बसेरे संचालित किए जा रहे हैं तथा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था कराई गई है। मंगलवार को रात्रि में जिलाधिकारी संजय चौहान ने अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता, उप जिलाधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका गौरीगंज के साथ गौरीगंज क्षेत्र में संचालित रैन बसेरे एवं विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर जल रहे अलाव का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण में सर्वप्रथम असैदापुर स्थित रैन बसेरा का निरीक्षण किया गया। यहां उन्होंने शौचालय, किचन, पेयजल व्यवस्था, अलाव, बिस्तर सहित समस्त व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया तथा आंगतुक रजिस्टर का भी अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने रैन बसेरे में ठहरे लोगों से संवाद कर उनका हाल-चाल जाना एवं उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन एवं अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर रैन बसेरों से संबंधित बैनर लगाए जाने के निर्देश दिए। इसके उपरांत विभिन्न स्थानों पर जल रहे अलाव का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए। निरीक्षण में सभी स्थानों पर अलाव जलते हुए पाए गए। जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि नगर निकायों में कुल 13 रैन बसेरे संचालित किए गए हैं। इनमें अमेठी में 4, गौरीगंज में 3, मुसाफिरखाना में 3 तथा तिलोई में 3 रैन बसेरे शामिल हैं। इसके अतिरिक्त जनपद के लगभग 108 सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलवाए जा रहे हैं, जिससे ठंड से बचाव करते हुए आमजन, यात्री एवं श्रमिकों को राहत मिल सके।

# पुण्यतिथि पर भाजपाइयों ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष को दी श्रद्धांजलि

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता रहे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री राजेंद्र गुप्ता की 23वीं पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला के नेतृत्व में पड़ाव स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर मुख्य रूप से सदर विधायक /नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु भी उपस्थित रहे। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि राजेंद्र गुप्ता सीतापुर ही नहीं अभी तो पूरे प्रदेश एवं देश की शान थे। पार्टी उनके योगदान को कभी भुला नहीं



सकती।पार्टी को जमीन से लेकर सत्ता तक पहुंचाने का श्रेय उनको जाता है। आज हम सब कार्यकर्ता उनको अपनी श्रद्धांजलि समर्पित कर रहे हैं। और उनके बनाए मार्ग पर चलकर कार्य कर रहे हैं। और जनता भी उनके बनाए मार्ग को पसंद करके हम सबको आशीर्वाद दे रही है

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष उमाकांत मिश्रा निवर्तमान जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा संजय मिश्रा विश्राम सागर राठौर गोविंद भारती नगर अध्यक्ष राजन गुप्ता, महेश शर्मा अमन विक्रम सिंह रामप्रसाद सिंह सहित पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने किया ब्लॉक पिसावां के आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने ब्लॉक पिसावां के आयुष्मान आरोग्य मंदिर, वजीरनगर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ए0एन0एम0 से उपकरण के बारे में जानकारी ली एवं एच0आर0पी0 रजिस्टर में कमी मिलने पर संबंधित को सुधार के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने पी0एच0सी0 में व्यवस्थाएं दुरूस्त न मिलने पर सी0एच0ओ0 शोभित मिश्रा की सेवासमाप्ति हेतु नोटिस, वार्षिक वेतन वृद्धि एवं अन्य कटौतियां करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आशाएं ज्यादा ज्यादा संस्थागत प्रसव करायें एवं लोगों को संस्थागत प्रसव हेतु जागरूक करें। ड्यू रजिस्टर का अवलोकन किया एवं आंगनबाड़ी रजिस्टर एवं उनके उपकरण को देखा। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देश दिये



कि लम्बाई नापने वाली नई मशीन लगायी जाये। गर्भवती महिलाओं के रजिस्टर का अवलोकन करने के साथ अद्यतन रखने के निर्देश दिये। सैम एवं मैम के रजिस्टर के अवलोकन में कमियां मिलने पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री ऊषा शुक्ला के नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। रजिस्टर में कमियां मिलने पर ए0एन0एम0 डॉली मिश्रा को प्रतिकूल प्रविष्टि एवं मुख्य सेविका को नोटिस जारी करने के निर्देश प्रदान किये। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रखर राष्ट्रवादी और हिंदू हृदय सम्राट थे बाबू कल्याण सिंह: प्रिया शाक्य

▸ चित्र पर पुष्प अर्पित करके दी श्रद्धांजलि

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



ग्राम लक्षीराम नगला स्थित कैंप कार्यालय में पद्म विभूषण पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व राज्यपाल बाबू कल्याण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने कहा कि बाबूजी प्रखर राष्ट्रवादी नेता थे। उन्होंने कहा कि बाबूजी ने भाजपा के लिए कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाईं। बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर सनातन धर्म के लिए ऐतिहासिक कार्य किया। उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में विकास की नई गति मिली और गरीबों, किसानों के हितों की रक्षा की गई। बाबूजी का जीवन संघर्ष, त्याग और सेवा का प्रतीक था। उन्होंने युवाओं को प्रेरित किया कि राष्ट्रहित सर्वोपरि हो। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ओमकार शाक्य ने कहा कि बाबूजी को ईमानदार, सिद्धांतवादी और स्वच्छ छवि वाले नेता के रूप में पूरा देश जानता है। वे हिंदू हृदय सम्राट थे। उनके निधन के बाद राष्ट्रपति द्वारा मरणोपरांत पद्म विभूषण सम्मान दिया गया। अंत में सभी ने बाबूजी के आदर्शों को अमल में लाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य जीतू शाक्य, अमित शाक्य चंचल, बांकेलाल शाक्य, प्रभा शाक्य, करन राजपूत, गौरव राजपूत, रामआसरे राजपूत, रामचंद्र शाक्य व प्रदीप शाक्य सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# 12 से 18 जनवरी तक मनाया जाएगा युवा चेतना सप्ताह

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर छिबरामऊ महोत्सव समिति द्वारा 12 से 18 जनवरी तक युवा चेतना सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इस सप्ताह का उद्देश्य स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेकर युवाओं में चेतना जागृत करना है। सर्दियों को ध्यान में रखते हुए सभी कार्यक्रम इंडोर कैंपस में आयोजित होंगे। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों जैसे कला, संस्कृति, समाज, राजनीति, तकनीकी, पर्यावरण और खेल में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्थानीय युवाओं को नगर रत्न सम्मान प्रदान किया जाएगा। महोत्सव के संस्थापक गौरव त्रिपाठी अमर ने बताया कि सप्ताह की शुरुआत 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस से होगी। अय्योजित कार्यक्रमों में 13 जनवरी को भाषण प्रतियोगिता, 14 जनवरी को निबंध एवं स्लोगन लेखन, 15 जनवरी को युवा काव्य गोष्ठी, 16 जनवरी को नृत्य-नाटिका प्रतियोगिता, 17 जनवरी को समूह गायन। 18 जनवरी को पुरस्कार वितरण एवं नगर रत्न सम्मान समारोह के साथ समापन होगा। मंच प्रभारी सतेंद्र राठौर ने कहा कि कार्यक्रम नगर के विभिन्न स्थानों पर होंगे। भाग लेने के इच्छुक युवा 11 जनवरी तक बनवारी नगर कार्यालय या मोबाइल नंबर 969696734 पर पंजीकरण करा सकते हैं।

इस दौरान शानू, विकास, तनिष्क, राधिका, जोया, कुलदीप, निशा, सचिन, गुड्डू, राज, तान्या, राहुल, वैभव, अनुराग मौजूद रहे।

## दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत, दूसरा घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र में एनएच-34 हाईवे पर ग्राम नगला आम स्कूल के सामने दो बाइकों की जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान प्रेमपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम रामखेड़ा निवासी 35 वर्षीय रामकुमार यादव पुत्र रामस्वरूप के रूप में हुई है। रामकुमार अपने घर से छिबरामऊ की ओर बाइक से जा रहे थे। पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे मोहल्ला कस्सावान निवासी कासिम उमर पुत्र मोहम्मद इसरार की बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने दोनों को एम्बुलेंस से सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। यहां इमरजेंसी वार्ड में मौजूद चिकित्सक ने परीक्षण के बाद रामकुमार को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल कासिम को प्राथमिक उपचार के बाद तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# आशा वर्करों ने मानदेय व सुविधाओं की उठाई मांग



▸ विधायक अर्चना पांडेय को सौंपा ज्ञापन

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

ग्रामीण एवं बाल कल्याण आशा एसोसिएशन की ओर से स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत आशा कार्यकर्ताओं की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापनविधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय को सौंपा गया। उन्होंने आशा वर्करों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान का आश्वासन दिया।

एसोसिएशन ने ज्ञापन में प्रदेश में कार्यरत लाखों आशा वर्करों की दयनीय स्थिति का जिक्र करते हुए बताया कि महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों के बावजूद उन्हें समय पर मानदेय नहीं मिलता। काम के अनुपात में बहुत कम भुगतान होता है, जो बजट अभाव के कारण वर्षों तक रुका रहता है। इससे आशा कार्यकर्ताएं गुलामों जैसा कार्य करने को मजबूर हैं, जिसको लेकर आशा वर्करों ने रोष व्यक्त करते हुए मांग की है कि सभी आशा वर्करों को सरकारी कर्मचारी घोषित किया जाए।

सरकारी कर्मचारी घोषित होने तक प्रतिमाह 25 हजार रुपये मानदेय दिया जाए। सभी सरकारी महिला अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों पर आशा वर्करों के लिए विश्राम कक्ष की व्यवस्था हो, ताकि प्रसव के लिए गर्भवती महिलाओं को लाने पर रात में रुकने की सुविधा मिल सके। हाईस्कूल या इंटरमीडियेट पास आशा वर्करों को एएनएम के रूप में विभागीय प्रशिक्षण देकर आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया जाए। आशा वर्करों ने इन मांगों के शीघ्र निस्तारण की गुहार लगाई है।

## कोहरे में सुरक्षित ड्राइविंग के लिए किया जागरूक



**छिबरामऊ, कन्नौज।** टीएसआई अरशद अली ने नगर के तालग्राम तिराहा, फर्रुखाबाद चौराहा और पूर्वी बाईपास सहित विभिन्न स्थानों पर विशेष यातायात चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 15 वाहन चालकों के चालान काटकर जुर्माना लगाया गया। टीएसआई ने वाहन चालकों और आमजन को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया। साथ ही सर्दी के मौसम में बढ़ते कोहरे को देखते हुए कई वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगवाए। उन्होंने लोगों से अपील की कि धुंध के मौसम में वाहनों के आगे सफेद या पीले और पीछे लाल रंग के रिफ्लेक्टर टेप जरूर लगाएं, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना कम हो। इसके अलावा फॉग लाइट और लो बीम का उपयोग करने, तेज रफ्तार से बचने, नशे में वाहन न चलाने, नींद आने पर सुरक्षित स्थान पर रुकने और ओवरटेक न करने की सलाह दी। जीटी रोड पर सड़क किनारे खड़े वाहनों को भी हटवाया गया।

# पूर्व विधायक अरविंद यादव ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल



छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

क्षेत्र के कच्छपुरा बिराहिमपुर गांव में पूर्व सपा विधायक अरविंद सिंह यादव ने गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों विशेष रूप से विकलांगजन, विधवा महिलाओं एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को कंबल प्रदान किए। सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों कंबल वितरित किए गए। पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने कहा कि उनके कार्यकाल में क्षेत्र में सौ शैया अस्पताल और राजकीय इंटर कॉलेज की स्थापना की गई तथा बिजली-पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। बड़े पैमाने पर विकास कार्य कराए गए, जिससे आम जनता को लाभ मिला। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी चुनाव में पूरी ताकत से जुटने और समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का आह्वान किया। उन्होंने वर्तमान सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सपा कार्यकर्ताओं पर लगातार जुल्म हो रहा है। यदि पुलिस किसी कार्यकर्ता को तंग करेगी या प्रशासन मिनी गुंडा एक्ट जैसी कार्रवाई करेगा, तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आदिल परवेज के संचालन में हुए कार्यक्रम में पूर्व ब्लॉक प्रमुख सोनू यादव, विधानसभा अध्यक्ष उमेश पाल, अर्पित शुक्ला, अमन खान, तस्लीम वारसी, नन्हें लाल, अजय पाल, बबलू, नारायण दास, अजब सिंह, चंन्नू लाल, बीरेंद्र सिंह, बेचे लाल, जयवीर सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## आज से 28 जनवरी तक बंटेगा निःशुल्क राशन

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** जिला पूर्ति अधिकारी राजीव कुमार मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि माह जनवरी 2026 का निःशुल्क खाद्यान्न वितरण 8 जनवरी से 28 जनवरी 2026 के मध्य संपन्न होगा। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत अन्त्योदय अन्न योजना कार्डधारकों को प्रति कार्ड 14 किलोग्राम गेहूं, 11 किलोग्राम चावल एवं 10 किलोग्राम बाजरा, कुल 35 किलोग्राम खाद्यान्न निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को उनके कार्ड से संबद्ध प्रति यूनिट 2 किलोग्राम गेहूं, 1 किलोग्राम चावल एवं 2 किलोग्राम बाजरा, कुल 5 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति यूनिट निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। द्यान्न वितरण को सुगम और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से मोबाइल ओटीपी के माध्यम से वितरण की सुविधा 28 जनवरी तक उपलब्ध रहेगी।

# तिलखोर नदी की चौड़ाई बहाल कर सफाई कराने की मांग

▸ भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ ने अधिशासी अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



नगर पालिका क्षेत्र में आने वाली तिलखोर नदी को भूमाफियाओं द्वारा अतिक्रमण कर नाले में तब्दील कर दिए जाने के खिलाफ भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ. प्रत्युष दिवेदी ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें नदी की मूल चौड़ाई बहाल करने, अतिक्रमण हटाने तथा सफाई कराने की जोरदार मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि तिलखोर नदी की चौड़ाई नगर पालिका क्षेत्र में 20 से 40 फुट तक है, लेकिन सौरिख रोड से काशीराम कॉलोनी तक के हिस्से को मात्र 4 से 6 फुट चौड़े नाले में बदल दिया गया है। इससे वर्षा के समय नगर में जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती है। पुराने राजस्व अभिलेखों के अनुसार 1912-13, 1940 तथा 1960 के नक्शों में गाटा संख्या 1959 में तिलखोर नदी स्पष्ट रूप से दर्ज है। भूमाफियाओं ने नदी की जमीन पर अवैध मकान और दुकानें बनाकर कब्जा कर लिया है। डॉ. दिवेदी ने बताया कि नगर के कई प्रमुख नाले जैसे आवास विकास से चूड़ी वाली गली नाला, गूदड़वाड़ा नाला तथा भैनपुरा-इंद्रा नगर नाला सभी तिलखोर नदी में ही गिरते हैं। वर्तमान सरकार की नीति के तहत नदी-तालाबों को कब्जामुक्त कराने का अभियान चल रहा है। उन्होंने अधिशासी अधिकारी से निष्पक्ष जांच कराकर सौरिख रोड से काशीराम कॉलोनी तक के हिस्से से अतिक्रमण हटवाने, नदी की चौड़ाई बहाल कराने तथा सौंदर्यीकरण व सफाई कराने की मांग की, ताकि नगरवासियों को जलभराव से स्थायी मुक्ति मिल सके।

# अब समधन नगर पंचायत की दिव्या गुप्ता बनीं ईओ

▸ समधन नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी ने चार्ज लेते ही कर्मचारियों को दिये निर्देश

समधन, समृद्धि न्यूज।



शासन के निर्देश पर करीब चार वर्ष वाद नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी पद पर दिव्या गुप्ता की नियुक्ति की गई है। चार्ज संभालते ही नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर कर्मचारियों से परिचय कर सभी को सख्त दिशा निर्देश दिये गये है। समधन नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी पद पर बुधवार को शासन की ओर से दिव्या गुप्ता की नियुक्ति कर दी गई बीते करीब चार वर्ष से स्थाई ईओ की तैनाती न होने से कार्यवाहक ईओ के हाथों में कमान रहने से नगर की आम जनता की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हो पाता था जिससे लोगों को कार्यवाहक ईओ के इन्तजार में कई दिन बीत जाते थे तब वह अपनी समस्या का निराकरण करा पाते थे दोपहर नवनियुक्त अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता ने चार्ज संभालते ही कर्मचारियों की आपात बैठक बुलाई गई जिसमें उन्होंने सबका परिचय लेने के वाद निर्देश देते हुऐ कहा कर्मचारी अपनी डियूटी के प्रति जिम्मेदारी समझकर काम करें और जनप्रतिनिधियों की शिकायत को संज्ञान में लेकर अवगत कराये जिससे किसी प्रकार से आम जनता को परेशानी का सामना न करना पड़े और लापरवाही किसी कर्मचारी की बर्दाश्त नहीं की जायेगी इस अवसर पर लिपिक अंकित दुबे, विवेक गुप्ता, दीपक श्रीवास्तव, आलोक शाक्य, हनीफ अहमद, बकार अहमद, कासिम, आनन्द ,सफाई नायक सुनील कुमार, नरेश चन्द्र , बबलू आदि मौजूद रहे।

# एनसीसी कैडेट्स ने चलाया जागरूकता अभियान

▸ सड़क सुरक्षा अभियान के तहत नियमों की दी जानकारी, छात्रों ने ली शपथ

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।



बाइक सवार को जागरूक करते एनसीसी कैडेट्स

सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन भर नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा का दृढ़ संकल्प है। हेलमेट और सीट बेल्ट का नियमित उपयोग, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाना तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करना जीवन सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह बात प्राचार्य हरिओम प्रजापति ने कही। गुगरापुर क्षेत्र के चांदापुर स्थित अविका डिग्री कॉलेज में रोड सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और अपने परिवार व समाज को भी इसके प्रति जागरूक करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। कार्यक्रम के दौरान सभी छात्रों ने सड़क सुरक्षा की शपथ ली। इसके पश्चात जागरूकता अभियान के अंतर्गत छात्र- छात्राओं ने दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों को रोककर चालकों को हेलमेट पहनने और सीट बेल्ट बांधने के लिए प्रेरित किया तथा यातायात नियमों की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर डॉ. पल्लवी यादव (एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी), डॉ. शिखा कुमारी (एनसीसी सीटीओ), हवलदार संजय भोसले सहित छात्र-छात्राएं अभिभावक रहे।

# 40 पेटी शराब व स्कार्पियो कार सहित चार अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

▸ अवैध शराब की तस्करी पर जालौन कोतवाली व एसओजी, सर्विलांस की बड़ी कार्यवाही

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज़।



शराब तस्करी का खुलासा करते एसपी डा. दुर्गेश कुमार।

जनपद में नशीले व मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान में जालौन कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा के नेतृत्व में एसओजी, सर्विलांस टीम एवं कोतवाली जालौन पुलिस की संयुक्त टीम ने अवैध शराब तस्करी में संलिप्त 4 अंतर्राज्यीय शराब तस्करों को स्पार्कियो से चालीस पेटी शराब बरामद कर उन्हें गिरफ्तार किया।

उक्त मामले का खुलासा करते हुये पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार ने मीडिया को बताया कि पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग तथा वांछित अपराधियों की तलाश के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई। सूचना के आधार पर कोच चौराहा से बंगरा रोड स्थित छैपुला के पास घेराबंदी कर एक स्कार्पियो कार को रोका गया। तलाशी के दौरान वाहन से मध्य प्रदेश निर्मित देशी शराब की कुल 40 पेटियां बरामद की गई जिनमें 2000 क्वार्टर (कुल 360 लीटर) शराब थी। बरामद शराब की अनुमानित कीमत लगभग 1 लाख 60 हजार रुपये आंकी गई है। गिरफ्तार शराब तस्करों की पहचान चंदन शिवहरे पुत्र मंसाराम शिवहरे निवासी कस्बा थाना लहार जिला भिंड, गुड्डू दोहरे पुत्र धर्मजीत दोहरे निवासी ग्राम छिद्दी थाना लहार जिला भिंड, ब्रजेन्द्र पाल पुत्र राकेश पाल निवासी ग्राम चितवा थाना चिरूला जिला दतिया एवं रवि शिवहरे पुत्र रामनरेश शिवहरे निवासी कस्बा थाना लहार जिला भिंड के रूप में हुई है जो सभी मध्य प्रदेश के विभिन्न जनपदों के निवासी हैं। पकड़े गये शराब तस्करों के कब्जे से तस्करी में प्रयुक्त एक स्कार्पियो कार (नंबर जीजे-04 एटी-5453) तथा फर्जी नंबर प्लेट भी बरामद की गई है। पूछताछ में स्वीकार किया कि वह मध्य प्रदेश से शराब खरीदकर नंबर प्लेट बदलकर वाहन के माध्यम से अन्य स्थानों पर शराब बेचते थे और इससे प्राप्त धनराशि से अपनी जरूरतें व शौक पूरे करते थे। पुलिस ने पकड़े गये शराब तस्करों के विरुद्ध कोतवाली जालौन में मुकदमा अपराध संख्या 002/2026 धारा 341(2), 318(4) बीएनएस एवं 60(1), 63, 72 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की जानकारी अन्य राज्यों व जनपदों से भी की जा रही है। यह कार्रवाई अवैध शराब तस्करों के विरुद्ध पुलिस की सख्ती का स्पष्ट संदेश दिया।

# नुनसाई गौशाला पहुंचे डीएम ने गायों को पहनाये काऊ कोट

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विकासखंड डकोर के ग्राम नुनसाई स्थित गौशाला का निरीक्षण कर गौवंश संरक्षण के प्रति प्रशासन की संवेदनशील प्रतिबद्धता का परिचय दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने ठंड से बचाव हेतु गौवंशों को काऊ कोट पहनाए तथा स्नेहपूर्वक गुड़ खिलाकर उनके स्वास्थ्य एवं पोषण की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गौशाला में चारा, पेयजल, साफ-सफाई एवं ठंड से बचाव की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौवंशों की देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने कहा कि गौवंश संरक्षण शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है और गौशालाओं में मानकों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। जिलाधिकारी ने गौशाला प्रबंधन समिति को निर्देश दिए कि नियमित निरीक्षण कर गौवंशों के स्वास्थ्य की निगरानी की जाए तथा शीतलहर के दृष्टिगत आवश्यक सभी इंतजाम समय से पूरे किए जाएं, ताकि गौवंश सुरक्षित एवं स्वस्थ रहें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, ग्राम प्रधान, कार्यक्रम अधिकारी शरद अवस्थी आदि मौजूद रहे।

## नपा माधौगढ़ में वार्ड नंबर चार के निर्माणाधीन नाले की हुई जाँच

**माधौगढ़ (जालौन)।** नगर पंचायत माधौगढ़ के वार्ड नंबर 04 में सरकारी ट्यूबवेल से तहसील मोड़ तक निर्माणाधीन नाले की जाँच की गई। जाँच के लिए पहुंचे सदर लेखपाल मंसूर खान एवं जेई अनिल कुमार ने निर्माण कार्य का निरीक्षण किया, जिसमें कार्य को संतोषजनक पाया गया। निर्माणाधीन नाले को लेकर अनियमितता की शिकायत उपजिलाधिकारी (एसडीएम) माधौगढ़ से की गई थी। शिकायत को संज्ञान में लेते हुए एसडीएम माधौगढ़ राकेश कुमार सोनी ने एक टीम गठित कर मौके पर जाँच कराई। जाँच के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष राघवेंद्र व्यास एवं जेई अनिल कुमार भी उपस्थित रहे। सदर लेखपाल मंसूर खान ने बताया कि जाँच के समय निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा तीन नंबर ईंटों का उपयोग किया जा रहा था।

# लेखपाल, राजस्व निरीक्षकों के लिये नये कक्षों के लिये जमीन का सर्वे

कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।

तहसील भवन के परिसर में महिला लेखपालों राजस्व निरीक्षकों को व जनता को बैठने शासकीय कार्यो को कुशलता पूर्वक निपटाने के लिए नए कक्षों के निर्माण की योजना तैयार की गई है। उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने परिसर का घूम घूम कर भूमि का सर्वे किया है। सोमवार को उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने जल संस्थान के नलकूप एवं टंकी से जमीन में फैलने वाले पानी की निकासी की स्थिति को देखा। उन्होंने कहा कि पानी के निकासी को भूतल में बने वॉटर टैंक में डलवाने की व्यवस्था की जाएगी। दरअसल महिला लेखपालों तथा राजस्व निरीक्षकों के बैठने के लिए उचित कक्ष नहीं हैं। इस दृष्टिकोण से कंप्यूटरीकृत खतौनी के कक्ष के बरामदे में दो कक्षाओं का निर्माण करने की योजना तैयार की गई है। जिसमें एक कक्ष में महिला लेखपालों तथा दूसरा राजस्व निरीक्षकों के बैठने का निश्चित स्थान होगा। एसडीम पूरे परिसर का भ्रमण करके कहा स्थान को कर्मचारियों तथा फरियादियों के उपयोग के लिए भवन रूपी स्थान बनाने की रणनीति तैयार की। जिस हॉल में जनरेटर स्थापित है उसमें भी राजस्व कर हेतु उपयोग किया जाएगा।

# पापड़ की तरह बेलकर लाखों से निर्मित सड़क चंद दिनों में उखड़ी

## आठ वर्षों से गड्ढों में डूबी कस्बा मार्ग की नई सड़क भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी

रामपुरा,जालौन समृद्धि न्यूज।



विकास खंड रामपुरा के अंतर्गत माधौगढ़-रामपुरा मुख्य मार्ग को जोड़ने वाली ग्राम कस्बा की लगभग एक किलोमीटर लंबी सड़क एक बार फिर चर्चा में है। आठ वर्षों से गड्ढों में तब्दील इस मार्ग का हाल ही में लोक निर्माण विभाग द्वारा पुनर्निर्माण कराया गया, लेकिन निर्माण कार्य पूरा हुए अभी एक माह भी नहीं बीता कि सड़क की परत उखड़ने लगी है। जगह-जगह गिट्टी अलग हो रही है और पुराने गड्ढे फिर से उभरने लगे हैं, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार, लंबे इंतजार के बाद शासन द्वारा सड़क निर्माण की स्वीकृति मिली थी। बताया जा रहा है कि इस कार्य की लागत लगभग 9 लाख रुपये है। बावजूद इसके, निर्माण में भारी अनियमितताएं बरती गईं। ग्रामीण वीरू, मुकेश, अरविंद, अजय सहित अन्य लोगों का कहना है कि ठेकेदार ने निजी लाभ के लिए मानकों की अनदेखी करते हुए घटिया सामग्री का उपयोग किया। सड़क की हालत इतनी खराब है कि हाथ लगाने भर से ही गिट्टी उखड़ रही है। ग्रामीणों को आशंका है कि पहली बरसात में ही सड़क का नामोनिशान मिट जाएगा। ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि ऐसी ही सड़क मिलनी थी तो वे पहले वाली गड्ढेदार सड़क पर ही आवागमन कर लेते। नई सड़क के नाम पर उन्हें ठगा हुआ महसूस हो रहा है। निर्माण की खामियों की जानकारी लोक निर्माण विभाग के जेई अजय कुमार को भी दी गई थी। उस समय जेई द्वारा ठेकेदार से सड़क सुधारने की बात कही गई थी।

# पुत्री को बरामद करने के लिए पीड़ित ने एसपी से लगायी गुहार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एसपी को दिये गये प्रार्थना पत्र में पीड़ित ने कहा कि उसकी पुत्री को भगाने के मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद भी पुलिस ने अभी तक उसकी पुत्री को बरामद नहीं किया है। साथ ही पुलिस ने अभियुक्तों से सांठगांठ कर उन्हें थाने से छोड़ दिया। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक आरती सिंह को दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि वह थाना राजेपुर अंतर्गत एक ग्राम का निवासी है। पीड़ित की नाबालिग पुत्री दिनांक 01.01.2026 को समय करीब 12 बजे दिन में घर से बिना बताये चली गयी थी। जिसकी काफी खोजबीन की, परन्तु उसका कहीं पता नहीं चला। पुत्री के कमरे में एक मोबाइल मिला। तब पीड़ित को जानकारी हुई कि उसकी पुत्री दो नम्बरों पर अधिकतर बात करती थी। जिसमें एक नंबर अनित पुत्र रामदास निवासी ग्राम कड़क्का थाना राजेपुर तथा दूसरा नंबर दिपांशू कुशवाहा पुत्र रामवीर निवासी राजेपुर का है। पुत्री के कमरे में जो मोबाइल मिला है उसका नंबर 9208538605 है। जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि उक्त मोबाइल में जो सिम पड़ी है वह सिम अशोक कुमार पुत्र रामरूप निवासी ग्राम अलीगढ़ थाना राजेपुर के नाम की थी तथा पीड़ित की पुत्री को उक्त मोबाइल अशोक ने ही दिया था। पीड़ित ने इस घटना की रिपोर्ट थाना राजेपुर में पंजीकृत कराई थी तथा सारी बात थाना पुलिस को बताई थी। पीड़ित ने आशंका के आधार पर पुलिस को बताया था कि उसकी पुत्री को अशोक ही बदनियती से अपने साथियों के सहयोग से अपहृत करके ले गया है। थाना पुलिस ने अमित, दिपांशू व अशोक को थाना राजेपुर में बुलाकर पूछताछ की और फिर उनसे सांठ-गाठ करके बिना कोई कार्यवाही किये छोड़ दिया तथा आज तक पीड़ित की पुत्री को बरामद नहीं किया गया है। पीड़ित को आशंका है कि उपरोक्त लोग उसकी पुत्री के साथ गलत काम कर उसकी हत्या कर सकते है अथवा कहीं बेंच सकते है। न्यायहित में पीड़ित की पुत्री को बरामद कराकर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही कराया जाना अति आवश्यक है।



ज्ञापन देने के बाद जानकारी देता पीड़ित

## गंगा का कटान तेज, दस कल्पवासियों ने हटाई झोपड़ियां



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पांचाल घाट पर लगे मेला श्री रामनगरिया में गंगा का कटान तेज हो गया है। छठे सीढ़ी के आगे कटान की जद में आने से कई कल्पवासियों की राउटियों पर संकट आ गया ह। देर रात संत सत्यगिरी महाराज के नेतृत्व में दस राउटियों को हटाकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाय गया। बाढ़ के दौरान पांचाल घाट पर गंगा की धार पूर्वी दिशा में अधिक बढ़ गई थी। इसका असर माघ माह में लगने वाले मेला श्री रामनगरिया में भी देखने को मिल रहा है। पिछले दो दिनों से लगातार कटान जारी है। जिससे स्थिति गंभीर बनी हुई है। कटान तेज होने से आसपास के कल्पवासी खासे परेशान हैं। उनका कहना है कि कटान कभी भी उनकी झोपड़ी तक आ सकता है। फिलहाल कई कल्पवासी अपनी-अपनी झोपड़ियों को हटाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचा रहे हैं।

# मेला रामनगरिया में 10 जनवरी को विकास प्रदर्शनी का होगा शुभारंभ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पांचाल घाट स्थित मेला श्री रामनगरिया में लगने वाली विकास प्रदर्शनी की तैयारियां तेज हो गयी हैं। 10 जनवरी से प्रशासनिक पांडाल के सामने विकास प्रदर्शनी में स्वयं सहायता समूह, विभिन्न सरकारी विभाग, विकास परियोजनओं की जानकारी हेतु कुल 40 स्टाल लगाए जाएंगे।

जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी ने तैयारियों का लिया जायजा। जिला विकास अधिकारी ने बताया कि स्वयं सहायता समूह और ओडीओपी से जुड़े उत्पादों का स्टाल लगाये जायेंगे। विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के रजिस्ट्रेशन हेतु भी स्टाल लगाए जायेंगे। जिला विकास अधिकारी ने बताया कि विकास प्रदर्शनी में विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी क्षेत्रीय लोगों को दी जायेगी। जिससे वह सरकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठा सकें। उन्होंने क्षेत्रीय लोगों से विकास प्रदर्शनी में आकर योजनाओं से लाभांवित होने की अपील की है।



विकास प्रदर्शनी लगाने की चल रही तैयारियां

# अराजकतत्वों ने जहरीली दवा डालकर नष्ट की तम्बाकू की फसल

- किसानों ने एसडीएम से लगायी गुहार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

तहसील क्षेत्र के दूंदी नगला गांव में अज्ञात शरारती तत्वों ने छह किसानों की लगभग 24 बीघा तंबाकू की खड़ी फसल पर जहरीली दवा छिड़ककर उसे नष्ट कर दिया। बुधवार सुबह जब किसान अपने खेतों पर पहुंचे, तो उन्होंने फसल को पूरी तरह झुलसा हुआ पाया। गऊटोला निवासी रामनिवास, चंदन, श्रीकिशन, राजवीर, रमेश और टिलिया गांव निवासी श्यामसिंह की संयुक्त रूप से दूंदी नगला गांव के पास यह फसल है। बुधवार सुबह किसान चंदन खेत की देखरेख के लिए पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि पौधों पर कोई संदिग्ध दवा पड़ी है और फसल झुलसने लगी है। उन्होंने तत्काल अन्य किसानों को मौके पर बुलाया। किसानों के अनुसार उन्होंने खून पसीना एक करके और कर्ज लेकर यह तंबाकू की फसल तैयार की थी। अज्ञात लोगों ने रात में फसल नष्ट करने वाली दवा डाल दी। जिससे पूरी फसल बर्बाद हो गई। इस घटना से उन्हें लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। जिससे उनके सामने परिवार के भरण-पोषण का संकट खड़ा हो गया है। पीड़ित किसान तहसील मुख्यालय पहुंचे और उपजिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपा। उन्होंने दोषियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की।



झुलसी फसल को देखते पीड़ित किसान

# कांग्रेसी नेता ने सर्दी से ठिठुर रहे लोगों को अलाव जलवाकर दी राहत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कड़ाके की ठन्ड ने जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। नए साल की शुरुआत के साथ ही लगातार छठे दिन बुधवार को बढ़ती ठन्ड ने लोगों को घरों से निकलना मुश्किल कर दिया है। इसको देखते हुए पूर्व विदेश मन्त्री सलमान खुर्शीद के पुत्र उमर खुर्शीद के निर्देश पर कांग्रेसी नेता व समाज सेवी जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशी जुनैद उर्फ मम्मा ने गॉव गऊटोला, अताईपुर, लालबाग, गिर्द, कायमगंज, चौक, कटरा, कुबेरपुर, घसिया चिलौली, कलाखेल, सैदपुर, हन्सापुर गोराईपुर में पहुँचकर अलाव जलाए। साथ ही उन्होंने ठन्ड से बचाव के लिए आवश्यकता अनुसार कंबल का भी वितरण किया। उन्होंने आम जनता से अपील की है अत्यधिक ठन्ड में आवश्यक सावधानियॉ बरतें। जिससे वह ठंड से बचे रहे। अलाव तापकर लोगों ने सर्दी से राहत महसूस की।



अलाव तापते लोग

# बिजली बिल राहत योजना के तहत लगा शिविर

- 40 उपभोक्ताओं के काटे गये विद्युत कनेक्शन
- 20 उपभोक्ताओं ने लिया वन टाइम सेटलमेंट योजना का लाभ

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विद्युत विभाग ने बुधवार को नवाबगंज थाना क्षेत्र के भगोरा गांव में बिजली बिल राहत योजना के तहत एक शिविर का आयोजन किया। इस दौरान समाधान योजना के तहत लगभग 1 लाख रुपये जमा किए गए। शिविर में 40 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटे गए, जबकि 20 उपभोक्ताओं ने वन टाइम सेटलमेंट योजना का लाभ उठाया। शिविर में उन 40 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए गए जिन्होंने बिजली बिल का बकाया भुगतान नहीं किया था। इसके अतिरिक्त 20 उपभोक्ताओं ने सरकार की वन टाइम सेटलमेंट योजना का लाभ उठाते हुए अपने पुराने विवादों और बकाये का निपटारा किया। नोडल अधिकारी गोपाल मिश्रा ने योजना के लाभों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत उपभोक्ताओं को ब्याज में शत-प्रतिशत की छूट, मूल बकाया राशि में 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है। इस शिविर में नोडल अधिकारी गोपाल मिश्रा के साथ वीर सिंह, गौरव सिंह, प्रमोद कुमार, प्रदीप कुमार, मंजेश कुमार और हुकुम सिंह सहित विद्युत विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



शविर में मौजूद उपभोक्ता

# माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय सम्मेलन में भाग लेने हेतु शिक्षक मथुरा रवाना

- सम्मेलन का उद्घाटन आज उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक एवं सांसद हेमामलिनी करेंगी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उ.प्र. माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) के प्रादेशिक महा सम्मेलन एवं शैक्षिक संगोष्ठी में प्रतिभाग करने हेतु जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे एवं मंत्री नरेंद्र पाल सिंह सोलंकी के नेतृत्व में शिक्षकों ने आज बुधवार को मथुरा के लिए प्रस्थान किया।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रुप में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, मथुरा की सांसद हेमामालिनी उपस्थित रहेंगी। सम्मेलन 8 से 10 जनवरी तक चलेगा। तीन दिवसीय प्रांतीय सम्मेलन मथुरा जिले के किशोरी रमण इंटर कालेज में आज होगा। जिसका उद्घाटन उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक व सांसद हेमामालिनी आज 8 जनवरी को करेंगी। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री एस.पी. बघेल एवं शिक्षा निदेशक महेंद्र देव सिंह भी मौजूद रहेंगे। मथुरा रवाना होने से पूर्व जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे वं जिला मंत्री नरेंद्र पाल सिंह सोलंकी ने बताया कि दर्जनों शिक्षक सम्मेलन में प्रतिभाग करने हेतु मथुरा जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में मुख्य रुप से शिक्षकों के अतीत, वर्तमान एवं भविष्य के संबंध में मंथन किया जायेगा। प्रांतीय सम्मेलन में प्रतिभाग करने वाले शिक्षकों को शिक्षा निदेशक ने तीन दिन का विशेष अवकाश दिये जाने की घोषणा की है।

समझा जाता है कि यह महा सम्मेलन शिक्षकों की एकता, अधिकार एवं भविष्य की दिशा तय करेगा। सम्मेलन को माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश त्रिपाठी, शिक्षक विधायक ध्रव कुमार त्रिपाठी, पूर्व एम.एल.सी. जगवीर किशोर जैन, प्रमोद मिश्रा आदि शिक्षक नेता सम्बोधित करेंगे।



सांसद को आमंत्रण पत्र देते शिक्षक नेता

# बीडीओ ने विकास कार्यों को लेकर सचिवों की बुलायी बैठक

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड अधिकारी ने सचिवों की साप्ताहिक बैठक बुलायी। इस दौरान विकास कार्यो को सचिवों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

जानकारी के अनुसार बुधवार को नवाबगंज विकास खंड कार्यालय पर विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान ने ग्राम पंचायत के समस्त सचिवों की साप्ताहिक बैठक बुलाई। बैठक के दौरान विकास कार्यो की समीक्षा की। जिसमें शौचालय, प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास, फैमिली आईडी, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन तथा दिव्यांग पेंशन आदि पर चर्चा की गई। जिसमें समस्त ग्राम पंचायत के सचिवों को विकास खंड अधिकारी ने निर्देशित करते हुए बताया कि वह अपने-अपने क्षेत्र में कार्यरत रहकर सरकारी योजनाओं को धरातल पर लाने का कार्य करें। जिससे कि आम जनमानस को इससे फायदा पहुंचे। जिसके लिए अधिकारी शासनादेश के अनुसार सभी अधिकारी वचनबद्ध हैं और सरकारी योजनाओं को धरातल पर लाकर कार्य करने के लिए अग्रसर हैं। इस मौके पर विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान, ग्राम पंचायत सचिव प्रमोद शुक्ला, बृजेश यादव, कुलदीप राजपूत, अनुपम बाजपेई, आकांक्षा सक्सेना, सुनील कुमार गौतम, प्रवीण कुमार, वेद प्रकाश, कामता प्रसाद पटेल तथा एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह बैठक में मौजूद रहे।



सचिवों की बैठक लेते बीडीओ

- बोले योजनाओं को धरातल पर लाने का करें कार्य

# धमकाकर रंगदारी वसूलने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शहर के लक्ष्मी नारायण धर्मशाला के सचिव सुनील कुमार अग्रवाल ने अवैध कब्जा, रंगदारी और जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाते हुए थाना पुलिस में तहरीर दी थी। प्रकरण में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

सुनील अग्रवाल निवासी नुनहाई के अनुसार लक्ष्मी नारायण धर्मशाला के सचिव पद पर वह स्वयं कार्यरत हैं, जबकि इसके अध्यक्ष पद पर तहसीलदार सदर हैं। उक्त संपत्ति पूर्व में संजीव पारिया के नाम कुर्क हुई थी। जिसे बाद में जिलाधिकारी के आदेश से तहसीलदार सदर व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका फर्रुखाबाद के पक्ष में मुक्त कर दिया गया था। आरोप है कि रोहित गुप्ता पुत्र भानु प्रताप गुप्ताए निवासी मदारवाड़ी अवैध तरीके से धर्मशाला की दुकानों पर कब्जा करने की नीयत से लगातार गाली.गलौज व जान से मारने की धमकी देता था। वह स्वयं को फर्जी अधिकारी बताकर रुपये की मांग करता रहा। उसके साथ कुछ अज्ञात व्यक्ति भी थे।

जिनकी पहचान सामने आने पर की जा सकेगी। पीड़ित के अनुसार रोहित गुप्ता ने भय दिखाकर पहले 10,000 और बाद में दबाव बनाकर 1,000 और ले लिए तथा लगातार और रुपये की मांग कर रहा था। इतना ही नहीं आरोपी ने तहसीलदार सदर के सीयूजी व व्यक्तिगत मोबाइल नंबर पर स्वयं को उपमुख्यमंत्री बताकर फोन किया और दुकान देने की धमकी दीए अन्यथा ताले तोड़कर कब्जा करने की बात कही। धमकी दी गई कि यदि दुकान या रुपये नहीं दिए गए तो पीड़ित व उसके परिवार की हत्या कर दी जाएगी और जबरन कब्जा कर लिया जाएगा। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और आरोपी रोहित गुप्ता को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस अन्य संदिग्धों की भूमिका की भी जांच कर रही है।



पुलिस हिरासत में आरोपी

# विद्युत बिल छूट का लाभ न मिलने पर पीड़िता ने आईजीआरएस पर की शिकायत

- एसडीओ के नाम से कर्मचारियों पर परेशान करने का आरोप

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विद्युत विभाग द्वारा ओटीएस स्कीम का लाभ न देने व अधिकारियों के नाम से दलालों द्वारा परेशान व रुपये देने का दबाव बनाने पर पीड़िता ने आईजीआरएस पर शिकायत कर न्याय दिलाये जाने की गुहार लगायी है।

बढ़पुर ब्लाक की ग्राम पचपुखरा निवासी शकुंतला ने आईजीआरएस से पहले कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों से भी लिखित रुप में शिकायत कर अवगत कराया कि मेरा विद्युत कनेक्शन सं0 2921173360 पर करीब लगभग 54000/-रु0 का बिल बकाया है। जबकि मेरे घर में सोलर प्लेटें भी लगी हैं, जोकि मीटर रीडिंग द्वारा गलत ढंग से बराबर गलती करते हुये अवैध ढंग से बिल बनाया गया है। जब अपना बिल सही करवाने हेतु एस.डी.ओ. कार्यालय ग्रामीण भोलेपुर जाती हूं तो उक्त एसडीओ ग्रामीण अपने कार्यालय में उपस्थित नहीं मिलत है और उनके कर्मचारियों द्वारा मेरा बिल ठीक करने के नाम पर मुझे बेबजह परेशान किया जा रहा है। जब ओ.टी.एस. स्कीम आयी तब मैं उक्त स्कीम में अपना पंजीकरण कराने हेतु एसडीओ कार्यालय ग्रामीण भोलेपुर गई तब कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि तुम्हें इस स्कीम का लाभ नहीं मिल सकता है। कारण पूछने पर कोई स्पष्ट जबाव नहीं दिया। जब मैं लौट आयी तो मेरे घर 2 अज्ञात लड़के आये और बोले तुम बेकार में चक्कर लगा रही हो, मुझे एसडीओ साहब ने भेजा है और कहा कि हमारी बात नहीं मानूंगी तो तुम्हे इस स्कीम का लाभ भी नहीं लेने दूंगा और बिजली चोरी का झूठा मुकदमा दर्ज करवा दूंगा। पीड़िता ने आईजीआरएस पर शिकायत कर अपने बिल की रीडिंग की जांच कराकर स्कीम के लाभ दिलाये जाने की मांग के साथ-साथ गांव में एक समुदाय विषेष के घरों के विद्युत कनेक्शन व मीटिर रीडिंग की जांच कराने की मांग की है।

## दो शराबियों को पुलिस ने भेजवाया सीएचसी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव छोटी खजुरिया कुआंखेड़ा निवासी इकबाल उम्र 25 वर्षीय पुत्र श्यामपाल, अजय उम्र 28 वर्षीय पुत्र श्यामाचरण जो की गाँव से 100 मीटर आगे दोनों लोग शराब पीकर पड़े थे। दोनों शराबियों को पड़ा देख ग्रामीणों ने कुआंखेड़ा पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तत्काल पहुँचकर 108 एम्पुलेस को फोन कर बुलाया और दोनों शराबियों को 108 नंबर एंबुलेंस द्वारा कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भिजवाया गया। रास्ते में दोनों शराबियों ने शराब पीने के लिए चलती एम्बुलेन्स में अपनी जेब से शराब का पऊवा निकाला, तभी ई.एम.टी. ने दोनों शराबियों से शराब का पऊवा छीन कर फेंक दिया। दोनों शराबियों ने ई.एम.टी. के साथ गाली-गलौज करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।

## अवशेष लाभार्थी एवं 70 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नागरिकों के बनेगें आयुष्मान कार्ड

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोय योजनातर्गत आच्छादित अवशेष लाभार्थी एवं 70 वर्ष या 70 वर्ष से अधिक आयु वाले वृद्ध नागरिकों को आयुष्मान कार्ड से संतुप्त किया जायेगा। मुख्य कार्यपालक अधिकारी अर्चना वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण भारत सरकार द्वारा बीआईएस-2.0 के अंतर्गत आयुष्मान ऐप के माध्यम से लाभार्थियों के स्वयं अपने आयुष्मान कार्ड जारी किये जाने की व्यवस्था की गयी है। प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश शासन के माध्यम से अवगत कराया कि आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनान्तर्गत संचालित बीआईएस पोर्टल एवं आयुष्मान एप के माध्यम से लाभार्थी द्वारा स्वयं या अपने सहायकता/ स्वंयसेवी संस्थाओं द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाया जा सकता है। इस विकल्प का उपयोग करने हेतु यू.एम.पी. पोर्टल पर आईडी बनाने की कोई आवश्यकता नहीं है। विकल्प का चयन कर संचालित मोबाइल नम्बर अंकित करें और मोबाईल नम्बर पर प्राप्त ओ.टी.पी. से लॉगिन कर आयुष्मान कार्ड आवेदन कर सकते हैं।

# दबंगों ने दंपति को पीटा, पुलिस को दी तहरीर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

दबंगों ने घर में घुसकर गर्भवती महिला व उसके पति को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने थाना पुलिस को तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव नगला भूड़ जिराऊ निवासी प्रीती देवी ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि दिनांक 6 जनवरी को उसका पति स्वामी शरन गाँव की पुलिया पर कायमगंज आने के लिए खड़ा था, तभी गाँव के प्रताप, दिवारी शराब पिये पुलिया पर खड़े थे और बेवजह उसके पति को गाली-गलौज करने लगे। जब उसके पति ने गाली-गलौज करने का विरोध किया, तो उक्त प्रताप व दिवारी ने स्वामी शरन के साथ लाठी-डन्डों से मारपीट कर दी। उसके बाद उसका पति चुपचाप वहां से चला आया। कुछ समय बाद उक्त प्रताप, दिवारी व उसका बड़ा भाई महादेव व प्रताप व दिवारी की पत्नियाँ प्रीती देवी के घर में लाठी-डन्डा लेकर घुस आये और 7 माह की गर्भवती प्रीती देवी के साथ मारपीट की। जिससे प्रीती देवी के शरीर में कई चोंटे आई। प्रीती देवी को आशंका है कि उसके पेट में चोट लगने से उसका गर्भ खतरे में पड़ सकता है। उपरोक्त दबंगों ने तमंचे से धमकाते हुए कहा कि अगर कहीं शिकायत की, तो जान से मार देंगे। उक्त लोग गुन्डा किस्म के व्यक्ति है। महादेव ने गाँव के ही एक व्यक्ति का लगभग 15 वर्ष पूर्व कत्ल कर दिया था। जिस वजह से प्रीती देवी के पति काफी डरे हुए हैं। पुलिस ने पीड़िता गर्भवती महिला व उसके पति को मेडीकल परीक्षण के लिए सीएचसी भिजवाया।



सीएचसी में भर्ती महिला

# कल्पवासियों ने स्वास्थ्य शिविर में दिखाकर लीं दवायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पांचाल घाट पर आयोजित ऐतिहासिक रामनगरिया मेले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए निःशुल्क चिकित्सा शिविर ने श्रद्धालुओं और ग्रामीणों को बड़ी राहत प्रदान की है। मेले में आने वाले हजारों श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए एलोपैथिक व होम्योपैथिक दोनों चिकित्सा पद्धतियों से इलाज की समुचित व्यवस्था की गई।

शिविर में बुखार, खांसी, जुकाम, बदन दर्द, जोड़ों के दर्द, पेट संबंधी रोग एवं अन्य सामान्य बीमारियों का परीक्षण कर निःशुल्क दवाएं वितरित की गई। आवश्यकता पड़ने पर मरीजों को आवश्यक जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। स्वास्थ्य शिविर का संचालन एसीएमओ सर्वेश यादव के निर्देशन में किया गया। स्वास्थ्य कैंप में कल्पवासियों को चिकित्सक डॉ. एकांश चतुर्वेदी, डॉ. शिशिर यादव, निर्दोष यादव, राजेश कुमार, सोनू वार्डब्याय, लैब टेक्नीशिनय इंद्रेश कुमार आदि मौजूद रहे। एलोपैथिक पद्धति से 300 मरीजों तथा होम्योपैथिक से 220 मरीजों को निःशुल्क दवाएं दी गई। होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. शिवानन्द यादव एसएमओ, अवनीश तिवारी फार्मासिस्ट, वार्डब्याय राजीव कुमार ने कल्पवासियों को दवायें दीं। इलाज से लाभान्वित होने वालों में कृष्ण मुरारी, जगतपाल, राधा रानी, सुनीता, श्याम बिहारी, मोर देवी, बड़ी बिटिया, राधेश्याम, जानकी देवी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे। मरीजों ने मेले में इस तरह की स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने पर जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की सराहना की। अधिकारियों ने बताया कि मेले की अवधि तक निःशुल्क चिकित्सा सेवाएं लगातार जारी रहेंगी। बताते चलें कि सर्दी के चलते ज्यादातर मरीज जुकाम, बुखार, खांसी आदि के पहुंचे। जिन्होंने दिखाकर दवायें प्राप्त कीं।



एलोपैथिक व होम्योपैथिक शिविर में दवायें लेते कल्पवासी

# भारतीय उद्योग व्यापार की नगर जम्बोजेट कमेटी हुई घोषित

## नगर अध्यक्ष अंकित गुप्ता ने कमेटी में नये चेहरों को दी तरजीह



बैठक को सम्बोधित करते नगर अध्यक्ष रविकांत गुप्ता मौजूद अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल की बैठक ठंडी सड़क स्थित खाटू श्याम पैलेस सभागार में सम्पन्न हुई। व्यापारियों ने विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। फर्रुखाबाद नगर अध्यक्ष अंकित गुप्ता ने अपनी जम्बोजेट कार्यकारिणी की घोषणा की। संरक्षक मण्डल में मुकेश सारस्वत, डा0 अरविन्द गुप्ता, नीरज मिश्रा, कन्हैया लाल गुप्ता, राजाराम, शंकर लाल गुप्ता, सुबोध गुप्ता, रमेश चन्द्र गुप्ता, नरेश वर्मा, ओमप्रकाश सैनी को बनाया गया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी अवधेश गुप्ता को दी गई है। उपाध्यक्ष गौरव गुप्ता, अभिषेक वर्मा, अमित गुप्ता, विनय गुप्ता को बनाया गया है। महामंत्री सतेन्द्र गुप्ता बने। कानूनी सलाहकार की जिम्मेदारी प्रभात शुक्ला को मिली है। वित्तीय सलाहकार आशीष कुमार गुप्ता बने। वरिष्ठ मंत्री अंकुर गुप्ता, श्यामू मिश्रा, आशीष कटियार, शोभित सक्सेना, विनय सक्सेना, पंकज गुप्ता, सौरव कुमार शाक्य को बनाया गया है। कनिष्ठ मंत्री कृष्ण कुमार द्विवेदी, हिमांशु गुप्ता, अतुल वर्मा, पुष्पेन्द्र राठौर बनाये गये है। कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी मनोज कुमार सक्सेना व विवेक गुप्ता को मिली। प्रवक्ता वैभव सोमवंशी बनाये गये। संगठन मंत्री शाकिर कुरैशी को बनाया गया है। सचिव राकेश राठौर बने। मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सलमान खान, तौसीम खान, संदीप चौरसिया को दी गई है। कार्यकारिणी सदस्य राहुल गुप्ता, अनिल कुमार गुप्ता, सुशील वर्मा, अर्पित गुप्ता, सौरव गुप्ता, अमरीश गुप्ता, रिषव गुप्ता, लालू गुप्ता, दिवाकर आशीष गुप्ता, अमन चौबे, अतुल कुमार गुप्ता, अनुराग गहोई, श्याम पाण्डेय, बृजेश मारवाड़ी, अमोद गुप्ता, मोहित श्रीवास्तव, विजय सिंह कठेरिया, रवि गुप्ता, गौरव गुप्ता, राजेश श्रीवास्तव, पंकज गुप्ता, तजीब भाई, कृष्णा गुप्ता, सौरव कुमार शाक्य, सोनू गुप्ता, सुशील दीक्षित, सुशील कुमार सिंह, दुर्गेश सिंह चौहान, विवेक कुमार गुप्ता बनाये गये है।

### समस्याओं के निस्तारण की व्यापारियों ने की मांग

**फर्रुखाबाद।** शहर की प्रमुख समस्याओं को लेकर व्यापारियों ने मांग पत्र तैयार किया है, जो जिलाधिकारी को देकर निस्तारण करने की मांग की जायेगी। चाइनीज मांझा पर पूर्ण प्रतिबंध लगे। शहर में रेड लाइट, ग्रीन लाइड सिंगनल पर पैदल चलने वालों के लिए व्यवस्था हो और रात्रि 9 बजे के बाद इमरजेंसी में पेट्रोल पम्प चालू रहे।

# खाना खजाना प्रतियोगिता में साहिला को शेफक्वीन का ताज

- ऐश्वर्या व मुस्कान वर्मा द्वितीय तथा सुहानी मेहरोत्रा व सुहानी तृतीय



प्रतियोगिता में भाग लेती युवतियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** युवा महोत्सव समिति स्टेट के सभागार में 22वीं शेफ क्वीन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शेफक्वीन बनने के लिए प्रतिभागियों नें विभिन्न प्रकार के लजीज खाद्य व्यन्जन निर्णायकों के सामने प्रस्तुत कियें। प्रतिभागियों ने बताया कि खाना तो सभी बना लेते हैं, लेकिन स्वादिष्ट खाना बनाने के लिए एक निश्चित अनुपात में सामग्री को मिलाना आवश्यक होता है। उन्होंने बताया कि खाद्य व्यंजन बनाने के लिए मन एकाग्र होना जरूरी है। प्रतिभागियों ने शही बेड, फूट कस्टर्ड, ढोकला, समौसा, पकौड़ी बनाकर प्रस्तुत किये। सालिहा प्रथम स्थान पाकर शेफ क्वीन-2026 बनी। ऐश्वर्या वर्मा, मुस्कान वर्मा द्वितीय स्थान पर सुहानी मेहरोत्रा एवं सुहानी तृतीय स्थान पर रही। ऐश्वर्या वर्मा, मुस्कान वर्मा, सालिहा, सुहानी मेहरोत्रा, सुहानी आदि प्रतिभागी रहे। सच्चिदानन्द मिश्रा, हर्ष दुबे, कुशाग्र सक्सेना ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस अवसर पर अध्यक्ष डा0 संदीप शर्मा, कुशाग्र सक्सेना, सच्चिदानन्द मिश्रा, हर्ष दुबे आदि मौजूद रहे।

# भगवान ने नरसिंह अवतार लेकर हिरण्यकश्यप का किया वध

## भक्त प्रहलाद की भक्ति से भगवान श्रीहरि हुए प्रसन्न......................................................................




कथा का श्रवण कराते आचार्य अतुल अग्निहोत्री



आरती करते भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पांचाल घाट स्थित मेला श्रीराम नगरिया में अमरज्योति सेवा संस्थान द्वारा चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर स्वामी विवेकानन्द वाटिका में आयोजित भागवत कथा में कथा व्यास अतुल अग्निहोत्री ने भक्त प्रहलाद की कथा सुनाई। उन्होंने भक्त प्रहलाद की कथा का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि प्रहलाद के पिता हिरणाकश्यप ने प्रहलाद को मारने की कई कोशिशें की, परन्तु वह सफल नहीं हुआ। हिरण्यकश्यप ने तपस्या कर भगवान ब्रह्मा से वरदान मांगा था,भगवान से उसे यह वरदान मिला कि किसी भी अस्त्र शस्त्र से नहीं मारे जाओगे, न रात में, दिन में, न धरती में, न आकाश में, यह वरदान मिलने के बाद हिरण्यकश्यप को लगा कि वह अमर हो चुका है। उसने अपने छोटे भाई का बदला लेने के लिए देवताओं को परेशान किया। हिरण्यकश्यप ने अपने बेटे प्रह्लाद को अध्ययन के लिए गुरुओं के पास भी भेजा, लेकिन राक्षस का पुत्र होने के बाद भी प्रह्लाद भगवान की भक्ति में मगन रहता था। बालक प्रहलाद की हरि भक्ति की परीक्षा लेने के लिए हिरण्यकश्यप ने कुछ सवाल पूछे, प्रह्लाद ने हिरण्यकश्यप को बताया कि सबसे श्रेष्ठ भगवान हरि हैं इसलिए वो उनकी ही पूजा आराधना करेगा। प्रहलाद ने हिरण्यकश्यप को हरि का ज्ञान करवाया, लेकिन वरदान के मद में चूर हिरण्यकश्यप ने अपने ही पुत्र को मारने की ठान ली। अन्त में भगवान ने नरसिंह अवतार लेकर खम्भे से प्रकट होकर हिरणाकश्यप का वध करके भक्त प्रहलाद की रक्षा की। कलियुग में भगवान का नाम ही लेने से मुक्ति होती है। नामजप से मनुष्य अपना उद्धार कर सकता है। नामजप के प्रभाव से सारे भवबंधन नष्ट हो जाते हैं। चाहे ध्रुव हों, प्रहलाद हों, अजामिल हों, सभी ने नामजप द्वारा अपना उद्धार किया है। इस अवसर पर नवलकिशोर, चन्द्रप्रकाश, विधुशेखर मिश्र, नारदानंद तिवारी, विश्वनाथ तिवारी आदि मौजूद रहे।

### एक भारत श्रेष्ठ भारत यात्रा 20 जनवरी को

**फर्रुखाबाद।** कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 20 जनवरी सुबह 11 बजे से एक भारत-श्रेष्ठ भारत यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा पाण्डेश्वरनाथ मन्दिर पण्डाबाग से प्रारम्भ होकर चौक, घुमना होते हुये स्वराज कुटीर पर विराम पायेगी। संस्था के बैनर व सभी सदस्यों के साथ इस यात्रा में सम्मलित होकर यात्रा को सफल बनायें। यह जानकारी संयोजक दीपक मिश्रा ने दी है।

### दो दिवसीय दौरे पर क्षेत्रीय महामंत्री व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष

**फर्रुखाबाद।** संगठनात्मक बैठक के लिए कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्रीय महामंत्री राम किशोर साहू एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आनंद सिंह दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। देर रात्रि जनपद पहुंचकर पूर्व के अभियानों की समीक्षा की एवं 8 जनवरी को प्रातः सुबह 11: 00 बजे भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक जितेंद्र सिंह के प्रतिष्ठान रेडिएंटो हॉस्पिटल में कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। यह जानकारी भाजपा मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी ने दी है।

# लिंक एक्सप्रेस में जा रही जमीनों के रेट बढ़ाने की किसानों ने की मांग



भाकियू की बैठक में मौजूद किसान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लिंक एक्सप्रेस-वे में जमीनों के रेट बढ़ाये जाने की मांग को लेकर भाकियू टिकैट गुट की पंचायत ग्राम कन्हूयाकूबपुर के मजरा लुखरयाई में सम्पन्न हुई। भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन द्वारा एक पंचायत की गई। जिसमें किसानों ने एक आवाज में कहा कि सरकार सर्किल रेट बढ़ाएं, जिससे किसानों की जो जमीन जा रही है, उससे किसानों को कुछ भरपाई हो सके। जिला अध्यक्ष अजय कटियार ने कहा कि किसानों की जमीनें हमेशा के लिए जा रही है, सरकार को भी सोचना चाहिए जो जमीन जीवन भर के लिए जा रही है तो उनको मुआवजा भी उसी प्रकार से देना होगा। जिससे उसके बच्चों का भविष्य बचा रहे। पूरे जनपद का सर्किल रेट एक समान होना चाहिए, अगर ऐसा नहीं होता है तो जनपद में फिर एक बड़ा आंदोलन होगा। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में 15 से 18 जनवरी तक चिंतन शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें जनपद से बड़ी संख्या में किसान प्रयागराज जाने के लिए तैयार है। इस अवसर पर छविनाथ शाक्य, अफरोज मंसूरी, अभय यादव, गोपी शाक्य, अरविंद गंगवार, संजीव यादव, राजेश गंगवार, गुड्डु यादव, दिनेश सिंह गौर, रामप्रकाश पाल, अनुज राजपूत, रजत गंगवार, राजीव उर्फ बड़े यादव, कलक्टर सिंह राजपूत, अजीत सोमवंशी, रेहान पठान, संजय सिंह, रवि राजपूत, अर्पित, नवनीत, नीरज, राजीव आदि लोग मौजूद रहे।

# आलू पर छाई मंदी, किसान बेहाल



मण्डी में आलू की तुलाई करते पल्लेदार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सातनपुर मण्डी में दिनों-दिन आलू की आमद बढ़ती जा रही है। भाव में गिरावट के कारण आलू किसान परेशान है। बुधवार को लगभग 100 मोटर की आमद रही। आलू भाव 351 रुपये से 531 रुपये कुंतल बिका। आलू किसान भाव में गिरावट के कारण परेशान है। बाहर की मण्डियों में आलू कम जा पाने के कारण भाव में गिरावट जारी है। सर्दी के कारण बाहर के व्यापारी कम आ रहे है। स्थानीय मण्डियों में भाव का असर दिख रहा है। फुटकर आलू 8 से 10 रुपये किलो बिक रहा है। ऐसे में कई किसान लागत पूरी न निकलने के चलते आलू की खुदाई रोक रखी है। आलू आढ़ती अरविन्द राजपूत ने बताया कि ऐसे में सरकार आलू का निर्यात बाहर के करें, तो आलू के भाव में इजाफा हो सकता है और किसानों के भी चेहरे खिल सकते है। आलू की खुदाई से लेकर मजदूरी, ट्रैक्टरभाड़ा, वारदाना व तुलाई एवं आढ़त व पल्लेदारों का खर्चा जोड़कर किसान को लागत से भी ज्यादा अपनी जेब से लगाना पड़ रहा है। ऐसे में किसानों का आलू खेत में तैयार खड़ा है, जबकि गेहूं की फसल के लिए जुताई शुरु हो गयी है। सर्दी का सितम जारी है और भाव में सुस्ती किसान की कमर तोड़ रहा है। इस बार आलू किसान नुकसान में रहेगा। ऐसे में बड़े कास्तकार व शीतग्रह स्वामी अपना स्टाक करके जब दाम में उछाल आयेगा, तब बेंचेगें। तब उन्हें अच्छा खासा मुनाफा मिलता है, जबकि आलू किसान कच्चे आलू को ज्यादा समय तक रोक भी नहीं सकता है। ऐसे में आलू मण्डी में पिछले वर्ष की अपेक्षा आलू की आमद ठीकठाक हो रही है। भाव में गिरावट के कारण आलू किसान परेशान है।

# फर्रुखाबाद-फतेहगढ़ युग्म नगरों में रोज खाये जाते तकरीबन तीन लाख रुपये के अंडे

- सर्दी में बिक्री का असर हो जाता है दोगुना, एक अंडा सात से दस रुपये में



बिक्री की जानकारी देता थोक अण्डा विक्रेता रिन्कू राठौर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कड़ाके की सर्दी व ठिठुरन के चलते अण्डा खाने का सेवन करने वाले लोग एक दिन में 34500 से ज्यादा अण्डे फर्रुखाबाद-फतेहगढ़ शहर में खा जाते है। शहर में तीन थोक की दुकानें है। रिन्कू राठौर, मुन्ना व आरएस अण्डा की दुकानों पर थोक की बिक्री जोरों पर है। पिछले वर्ष 190 रुपयें में 30 अंडों की मिलने वाली क्रेट 200 से 210 रुपये में थोक के भाव बिक रही है। सर्दी को देखते हुए अंडा की बिक्री में इजाफा हुआ है। 34500 से ज्यादा प्रतिदिन शहर में अंडा बिकता है, जबकि जनपद में माने तो यह आंकाड़ा दोगुना है। 7 रुपये से लेकर 7.50 रुपये प्रति अंडा थोक में बिकता है। एक क्रेट में 30 अंडा होता है। शहर में एक दिन छोड़कर तीन ट्रक अंडा आता है। लगभग प्रति दुकान पर 100 गत्ता अंडा दो दिन में बिक्री हो जाता है। आंकड़ों के अनुसार 50 गत्ता प्रति दुकान औसतन 150 गत्ता के हिसाब से 34500 अंडे जो 7 रुपये की दर से 2,41500 रुपये के अंडों की बिक्री होती है। वहीं थोक दुकानदारों की मानें तो जनपद में 4 लाख रुपये की बिक्री का आंकड़ा पहुंच जाता है। फुटकर दुकानदार थोक की दुकान से अंडा ले जाकर 10 रुपये में बेंचते है, उसके अनुसार यह आंकड़ा 3 लाख रुपये प्रति दिन की बिक्री पहुंचता है। वहीं देशी अंडा थोक में 15 रुपये का बिकता है, एक क्रेट में 30 अंडे होते है। 630 रुपये की क्रेट बिकती है। इसके अनुसार फर्रुखाबाद-फतेहगढ़ नगर में 9450 रुपये का देशी अंडा बिक जाता है।

# डीएम ने बाल श्रम व टास्कफोर्स के संबंध में ली बैठक



बैटक लेते डीएम मौजूद अधिकारीगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपदीय बाल श्रम उन्मूलन समिति एवं टास्कफोर्स बाल श्रम के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई। श्रमायुक्त द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में बाल श्रम की रोकथाम के लिए चलाये जाने वाले अभियान पर विस्तृत चर्चा की गयी। अभियान के दौरान जनपद में स्थित कारखाने, ढाबा, उद्योग, छोटे व बड़े प्रतिष्ठान, ईट भट्ठा, निर्माण स्थल, कोल्ड स्टोरेज आदि जगहों पर छापामारी कर दुकानों/प्रतिष्ठानों से बाल/किशोर श्रमिकों का चिन्हांकन कराया व कार्य से मुक्त कराया जायेगा। सम्बन्धित प्रतिष्ठानों के सेवायोजकों के विरूद्ध बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 यथासंशोधित बाल एवं किशोर (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 2016 में दी गयी व्यवस्थानुसार अग्रिम कार्यवाही अपनायी जायेगी। किसी भी बाल श्रमिक से 14 वर्ष की आयु से कम से कार्य लेना निषेद्य है। इसके अतिरिक्त 14 वर्ष से 18 वर्ष की आयु वाले किशोर श्रमिकों से खतरनाक उद्योग एवं प्रक्रियायों में कार्य लेना भी निषेद्य है। 14 वर्ष से कम आयु वाले बाल श्रमिकों के चिन्हांकन पर सेवायोजकों के विरुद्ध उल्लंघन की गयी धाराओं में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष प्राभियोजन योजित करने तथा 20 हजार की धनराशि वसूल किये जाने का प्रावधान है। 14 वर्ष से 18 वर्ष की आयु के मध्य के किशोर श्रमिक का खतरनाक प्रक्रिया में नियोजन वर्जित है। 03 घण्टे की कार्यावधि के बाद एक घण्टे का विश्राम करने की व्यवस्था होनी चाहिए, सप्ताह में एक दिन का अवकाश दिये जाये। यदि फिर भी सेवायोजक द्वारा उक्त बाल श्रम अधिनियम के विपरीत किशोर श्रमिक से कार्य कराया जा रहा है तो उल्लंघन की धाराओं मे प्राभियोजन दायर कर रू10 हजार का अर्थदण्ड अथवा एक माह का कारावास अथवा दोनों से दण्डित कराये जाने का प्रावधान है।

सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि 1 अप्रैल से 31 दिसम्बर तक 48 निरीक्षणों में 60 बच्चों को अवमुक्त कराया गया। जिन दुकानों पर बच्चें कार्यरत थे उनके मालिकों के विरूद्ध कार्यवाही की गई। 1 से 15 दिसम्बर के दौरान जनपद में 13 प्रतिष्ठानों से 16 बाल श्रमिकों को कार्य से मुक्त कर कार्यवाही की गई। 2026 में जनपद को बाल श्रम मुक्त कराना लक्ष्य है। डीएम ने टास्कफोर्स का गठन कर दिया है एवं सभी को बाल श्रम रोकने एवं श्रमिक बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। डीएम ने मुख्यमंत्री के संकल्प कि वर्ष 2027 तक उत्तर प्रदेश को बाल श्रम मुक्त बनाना है के क्रम में जनपद को वर्ष 2026 में पूर्णरूप से बाल श्रम मुक्त करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को जनपद में विशेष अभियान चलाकर कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

# सेवा धर्म समिति ने अर्रापहाड़पुर में जरुरतमंदों को बांटे गर्म कपड़े



जरुरतमंदों को गर्म कपड़े वितरित करते समिति के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कड़कड़ाती भीषण ठंड में सेवा धर्म समिति ने अर्रापहाड़पुर में जरुरतमंदों को गर्म वस्त्र वितरित किये। जिससे लोगों के चेहरे खिल उठे। सेवा धर्म समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने आर0वी0 ब्रिक फील्ड नवीन सब्जी मंडी अर्राह पहाड़पुर में पहुंचकर ईट भट्टे पर काम कर रहे मजदूरों व बच्चों को कपड़े वितरण कर इस सर्दी से बचने का एक छोटा सा प्रयास किया। समिति के सचिव अविनाश सारस्वत, उपाध्यक्ष पंकज सारस्वत, कोषाध्यक्ष शैलजा सारस्वत, रितिक पाल, अभिजीत मिश्रा, पंडित अंकित, निखिल आदि मौजूद रहे। कड़कड़ाती ठंड में अपना कीमती समय निकालकर, गरीब मजदूरों की मदद के लिए आगे आये। जिससे असहाय लोगों की जररुत पूरी हो सके।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरुक



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के दृष्टिगत मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों व ग्रामीण पर महिलाओं व बालिकाओं को जागरुक किया जा रहा है। कोतवाली फर्रुखाबाद पुलिस, थाना अमृतपुर पुलिस, महिला थाना पुलिस, कमालगंज थाना पुलिस, कोतवाली मोहम्मदाबाद पुलिस, थाना मेरापुर पुलिस, थाना राजेपुर पुलिस ने महिलाओं व बालिकाओं को महिला सम्बन्धी अपराधों, महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरुक किया गया। वहीं कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री मातृ योजना, महिला पेंशन व सरकारी हेल्प लाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई। तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1076, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर, 112 आपातकालीन पुलिस सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर, 181 वीमेन हेल्पलाइन नंबर, 102 गर्भवती महिलाओं आदि की जानकारी दी।

पीडब्ल्यूडी की भूमि पर अवैध निर्माण का मामला

# जांच के बाद होगी विधिक कार्रवाई

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा ओयल में नेशनल हाईवे किनारे स्थित एचपी पेट्रोल पंप से लगी लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की भूमि पर कथित रूप से किए जा रहे अवैध कब्जे और निर्माण कार्य को लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय नागरिकों की शिकायत के बाद प्रशासनिक अमला सक्रिय हुआ है और मामले की जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

स्थानीय लोगों के अनुसार पेट्रोल पंप संचालक कौशल किशोर द्वारा पीडब्ल्यूडी की सरकारी भूमि पर बिना अनुमति निर्माण कराया जा रहा था। जब यह गतिविधि आमजन की



नजर में आई तो लोगों ने इसे सरकारी संपत्ति पर अतिक्रमण बताते हुए आपत्ति दर्ज कराई। शिकायत मिलने पर क्षेत्रीय लेखपाल अनुज मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया और प्रारंभिक तथ्यों को संकलित किया।

लेखपाल के निरीक्षण के बाद नगर पंचायत की टीम तथा स्थानीय पुलिस बल भी घटनास्थल पर पहुंचा। टीम द्वारा निर्माण कार्य से संबंधित दस्तावेजों और भूमि की स्थिति की जानकारी ली गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी सरकारी भूमि पर बिना वैधानिक अनुमति निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता। इसके बाद मौके पर चल रहे निर्माण कार्य को तत्काल रोकने की चेतावनी दी गई।

इस पूरे प्रकरण में लोक निर्माण विभाग की ओर से भी स्थिति स्पष्ट की गई है। पीडब्ल्यूडी के जूनियर इंजीनियर विकास दोहरे ने बताया कि पुलिस और नगर पंचायत के सहयोग से निर्माण कार्य को रुकवाया गया है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा संबंधित व्यक्ति को नोटिस जारी की जाएगी, ताकि वह अपना पक्ष रख सके। नोटिस की अवधि समाप्त होने के बाद यदि अतिक्रमण हटाया नहीं जाता है, तो नियमानुसार विभाग स्वयं कार्रवाई कर अवैध कब्जा हटवाएगा।

वहीं क्षेत्रीय लेखपाल अनुज मिश्रा ने कहा कि भूमि से संबंधित अभिलेखों की जांच की जा रही है। यदि जांच में यह भूमि पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत पाई जाती है और कब्जा अवैध सिद्ध होता है, तो जिला प्रशासन के निर्देश पर अतिक्रमण हटाने की विधिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी भूमि की सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

लोगों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध कार्रवाई की मांग की है। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद तथ्यों के आधार पर उचित निर्णय लिया जाएगा और सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाएगा।

# पेड़ से उतरते ही तेंदुए का कहर, छह ग्रामीण घायल

▸ सेमल के पेड़ पर तेंदुआ दिखाई देने से इलाके में हड़कंप

**ईसानगर, खीरी, समृद्धि न्यूज।**

**उत्तर** खीरी वन रेंज धौरहरा क्षेत्र के दिलावलपुर और समैसा गांव के बीच बुधवार सुबह गन्ने के खेत में सेमल के पेड़ पर तेंदुआ दिखाई देने से इलाके में हड़कंप मच गया। तेंदुए की सूचना फैलते ही भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए।

गहमागहमी के बीच दोपहर बाद तेंदुआ पेड़ से उतरकर भागने की फिराक में था, लेकिन ग्रामीणों की भीड़ देख वह उसी दिशा में भागने लगा। इसी दौरान रास्ते में आए लोगों पर तेंदुए ने झपट्टा मार दिया, जिससे कुल छह ग्रामीण घायल हो गए।



घायलों में दिलावलपुर निवासी हरिशंकर पुत्र केशवराम और सुशील पुत्र प्यारे लाल, जबकि समैसा गांव निवासी मनोज पुत्र मिश्रीलाल, रामप्रसाद पुत्र हरद्वारी, गणेशदत्त पुत्र जगीदत्त एवं ओमकार पुत्र बच्चू लाल शामिल हैं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

ग्रामीणों द्वारा आनन-फानन में सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खमरिया पहुंचाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। चिकित्सकों के अनुसार सभी घायलों की स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।

सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम और खमरिया पुलिस मौके पर पहुंच गई। सुरक्षा की दृष्टि से पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर ग्रामीणों को दूर रहने की हिदायत दी गई है। वन विभाग द्वारा तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है तथा उसे सुरक्षित तरीके से पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

## खबरें एक नजर में

### नेपाल में भारत का परचम, लखीमपुर के खिलाड़ियों ने जीते पदक



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।** शाओलिन स्पोर्ट्स ऑफ मार्शल आर्ट्स के तत्वावधान में आयोजित फर्स्ट इंडो-नेपाल टोंग इल मो दो ओपन मार्शल आर्ट्स चैंपियनशिप-2026 में भारत के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश और प्रदेश का नाम रोशन किया। यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 03 जनवरी से 05 जनवरी 2026 तक नेपाल स्पोर्ट्स काउंसिल हॉल, धनगढ़ी (कैलाली), नेपाल में आयोजित की गई, जिसमें उत्तर प्रदेश के लखीमपुर, गोरखपुर, देवरिया और लखनऊ से कुल 40 खिलाड़ी तथा 5 ऑफिशियल प्रतिभाग करने पहुंचे। लखीमपुर से 24 सदस्यीय कराटे एवं वूशु टीम ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में वर्ल्ड टोंग इल मो दो संघ के चेयरमैन डॉ. चुंग सिक यॉन्ग उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में नेपाल के समाज कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के मंत्री मेघराज खड़का मौजूद रहे। इसके अलावा नेपाल राष्ट्रीय मार्शल आर्ट खेल परिषद के अध्यक्ष खडक सिंह नागरी तथा टोंग इल मो दो संघ के उपाध्यक्ष मास्टर तेज बहादुर सिंह भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कोच के रूप में दिल आइजक चौधरी, विशाल चौधरी सहित अन्य गणमान्य नागरिकों की भी उपस्थिति रही। भारत की ओर से इंडिया चीफ के रूप में जितेंद्र कुमार टीम का नेतृत्व कर रहे थे। टीम में लखीमपुर से टीम कोच आलोक मिश्रा एवं सौरभ राज, टीम मैनेजर विवेक जायसवाल, गोरखपुर से कोच प्रमोद तिवारी तथा लखनऊ से ऑफिशियल नित्यानंद गुप्ता और वी. आयुष यादव शामिल रहे। सभी कोच एवं ऑफिशियल्स की देखरेख में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। फर्स्ट इंडो-नेपाल चैंपियनशिप में लखीमपुर, उत्तर प्रदेश से गए खिलाड़ियों ने कई पदक अपने नाम किए।

### शिक्षिकाओं व छात्राओं ने सड़क सुरक्षा अभियान के तहत किया जागरूक



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आज राजकीय बालिका इंटर कालेज तिंदवारी में मंडलीय मास्टर ट्रेनर/ समन्वयक सड़क सुरक्षा डॉ पीयूष मिश्रा के नेतृत्व में समस्त शिक्षिकाओं एवं छात्राओं ने सड़क सुरक्षा अभियान में मजबूत पहल करते हुए आम जनमानस को जागरूक किया। इस अवसर पर डा. पीयूष मिश्रा ने उपस्थित अभिभावकों, शिक्षिकाओं एवं छात्राओं को सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं यातायात नियमों के पालन करने की नसीहत दी साथ ही छात्राओं से अनुरोध किया कि स्कूल आते समय वा अवकाश के पश्चात सड़क पर समूह में साइकिल ना चलाएं जिससे दुर्घटना होने की संभावना बढ़ जाती है, साथ ही छात्राओं को विभिन्न जनपद स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताएं पोस्टर,भाषण एवं नुक्कड़ नाटक के विषय में बताया तथा परिवहन विभाग द्वारा विजेता छात्राओं के खातों में धनराशि के प्रेषण किए जाने का आश्वासन भी दिया इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज तिंदवारी निशा त्रिपाठी ने एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. पीयूष मिश्रा के द्वारा दिए गए उत्कृष्ट प्रशिक्षण पर आभार व्यक्त किया तथा सभी से अनुरोध किया कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर हम जनपद बांदा को मृत्यु दर शून्य आदर्श जनपद बना सकते हैं नोडल शिक्षिका द्वारा छात्राओं से नुक्कड़ नाटक, भाषण प्रतियोगिता एवं निबंध लेखन, पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन कराया जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी ली अंत में मंडलीय समन्वयक द्वारा सभी को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई इस अवसर पर शिक्षिका रश्मि साहू, ज्योति एवं अन्य समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### पालिकाध्यक्ष ने जरूतमंदों को वितरित किये कंबल



**अतर्रा/बांदा, समृद्धि न्यूज।** शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए लोगों को बचाने की मुहिम पालिका प्रशासन तेज किए हुए हैं पालिका अध्यक्ष संगीता निराला व अधिशासी अधिकारी विजेता गुप्ता ने साइक्लोन लोगों को कस्बे में कंबल वितरण कर राहत पहुंचाई जिसको प्रकार लोगों ने राहत की सांस ली। आम जनमानस को शीत लहर से बचाव के लिए बुधवार को लगातार दूसरे दिन कंबल वितरण कार्यक्रम कस्बे के मूसानगर सुलक थोक संजय नगर में आयोजित किया गया जहां नगर पालिका परिषद अध्यक्ष संगीता निराला ने वर्णों का भ्रमण करते हुए गरीब और सहाय तथा निराश्रित महिलाओं व पुरुषों को कबल ओढ़ा कर कड़ाके की ठंड में सहारा दिया कमल प्रकार करीब सहाय तथा निराश्रित महिलाओं पुरुषों ने राहत की सांस ली इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष ने लोगों से उनका दुख सुख जानते हुए समस्याएं सुनी वह समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने का भरोसा दिया कहा कि भाजपा सरकार सदैव समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की चिंता करती है भीषण शीत लहर में कोई भी ऐसा हाई व्यक्ति ठंड से प्रभावित न हो यह अभियान पालिका प्रशासन द्वारा चलाए जा रहा है इस अवसर पर भाजपा नीता वेद निराला मंडल अध्यक्ष ज्ञान प्रताप सिंह महामंत्री दीनदयाल द्विवेदी विधायक पत्नी राजकिशोर बाजपेई विष्णु देव तिवारी सुशीला देवी अनुराधा गुप्ता सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# पीएचसी में लापरवाही का आरोप, एंबुलेंस में ही हुआ प्रसव, अधिक रक्तस्त्राव से प्रसूता की मौत

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ईसानगर में कथित चिकित्सकीय लापरवाही के चलते एक प्रसूता की मौत हो जाने का गंभीर मामला सामने आया है। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों व स्टाफ पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ईसानगर थाना क्षेत्र के ग्राम शिवपुर निवासी रामावती (40) पत्नी रामकिशुन को मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे एंबुलेंस के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ईसानगर लाया गया था। आरोप है कि अस्पताल पहुंचने के बावजूद प्रसूता को तत्काल इलाज नहीं मिला और वह करीब एक घंटे तक एंबुलेंस में ही पड़ी रही। इसी दौरान एंबुलेंस में ही प्रसव हो गया।

परिजनों का आरोप है कि मौके पर



मौजूद डॉक्टर ए.ए. खान और एएनएम ने प्रसूता को देखने तक की जहमत नहीं उठाई। बार-बार आग्रह के बावजूद कोई चिकित्सकीय सहायता नहीं दी गई। प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा को अस्पताल के भीतर ले जाया गया, लेकिन अत्यधिक रक्तस्राव के चलते रामावती की हालत बिगड़ती चली गई और उसकी मौत हो गई।

मृतका के पति रामकिशुन का कहना है कि यदि समय रहते डॉक्टरों और स्टाफ ने इलाज किया होता तो उनकी पत्नी की जान बचाई जा सकती थी। परिजनों ने स्टाफ नर्स की लापरवाही को मौत का प्रमुख कारण बताया है।

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने आक्रोशित परिजनों को शांत कराया। विधायक ने मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) से फोन पर बात कर मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

### कांग्रेस सेवादल के शिविर का आयोजन 9 से

**बांदा, समृद्धि न्यूज।** कांग्रेस सेवादल बांदा के पूर्व जिला अध्यक्ष कैलाश नाथ बाजपेई ने बताया कि विगत वर्षों की भांति प्रयाग राज में कांग्रेस सेवादल का शिविर एक माह के लिए प्रारम्भ हो चुका है जिसमें 9,,10,,11,, जनवरी की तिथियों में विशेष शिविर में सेवादल के राष्ट्रीय व प्रांतीय अधिकारी एवं कांग्रेस के वरिष्ठ अधिकारी व नेता प्रतिभाग करेंगे।समस्त सेवादल के साथियों से अनुरोध है कि इस शिविर में ज्यादा से ज्यादा कार्य करता सम्मिलित हो। कांग्रेस सेवादल के पूर्व जिला अध्यक्ष कैलाश नाथ बाजपेई ने यह भी बताया है कि कांग्रेस सेवादल का सदस्यता अभियान राष्ट्रीय मुख्य संगठक आदरणीय लाल जी देसाई जी के आवाह्न पर प्रारम्भ हो चुका है जिसमें उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष प्रमोद कुमार पांडेय तथा लक्ष्मी नारायण दीक्षित बुंदेल खण्ड प्रभारी की देख रेख में चलाया जा रहा है। जिसमें सभी नए इच्छुक कांग्रेस जन सदस्यता ग्रहण करे जिससे उन्हें भविष्य में सेवादल का प्रशिक्षण दिलाया जा सके सभी कांग्रेस के नए व पुराने कार्य करता अपनी सदस्यता नवीनी कारण कराए। सदस्यता अभियान आन लाइन किया जा रहा है। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9839878780 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# घर में घुसे शातिर चोर को ग्रामीणों ने दबोच किया पुलिस के हवाले

**बिजुआ (खीरी), समृद्धि न्यूज।**

भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम मालपुर में मंगलवार देर रात चोरी की नीयत से एक घर में घुसे शातिर चोर को ग्रामीणों ने सतर्कता दिखाते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। घटना रात करीब दो बजे की बताई जा रही है। ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए आरोपी को बाद में पुलिस के हवाले कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मालपुर निवासी कमलेश राठौर के घर में देर रात एक अज्ञात चोर घुस आया। घर के भीतर संदिग्ध आहट होने पर परिजनों की नींद खुल गई। उन्होंने शोर मचाया तो आसपास के लोग भी जाग गए और मौके पर इकट्ठा हो गए। खुद को घिरा देख चोर मौके से फरार होने का प्रयास करने लगा, लेकिन ग्रामीणों ने उसका पीछा कर कुछ ही दूरी पर उसे पकड़ लिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपी को खंभे से बांधकर काबू में रखा और तत्काल पड़रिया तुला पुलिस चौकी



को सूचना दी। सूचना मिलते ही पड़रिया तुला पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर थाने ले गई। पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ की जा रही है तथा उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस संबंध में जानकारी के लिए भीरा थाना प्रभारी एवं पड़रिया तुला पुलिस चौकी प्रभारी दीपक तिवारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन नेटवर्क में न होने के कारण उनसे संपर्क नहीं हो सका।



### समाजसेवी ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**नरैनी/बांदा, समृद्धि न्यूज।** कड़कड़ाती ठंड से बेहाल बुजुर्ग महिलाओं और पुरुषों को समाजसेवी द्वारा कम्बल वितरित किए गए। कम्बल पाने के बाद वृद्ध महिला पुरुषों की खुशी की झलक चेहरे पर अलग ही दिखाई दे रही थी। पनगरा गांव में बीते कई वर्षों से लगातार असहाय गरीब बुजुर्ग लोगों को समाजसेवी हरिओम शुक्ला के द्वारा कम्बल वितरित किए जाते रहे।इसी क्रम में आज गांव के बड़े तालाब के पास मौजूद हनुमान मंदिर प्रांगण में एक एक व्यक्ति को कम्बल प्रदान किए गए।इस दौरान पांच सैकड़ा से अधिक असहाय गरीब बुजुर्ग लोगों को कम्बल मिले।समाजसेवी हरिओम शुक्ला ने जानकारी के क्रम में बताया कि गांव में विभिन्न मोहल्लों में वह प्रत्येक घर पहुंचकर कम्बल देने का कार्य करते चले आ रहे है।कड़ाके की ठंड को देखते हुए एक साथ पांच सौ से अधिक लोगो को इस बार फिर से कंबलों का वितरण किया गया।कम्बल हाथ में पाते ही लगातार ठंड से बेहाल बुजुर्ग के चेहरे से खुशी की झलक अलग ही दिखाई दे रही थी। वितरण कार्यक्रम में रिटायर्ड शिक्षक देवीदीन शुक्ला ,विनोद द्विवेदी रविओम शुक्ला ,मयंक तिवारी ,सत्यम मिश्रा मुखिया,जीतू तिवारी राकेश यादव विनोद मिश्रा कमलेश खंगार ,बउआ खंगार भगवान दीन यादव , रतिराम प्रजापति ,उमेस वर्मा जीतू प्रजापति ,रामेश्वर नामदेव ,शुसील मिश्रा ,सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# ओयल में हुआ विराट हिन्दू महासम्मेलन

▸ सदर विधायक योगेश वर्मा, महंत 108 अर्जुन दास व राम नरेश सिंह की रही अहम भूमिका

**ओयल खीरी, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में ओयल-बेहजम तिराहे स्थित युवराज पैलेस, उदासीन आश्रम परिसर में एकल हिन्दू समाज के उत्थान को लेकर विराट हिन्दू महासम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन का नेतृत्व उदासीन आश्रम के महंत 108 अर्जुन दास (अर्जुन सिंह) के मार्गदर्शन में हुआ, जिसमें क्षेत्र भर से बड़ी संख्या में हिन्दू समाज के लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत सुंदरकांड पाठ से किया गया। इसके



उपरांत मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। आयोजन स्थल पर धार्मिक व सांस्कृतिक वातावरण के बीच अनुशासन और व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेविका समिति, अवध प्रांत की प्रांत बौद्धिक प्रमुख डॉ. पारुल त्रिवेदी ने हिन्दू दर्शन में निहित पंचपरिवर्तन की अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी, सामाजिक समरसता तथा नागरिक कर्तव्यों के महत्व को रेखांकित करते हुए इन्हें दैनिक जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया।

मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र व्यवस्था प्रमुख जयप्रकाश ने हिन्दू समाज के समक्ष उपस्थित चुनौतियों पर चर्चा करते हुए हिन्दू एकता और संगठन पर विशेष बल दिया। उन्होंने समाज को संगठित रहकर सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा करने का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला कार्यवाह संजीव शुक्ला ने संघ के शताब्दी वर्ष के दौरान प्रस्तावित कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का कुशल संचालन जिला कार्यवाहक संयोजक अनुराग तिवारी द्वारा किया गया। सम्मेलन में सदर विधायक योगेश वर्मा, कार्यक्रम संचालक अर्जुन सिंह, राम नरेश सिंह, पिंकू बड़हरिया, मंडल अध्यक्ष शर्मा प्रजापति, जितेंद्र मिश्रा, ओयल देहात प्रतिनिधि राकेश सिंह सोमवंशी सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन में भारी संख्या में हिन्दू जनमानस की सहभागिता के साथ पर्याप्त पुलिस बल भी तैनात रहा। हिन्दू महासम्मेलन के समापन के पश्चात उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं व आगंतुकों के लिए भंडारे (तहरी भोज) की व्यवस्था की गई।

# कालिंजर में बस स्टैंड के निर्माण की प्रकिया की शुरू

▸ विधायक ओम मणि वर्मा का प्रयास लाया रंग

**नरैनी/बांदा, समृद्धि न्यूज।**

विधायक ओम मणि वर्मा का प्रयास रंग लाया। कालिंजर में बस स्टैंड के निर्माण की प्रकिया की शुरू हो गई।मौके पर पहुंची विधायक ने विधि विधान से कालिंजर दुर्ग के नीचे अधिग्रहीत की गई भूमि का पूजन विधि विधान से कर निर्माण कार्य को गति प्रदान की।इस दौरान रोडवेज के कर्मियों सहित स्थानीय राजस्व विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी रही।

बता दे कि कालिंजर दुर्ग के नीचे 945.55 लाख रूपए की निर्धारित कीमत से तैयार हो रहे रोड वेज बस स्टैंड के निर्माण कार्य की शुरुआत से पहले क्षेत्रीय विधायक ओम मणि वर्मा के द्वारा भूमि पूजन विधि विधान से



संपन्न हुआ। स्थाई बस स्टैंड का निर्माण कार्य के लिए कुल 1.26 हेक्टेयर रकबे की जमीन अधिग्रहीत की गई थी।

बस स्टैंड बनने से यूपी और एमपी के लोगो को आवागमन की सुविधा के साथ ही पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।निर्माण कार्य के लिए नामित सी एंड डी एस यूनिट बांदा के द्वारा करवाया जाएगा।

इस मौके पर मौजूद क्षेत्रीय विधायक ओम मणि वर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि योगी सरकार कालिंजर दुर्ग सहित विधान सभा क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयासरत है।कालिंजर में स्थाई बस स्टैंड बन जाने के बाद यहां के लोगों के आर्थिक विकास और आवागमन की सुलभ व्यवस्था को बल मिलेगा।

इस मौके पर रोडवेज के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मुकेश बाबू गुप्ता, कार्यदाई संस्था स्थानिक अभियंता अमन वर्मा, उपजिलाधिकारी अमित शुक्ला, नायब तहसीलदार यशपाल यादव, ब्लाक प्रमुख मनफूल पटेल, विधायक प्रतिनिधि राकेश दीक्षित, ग्राम प्रधान दयाराम सोनकर, भाजपा पूर्व जिला महामंत्री राकेश मिश्रा, भाजपा मंडल अध्यक्ष आदित्य चतुर्वेदी, भाजपा मंडल महामंत्री कुलदीप त्रिपाठी, राघवेंद्र त्रिपाठी, डॉ बुद्धिविलास, वीरेंद्र त्रिवेदी,कोमल कुशवाहा, पंकज सुल्झेरे, शरद तिवारी, नितेश भदौरिया सहित क्षेत्रीय लोगों मौजूद रहे।

# संवेदना-सम्मान का संगम, संजीवनी रत्न सम्मान का आयोजन



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** सम्मान व्यक्ति का नहीं, उसके श्रेष्ठ कार्यों का होता हैकृइसी भावना के साथ उन गुमनाम प्रतिभाओं को सम्मानित करने का यह प्रयास किया गया, जो समाज की भलाई के लिए निःस्वार्थ भाव से कार्य करते हैं, प्रचार से दूर रहते हैं और कर्म में ही रमे रहते हैं। ऐसे कोहिनूरों को तराशकर समाज के सामने लाने कार्य संजीवनी भारत ट्रस्ट कर रहा है समाजसेवी पत्रकार स्व. सतीदीन की पुण्य स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री शिवशंकर पटेल, जल योद्धा पद्मश्री उमाशंकर पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, समाजसेवी जयराम सिंह बछेउरा. बुंदेलखंड यूथ फेडरेशन के अध्यक्ष प्रवीण सिंह, सपा नेत्री सुश्री नीलम गुप्ता डॉ सबीहा रहमानी ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित गुप्ता सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों ने मंच की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के दौरान राजकीय महिला कॉलेज जीजीआईसी आदि की 120 छात्राओं को स्वेटर वितरित किए गए। साथ ही कवि सम्मेलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।बुंदेलखंड की प्रसिद्ध दीवारी नृत्य प्रस्तुति लल्लू आरख के नेतृत्व में नन्ही बेटियों द्वारा की गई, जो अत्यंत आकर्षक रही। नृत्य कला ग्रह की प्रस्तुति वह अभिषेक मिश्रा की गायकी ने कार्यक्रम में समा बांध दिया। सम्मानित होने वालों में आवर्तनशील खेती करने वाले किसानों मेंरू माधवपुर के किसान पर्वत सिंह, मनीपुर के किसान आलोक सिंह, तथा कुलकुम्हारी की महिला किसान आशा रैकवार सहित प्रेरणास्रोत पंकज बागवान कला क्षेत्र मेंरू श्री विजय बहादुर श्रीवास्तवकृपैगंबरपुर की नौटंकी कला जैसी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और उसे संदेशात्मक बनाने के प्रयासों हेतु। नृत्य कला में श्रद्धा निगम के घराने की छवी गुप्ता सनोवर अनुपमा त्रिपाठी जल संरक्षण एवं वन ग्राम निर्माण में धर्मेंद्र प्रधान और सुरेश जी की स्वास्थ्य क्षेत्र मेंरू महिला चिकित्सक डॉ अनीता अग्रहरि सहित सुरभि गुप्ता,प्रिया तिवारी,रजनी गुप्ता जी देहदान के क्षेत्र मेंरू श्री सुरेंद्र सिंह एवं शैलेंद्र सिंह बुंदेला। स्व संजय निगम अकेला द्वारा नेत्र दान हेतु उनकी धर्म पत्नी साधना निगम जी को स्वावलंबन कार्य में श्रीमती शोभा श्रीमती उमा पटेल डायल 112 पुलिस टीमरू मोहम्मद अकरम आदित्य सिंह प्रियंका निगम एवं दीवारी नृत्य में बालिकाओं की दीवारी हेतु बड़ोखर खुर्द के लल्लू खंगार को सम्मानित किया गया.शिक्षा के क्षेत्र मे प्रवीन निगम व यश शिवहरे रोटी बैंक की ओर से सुनील सक्सेना जी एवं जागरूकता के लिए तरन्नुम फातिमा इसके साथ भी अन्य क्षेत्रों के कर्मठ सेवा भावी का सम्मान हुआ. सभी मंच पर विराजमान लोगों ने संबोधन किया. सचिव अरुण निगम ने आभार व्यक्त करते हुए पर्यावरण बचाने और समाज को नशा मुक्त करने की बात कही कार्यक्रम संचालन दीन दयाल सोनी द्वारा किया गया. कार्यक्रम में श्याम जी निगम सचिन चतुर्वेदी नीरज निगम नवीन निगम श्रद्धा निगम दो रागिनी शिवहरे कोमल जी आरसी योग अमितेंद्र श्रीवास्तव विजय निगम

# केन आरती में रायफल क्लब मैदान को बचाने के लिए श्रद्धालुओं ने उठाई आवाज

**बांद, समृद्धि न्यूज।**

केन नदी घाट पर मंगलवार को शाम को भव्य केन जल महाआरती कार्यक्रम का आयोजन विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा प्रकोष्ठ एवं गंगा समग्र कानपुर प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस दौरान सभी श्रद्धालुओं ने विधि विधान के साथ केन जल महाआरती संपन्न की तत्पश्चात सभी को प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम के पश्चात आपस में विचार विमर्श किया गया जिसमें बांदा के रायफल क्लब मैदान की नीलामी को लेकर सभी ने नाराजगी जाहिर की। इस दौरान सभी



ने मांग की है कि रायफल क्लब मैदान को नीलाम नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि यह एक बहुत पुराना मैदान है जहां पर बड़े बड़े खिलाड़ियों ने अपना प्रदर्शन किया है साथ ही आज यह नए नए खिलाड़ियों को खेलने के लिए बना हुआ है अगर इस मैदान को भी नीलाम कर दिया जाएगा तो बच्चों से उनका खेल का मैदान का साथ छूट जाएगा जोकि बच्चों एवं अन्य खिलाड़ियों के लिए सही नहीं होगा। इसमें लोग टहलने भी जाते है साथ ही यहां पर बच्चों के मैच एवं अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते है किन्तु इसकी नीलामी हो जाने से बांदा नगर के बच्चों एवं युवा खिलाड़ियों पर गहरा असर पड़ेगा साथ ही बांदा के अन्य मैदान जैसे जी आई सी का मैदान और पंडित जे एन डिग्री कॉलेज का मैदान भी आमजन के लिए खुला हुआ होना चाहिए जबकि यहां पर प्रदर्शनी लगी होने के कारण लोगों का टहलना फिरना और बच्चों का खेल खेलना आदि प्रभावित होता है अतः रायफल क्लब मैदान को आम जनमानस हेतु नीलाम नहीं किया जाना चाहिए साथ ही अन्य मैदानों को भी आम जनमानस के लिए सुचारू रूप से खुला होना चाहिए जिससे लोग घूम फिर सके और बच्चे खेल सकें। इस दौरान कार्यक्रम में जिला महामंत्री राकेश कुमार त्रिपाठी जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश कुमार धुरिया लोहा सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### नारकीय जिंदगी जी रहे मुरवल के ग्रामीण

गंदगी, कीचड़ और जलभराव से जीवन हुआ दूभर



**बांदा।** आजादी के दशकों बाद भी बबेरू तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुवरल के ग्रामीण मानो गुलामी की जिदंगी जी रहे हैं। गंदगी भरे रास्ते से निलकना यहां आम बात हो चुका है। छोटे-छोटे बच्चों सहित राहगीरों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। मुरवल गांव को सचिव व प्रधान ने यहां पर आई विकास की धनराशि का ऐसा बंदरबांट किया कि विकास मानो कोसो दूर नजर आता है। गंदगी, कीचड़ और जलभराव के रास्तों से गुजर कर स्कूल जाना मानों बच्चों का भविष्य ही बन गया है। इस कडकती ठंड में गांव की गलीयों में हुआ जल भराव जिससे ग्रामीणों कों निकल कर जाना पड़ रहा है। मुरवल की गौशाला में भी अनियमिता की भरमार है। ग्राम प्रधान एवं सचिव की साठ गांठ से ग्राम पंचायत मुरवल में भ्रष्टाचार का खुला खेल खेला जा रहा है।सरकारी योजनाएं पूरी तरह से भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ जाती है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से अपनी समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट कराया है।